दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

अमन लेखनी

रोमांच-उमंग से भरी घुमक्कड़ी जीवनशैली ....
लाइफ को ऐसे बनाएं हैप्पी-सक्सेसफुल...

वर्ष : 09 | अंक : 290 | लखनऊ, 25 सितम्बर, सोमवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

मौसम

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 27.c

बाजार

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

सेंसेक्स 66,009.15

निफटी 19,674.25

पीएम मोदी ने देश को दी सौगात

नौ वंदे भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी, 11 राज्यों में बढ़ेगी कनेक्टिविटी

एजेंसी/ अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, देश को नौ नई वंदे भारत ट्रेनों की सौगात मिल गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 सितंबर को नौ नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई है। इन वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने के बाद सभी 11 राज्यों में यात्रा में लगने वाला समय काफी कम हो जाएगा। देश के इन 11 राज्यों में रेलवे कनेक्टिविटी भी बढ़ेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुल नौ वंदे भारत ट्रेनों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हरी झंडी दिखाई है।

बता दें कि देशभर के कई रूटों पर वंदे भारत ट्रेन में सफलतापूर्वक संचालित हो रही है। इसी बीच जिन नौ ट्रेनों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रवाना किया है उनके शुरू होने के बाद से भारत में ट्रेनों का बेड़ा अधिक बड़ा होने वाला है।

जानकारी के लिए बता दें कि नौ वंदे भारत ट्रेनों को 11 राज्यों से चलाया जाएगा जिसमें राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, पश्चिम बंगाल, केरल, उड़ीसा, झारखंड और गुजरात शामिल है। ये सभी वंदे भारत ट्रेनें 11 राज्यों के धार्मिक और पर्यटन स्थलों को जोड़ेंगी। प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए इन रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखाई। नयी वंदे भारत रेलगाड़ियां उदयपुर-जयपुर, तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई, हैदराबाद-बेंगलुरु, विजयवाड़ा-चेन्नई, पटना-हावड़ा, कासरगोड-तिरुवनंतपुरम, राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी, रांची-हावड़ा और जामनगर-अहमदाबाद के बीच चलेंगी। राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस और तिरुनेलवेल्ली-मदुरै-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस से पुरी और मदुरै जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों के बीच संपर्क सुविधा बढ़ेगी।

विजयवाड़ा-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस रेनीगुंटा के रास्ते संचालित होगी और तिरुपति धार्मिक स्थल तक संपर्क उपलब्ध कराएगी। इससे पहले एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि ये ट्रेन देश भर में कनेक्टिविटी में सुधार और रेल यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक कदम हैं। बयान में कहा गया, वंदे भारत ट्रेन अपने संचालन के मार्गों पर सबसे तेज गति वाली ट्रेन होंगी और इससे यात्रियों का काफी समय बच सकेगा। इसके मुताबिक, राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी और कासरगोड-तिरुवनंतपुरम मार्ग पर वर्तमान की सबसे तेज ट्रेन की तुलना में, वंदे भारत ट्रेन से संबंधित गंतव्यों के बीच यात्रा के समय में लगभग तीन घंटे कम हो जाएंगे। इसी तरह, हैदराबाद-बेंगलुरु के मार्ग पर ढाई घंटे से अधिक जबकि तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई मार्ग पर सफर में दो घंटे से अधिक समय बचेगा।

वंदे भारत ट्रेन के जरिये रांची-हावड़ा, पटना-हावड़ा और जामनगर-अहमदाबाद के बीच यात्रा का समय इन गंतव्यों के बीच वर्तमान में उपलब्ध सबसे तेज ट्रेन की तुलना में लगभग एक घंटे कम हो जाएगा। इसी तरह, वंदे भारत से उदयपुर-जयपुर के बीच यात्रा का समय करीब आधा घंटा कम हो जाएगा।

छत्तीसगढ़: अदालत ने कोयला लेवी घोटाला मामले में दो विधायकों समेत नौ के खिलाफ नोटिस जारी किया

एजेंसी/ अमन लेखनी समाचार

रायपुर, छत्तीसगढ़ में रायपुर की एक विशेष अदालत ने कथित कोयला लेवी घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में आरोपी कांग्रेस के दो विधायकों और सात अन्य आरोपियों के खिलाफ नोटिस जारी किया है। अदालत ने कथित आरोपियों को 25 अक्टूबर को उसके सामने पेश होने को कहा है। विशेष लोक अभियोजक सौरभ कुमार पांडे ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले महीने चतुर्थ अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की अदालत में मामले में दूसरा पूरक आरोपपत्र दायर किया था, जिसमें कांग्रेस विधायक देवेंद्र सिंह यादव और चंद्रदेव प्रसाद राय और आईएएस अधिकारी रानू साहू सहित 11 लोगों को आरोपी के तौर पर नामजद किया गया था। उन्होंने बताया कि विशेष अदालत ने शनिवार को दूसरा पूरक आरोपपत्र दर्ज किया और 11 आरोपियों में से नौ को नोटिस जारी किया, क्योंकि साहू और निखिल चंद्राकर को मामले में पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। नौ आरोपियों में विधायक यादव और राय के अलावा कांग्रेस नेता आर पी सिंह और विनोद तिवारी भी शामिल हैं। पांडे ने कहा कि चूंकि इस मामले में लगाए गए धनशोधन रोधी अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 3 और 4 संज्ञेय और गैर-जमानती हैं, इसलिए सभी नौ आरोपियों को, जिन्हें अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है, अग्रिम जमानत लेने की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि यदि वे सुनवाई के दौरान पेश नहीं होते हैं तो अदालत उनके खिलाफ जमानती या गैर-जमानती वारंट जारी कर सकती है। ईडी की जांच कथित घोटाले से संबंधित है, जिसमें वरिष्ठ नौकरशाहों, व्यापारियों, राजनेताओं और बिचौलियों के एक कार्टेल द्वारा छत्तीसगढ़ में परिवहन किए गए प्रत्येक टन कोयले के लिए 25 रुपये प्रति टन की अवैध लेवी वसूली जा रही थी।

संक्षिप्त समाचार

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जनता से कटे हुए दरबारी कवि हैं : ब्रत्य बसु

कोलकाता, पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने रविवार को राज्य के राज्यपाल सी.वी.आनंद बोस को जनता से कटा हुआ दरबारी कवि करार दिया। शिक्षा मंत्री, बोस की शुक्रवार की उस टिप्पणी का संदर्भ दे रहे थे, जिसमें उन्होंने (राज्यपाल ने) अपने संवैधानिक सहयोगी (मुख्यमंत्री) को नौ सितंबर को लिखे पत्र के बारे में कहा था कि यह उनके बीच गोपनीय रहना चाहिए। राज्यपाल ने कहा, यदि कोई भी पक्ष पत्रों के बारे में बात करना चाहता है, तो वे उचित समय पर ऐसा करें। जो रहस्य था वह अब अतीत है। राज्यपाल की टिप्पणी पर बोस ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के शिक्षक प्रकोष्ठ से कहा, राजभवन में एक कवि है। लेकिन कवि का जनता से कुछ जुड़ाव होना चाहिए। उन्होंने कहा, यहां हमारे एक दरबारी कवि है। हमें इस बात पर विचार करने की जरूरत है कि क्या हमें ऐसे पद के साथ चिपके रहना चाहिए जो सफेद हाथी की तरह है। कोई उस पद को जीवित रखने की कोशिश कर रहा है जिसकी वर्तमान समय में कोई प्रासंगिकता नहीं है। अभिनय और रंगमंच से जुड़े रहे ब्रत्य बसु संभवतः बोस का संदर्भ दे रहे थे, जो राज्य संचालित विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति हैं। राज्यपालों द्वारा विश्वविद्यालयों के अंतरिम कुलपति की नियुक्ति के मुद्दे पर बसु ने कहा, कुछ कुलपति राज्यपाल के साथ नजदीकी बढ़ा रहे हैं, जबकि पूर्व में उनमें से कइयों के लिए हमने लड़ाई लड़ी है। उन्होंने कहा, हम उन्हें धमकाएंगे नहीं, हम उन्हें कुछ नहीं कहेंगे, लेकिन उन्हें याद रखना चाहिए कि वे राज्य में ही रहेंगे। उन्हें याद रखना चाहिए कि इस कवि (राज्यपाल) का कार्यकाल, हो सकता है कि लंबा न हो। बसु ने आरोप लगाया कि केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) देश के हर संस्थान और पद पर नियंत्रण स्थापित कर रही है।

अमर अकबर एंथनी के पटकथा लेखक प्रयागराज का 88 साल की उम्र में निधन

नई दिल्ली, अमर अकबर एंथनी, नसीब और कुली जैसी फिल्मों के पटकथा लेखक प्रयागराज का उम्र संबंधी समस्याओं के कारण निधन हो गया है। वह 88 साल के थे। उनके बेटे आदित्य के मुताबिक, लेखक का शनिवार शाम उनके बांद्रा स्थित आवास पर निधन हो गया। आदित्य ने पीटीआई-भाषा से कहा, उनका बांद्रा स्थित उनके आवास पर शनिवार शाम चार बजे निधन हो गया। उन्हें पिछले आठ-दस साल से कई बीमारियां थीं। प्रयागराज ने महानायक अमिताभ बच्चन अभिनीत नसीब, सुहाग, कुली और मर्द की पटकथा लिखी थी। उन्होंने लेखक के तौर पर 100 से अधिक फिल्मों की कहानी लिखी, कुछ फिल्मों के लिए गाने भी लिखे। उन्होंने राजेश खन्ना की रोटी, धर्मेन्द्र-जीतेन्द्र की धरमवीर और अमर अकबर एंथनी की पटकथा में योगदान देने के अलावा, अमिताभ बच्चन, रजनीकांत और कमल हासन अभिनीत फिल्म गिरफ्तार की भी पटकथा लिखी थी।

मणिपुर में कई ट्रकों को असम राइफल्स के वाहनों की तरह रंगा गया: पुलिस

एजेंसी/ अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, असम राइफल्स ने मणिपुर पुलिस को पत्र लिखकर कहा है कि काकचिंग जिले में कई ट्रकों पर अर्धसैनिक बल के वाहनों के रंग की तरह पेंट किया गया है और उन पर उसका प्रतीक चिह्न भी लगाया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अर्धसैनिक बल ने चुराचांदपुर के पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में दावा किया कि कुछ लोगों ने घाटी स्थित उग्रवादी समूहों (वीबीआईजी) की मदद से बाजार से कई ट्रक खरीदे और उन्हें असम राइफल्स के वाहनों के रंग से पेंट किया और बल का प्रतीक चिह्न लगाया, ताकि ये ट्रक अर्धसैनिक बल के वाहनों की तरह प्रतीत हों।

पत्र में कहा गया है, असैन्य वाहनों में बदलाव कर उन्हें असम राइफल्स के वाहनों की तरह बनाना स्पष्ट रूप से दशार्ता है कि वीबीआईजी की असम राइफल्स की छवि को खराब करने या राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों के लिए इनका उपयोग करने की नापाक मंशा है। बल ने चुराचांदपुर पुलिस से काकचिंग जिले के पुलिस अधीक्षक और उच्च अधिकारियों को भी इसकी सूचना देने को कहा ताकि किसी भी प्रकार की प्रतिकूल घटना को रोकने के लिए एहतियातन कार्रवाई की जा सके। मणिपुर में चार महीने से अधिक समय से जातीय हिंसा जारी है।

यंग जनरेशन के रूप में निवेशकों के लिए यूपी सबसे बड़ा बाजार: सीएम योगी

एजेंसी/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश संभावनाओं वाला प्रदेश है। ये संभावनाएं इंफ्रास्ट्रक्चर में हैं, रोड कनेक्टिविटी में हैं, मेट्रो सेक्टर में हैं, एयर कनेक्टिविटी में हैं, वाटरवेज में हैं और लॉजिस्टिक के क्षेत्र में हैं। उत्तर प्रदेश देश के अंदर इनवेस्टमेंट के बेहतरीन डेस्टिनेशन के रूप में आगे बढ़ रहा है। इसलिए आज मोटो जीपी में जितने भी इस फील्ड के निवेश करने के उत्सुक स्टेक होल्डर्स, ऑर्गनाइजर और अन्य महानुभाव आए हैं, उन सबको आमंत्रित करता हूं कि वे सभी उत्तर प्रदेश की संभावनाओं का लाभ लें। उत्तर प्रदेश न सिर्फ मोटो जीपी जैसे इवेंट के लिए एक बड़ा मार्केट है,

बल्कि यहां पर भारत की सबसे यंग जेनरेशन भी है जो आपके लिए एक अवसर होगा अपने निवेश को आगे बढ़ाने का। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित हो रहे मोटो जीपी भारत में हिस्सा लेने आए विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बिजनेस कॉन्क्लेव के अवसर पर कहीं। उन्होंने विश्वास जताया कि निवेशकों द्वारा किए जाने वाले किसी भी निवेश के लिए उत्तर प्रदेश सरकार हर प्रकार की सुरक्षा और सुविधा प्रदान करेगी।

स्पोर्ट्स सेक्टर पर केंद्र और राज्य दोनों सरकारों का विशेष फोकस

सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश में संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में मोटो जीपी का आयोजन हम सबके लिए उत्साहवर्द्धक है। उत्तर प्रदेश भारत का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है। यह भारत की सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में एक है और कुल आबादी का 56 फीसदी वर्किंग एज ग्रुप होने के कारण भारत का सबसे युवा राज्य भी है। इसलिए स्पोर्ट्स सेक्टर को न केवल विकसित करने की संभावनाएं उत्तर प्रदेश में हैं बल्कि हमारी सरकार और केंद्र सरकार इस सेक्टर पर विशेष फोकस करते हुए इस प्रकार के इवेंट को आयोजित करने के हर संभव प्रयास कर रही है। इस बात पर प्रसन्नता है कि अब तक मोटो जीपी 2023 के लिए लगभग एक लाख से अधिक टिकटों की बिक्री हो चुकी है। मोटो जीपी रेस का आयोजन वैश्विक ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए आकर्षण का एक केंद्र है। इस आयोजन से प्रदेश में और भारत में ऑटोमोबाइल सेक्टर में निवेश के लिए आकर्षण में वृद्धि की जो संभावनाएं हैं उन्हें आगे बढ़ाने के लिए हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करेगी। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट को प्रदेश सरकार ने 2011 में विकसित किया था। इस आयोजन के साथ प्रदेश के अंदर जो अनेक संभावनाएं हैं, उन्हें एक लघु फिल्म के माध्यम से आपके सामने प्रस्तुत किया गया।

शहीदों की मिट्टी लेकर निकलेगी अमृत कलश यात्रा

राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास अमृत वाटिका का निर्माण

एजेंसी/ अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, देश के वीर सपूतों द्वारा अपने प्राणों की आहुति देने वाले जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए खास कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। ह्लमेरी माटी मेरा देशह्व अभियान के तहत शहीदों के आंगन की मिट्टी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर पहुंचेगी। यहां अमृत वाटिका में इस मिट्टी का प्रयोग किया जायेगा।

इसी कड़ी में देश भर में नौ अगस्त से देशव्यापी कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश शुरू किया है। वीर सपूतों को श्रद्धांजलि देने के लिए 9 अगस्त 2023 से देश के अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान के तहत राष्ट्र के रक्षक वीरों को सम्मानित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों, स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों, ऑन ड्यूटी जिनकी मौत हुई या आतंकी मुठभेड़ में शहीद हुए जवानों के आंगन से मिट्टी एकत्र की जाएगी। इन शहीदों में देश के पहले सीडीएस स्वर्गीय जनरल बिपिन रावत के आंगन से भी मिट्टी ली जाएगी। केंद्र सरकार की पहल पर गांव, पंचायत, प्रखंड, शहरी स्थानीय निकाय, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है।

देश भर में जारी अमृत कलश यात्रा की खासियत है कि देश के सभी क्षेत्रों

से पचहत्तर हजार कलशों में मिट्टी को भरकर दिल्ली लाया जाएगा। देशभर से आई इसी मिट्टी से दिल्ली में अमृत वाटिका तैयार होगी। ये अमृत वाटिका देश के लिए अमूल्य धरोहर होगी, जिसका निर्माण नेशनल वॉर मेमोरियल के पास होना है। ये अमृत वाटिका एक भारत-श्रेष्ठ भारत का भी बहुत ही भव्य प्रतीक बनेगी। बता दें कि दिल्ली से अमृत कलश यात्रा का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने किया था। इस यात्रा की शुरूआत के मौके पर उन्होंने कहा था कि यह सिर्फ एक आम कार्यक्रम नहीं बल्कि आपके भविष्य के साथ जोड़ने का एक अहम जरिया है। इस दौरान अमित शाह ने मिट्टी नाम का एक खास गाना भी जारी किया था।

वहीं देश भर से कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे लोगों को अमृत कलश भी प्रदान किए थे। इस यात्रा का शुभारंभ करने के दौरान अमित शाह ने कहा कि अट्ठारह सौ सत्तावन से लेकर उन्नीस सौ सैंतालीस तक यानी कुल 90 वर्षों तक स्वतंत्रता संग्राम जारी रहा था। इस दौरान सैकड़ों लोगों को अपना जीवन न्योछावर करना पड़ा था और अपना सर्वस्व बलिदान देना पड़ा था।

देश में 80 प्रतिशत साइबर अपराध 10 जिलों से होते, भरतपुर बना नया जामताड़ा : अध्ययन

एजेंसी/ अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, देश में साइबर अपराध के केंद्र के रूप में कुख्यात झारखंड के जामताड़ा एवं हरियाणा के नूंह का स्थान अब राजस्थान के भरतपुर और उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले ने ले लिया है। यह दावा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर में शुरू स्टार्टअप ने अपने अध्ययन में किया है। अध्ययन के मुताबिक शीर्ष 10 जिले से देश में 80 प्रतिशत साइबर अपराध होते हैं। आईआईटी-कानपुर में स्थापित एक गैर-लाभकारी स्टार्टअप, फ्यूचर क्राइम रिसर्च फाउंडेशन (एफसीआरएफ) ने अपने नवीनतम अध्ययन पत्र ए डीप डाइव इनटू साइबर क्राइम ट्रेंड्स इम्पैक्टिंग इंडिया में इन निष्कर्षों का उल्लेख किया है। एफसीआरएफ ने दावा किया कि भरतपुर (18 प्रतिशत), मथुरा (12 प्रतिशत), नूंह (11 प्रतिशत), देवघर (10 प्रतिशत), जामताड़ा (9.6 प्रतिशत), गुरुग्राम (8.1 प्रतिशत), अलवर (5.1 प्रतिशत), बोकारो (2.4 प्रतिशत), कर्मा टांड (2.4 प्रतिशत) और गिरिडीह (2.3 प्रतिशत) भारत में साइबर अपराध के मामलों में शीर्ष पर हैं जहां से सामूहिक रूप से 80 प्रतिशत साइबर अपराधों को अंजाम दिया जाता है।

नेत्रहीनों के लिए कल्याणकारी गतिविधियां न केवल सरकार बल्कि समाज और सामाजिक संगठनों की भी जिम्मेदारी है: मगनभाई पटेल

एजेंसी/ अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, श्री अंध सर्वोदय मंडल-राजकोट के ७३वें स्थापना दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय अंधजन मंडल-जूनागढ़ने हर साल की तरह हाल ही में दृष्टिबाधित लोगों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। यह कार्यक्रम जूनागढ़ में मुख्यदाता श्री मगनभाई पटेल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री मगनभाई पटेलने संस्था को ५१००० एव संस्था के दो सफाईकर्मियों को ११००० रुपये का दान देकर इस संस्था को आर्थिक सहयोग प्रदान किया साथ ही उन्होंने दृष्टिबाधित लोगों के लिए हर साल आयोजित होनेवाले इस प्रकार के कार्यक्रम के लिए प्रतिवर्ष ५१००० रुपये दान देने की भी घोषणा की और अतिरिक्त वित्तीय सहायता अपने मित्र ग्रुप से भी मिल सके ऐसा प्रयत्न करूँगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोकगीत, देशभक्ति गीत, कविताएं, लेखन और कविता पठन जैसी प्रतियोगिताएं शामिल थीं। इस प्रतियोगिता में गुजरात के दिव्यांग भाई-बहनों की करीब १८ संस्था के १६१ दृष्टिबाधित भाई-बहनों ने भाग लिया था। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री मगनभाई पटेलने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि दृष्टिहीन कल्याण गतिविधि की पूरी जिम्मेदारी न केवल सरकार की है बल्कि समाज के साथ-साथ सामाजिक संगठनों की भी है। अगर हम सब इस क्षेत्र के लोगों के प्रति सेवा भाव दिखाएं और उन्हें रोजगारोन्मुखी और आत्मनिर्भर बनाएं तो निश्चित ही यह सही मायने में ईश्वर की भक्ति मानी जाएगी। इस क्षेत्र के लोग चाहे वे दृष्टिबाधित या शारीरिक रूप से विकलांग क्यों न हों वे अपार शक्तियां रखते हैं। ये लोग भी वो काम कर सकते हैं जो एक सामान्य व्यक्ति कर सकता है। हमारे देश में खेल प्रतियोगिता हो या कोई प्रतियोगी परीक्षा सभी दिव्यांग लोगोंने अपना हुनर दिखाकर देश का नाम रोशन किया है और उन्हें सरकार की ओर से सम्मानित और प्रोत्साहित भी किया गया है। दृष्टिबाधित बहन-बेटियां द्वारा बनाई गई विभिन्न वस्तुएं जैसे दीये, राखियां, विभिन्न खिलौने, मिठाइयां इत्यादि को बाजार में बेचकर जो आय प्राप्त होगी, उससे इन बहनों को आर्थिक मदद मिलेगी और निश्चित रूप से वे आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनकर अपने परिवार का जीविकोपार्जन करने में सक्षम होंगी। श्री मगनभाई पटेलने प्रज्ञाचक्षु एक उदाहरण देते हुए कहा कि देश में करोड़ों रुपये का कारोबार करनेवाली वाघबकरी चाय कंपनी के मालिक श्री पीयूषभाई देसाई के निजी सचिव जो प्रज्ञाचक्षु होते हुए अपनी जिम्मेदारी एक आम इंसान की तरह ईमानदारी से बखूबी निभा रहे हैं। यदि हम मंदिर में पत्थर की मूर्ति में भगवान के दर्शन कर रहे हैं तो हमें समाज में ऐसे जीवित दिव्यांग व्यक्तियों में भी भगवान के दर्शन करने चाहिए और उनकी जरूरतों को पूरा करना और उनकी मदद करना हम सभी का सामाजिक दायित्व है।

संजय राउत ने बिधूड़ी के बयान की निंदा की, नए संसद परिसर को अस्त व्यस्त बताया

एजेंसी/ अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता एवं सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा संसद में की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों के लिए भाजपा की रविवार को निंदा की। राउत ने नए संसद परिसर के बारे में कांग्रेस नेता जयराम रमेश के विचारों से सहमति जताई और कहा कि वह अब भी पुरानी इमारत से ही जुड़ाव महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि नए संसद भवन को बनाने में काफी धन खर्च किया गया, लेकिन यह बिना सुविधाओं की अस्त व्यस्त इमारत है। बिधूड़ी द्वारा लोकसभा में बहुजन समाज पार्टी के नेता दानिश अली के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किए जाने पर देशभर में बड़ा विवाद पैदा हो गया है। राउत ने



संवाददाताओं से कहा, एक लोकसभा सदस्य दूसरे सांसद को आतंकवादी और अतिवादी कहता है।

वह उससे भी आगे जाकर सांसद के धर्म और जाति पर टिप्पणी करता है। यदि विपक्ष के किसी सांसद ने इस प्रकार की अभद्र का इस्तेमाल किया होता, तो भी मेरा यही रुख होता। उन्होंने कहा, यह गलत है और इस प्रकार के व्यक्ति को संसद में नहीं होना चाहिए। नयी संसद की पवित्रता और गरिमा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। राउत ने इस घटना के बाद बिधूड़ी और अली के क्रमशः भाजपा और विपक्ष के पोस्टर ब्वॉय बनने की बात को खारिज कर दिया। राज्यसभा सदस्य राउत ने कहा, संसद के नियम सबके लिए समान होने चाहिए। आप (आम आदमी पार्टी के सांसद) राघव चड्ढा और संजय सिंह के साथ-साथ रजनी पटेल और कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी को निलंबित कर देते हैं, लेकिन बिधूड़ी को महज एक नोटिस भेजते हैं।

राउत ने नयी संसद के बारे में कहा, मैं नए संसद भवन के मोदी मल्टीप्लेक्स होने संबंधी कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य जयराम रमेश की राय से सहमत हूं। नए संसद भवन में पिछले तीन-चार दिन बिताने के बाद मुझे भी ऐसा ही लगा, जैसा रमेश ने इसके बारे में बताया है। उन्होंने कहा, मुझे ऐसा महसूस नहीं हुआ कि यह संसद भवन है। मैं पिछले 20 वर्ष से संसद भवन जा रहा हूं। मैं जब भी पुराने भवन से गुजरता था तो मुझे ऐसा लगता था कि देश का इतिहास मेरे साथ है। मुझे नए भवन में यह अनुभव नहीं होता। उन्होंने कहा कि नए परिसर का कोई इतिहास या वर्तमान नहीं है और ऐसा लगता है कि इसे केवल इसलिए बनाया गया क्योंकि एक राजा ऐसा करना चाहता था।

राउत ने कहा, नयी इमारत भव्य दिखती है और कोई भी बता सकता है कि इसके निर्माण में बहुत सा पैसा खर्च किया गया है, लेकिन यह अंदर से अस्त-व्यस्त है। इसमें सांसदों के लिए कोई सुविधाएं नहीं हैं, कोई गलियारा नहीं है, कोई अच्छा पुस्तकालय नहीं है, कोई सेंट्रल हॉल नहीं है। फिर उन्होंने इसे क्यों बनाया। हम अब भी पुरानी इमारत से ही जुड़ाव महसूस करते हैं।

प्रथम आगमन पर जगह-जगह हुआ भाजपा जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी नवनिर्वाचित लखनऊ जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह का मलिहाबाद विधानसभा में प्रथम आगमन पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का जगह-जगह फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत हुआ।

जंहा कार्यकताओं ने उन्हें बुके भेंट किए व फूल मालाओं से लाद दिया। रविवार को मलिहाबाद क्षेत्र में प्रथम आगमन पर जिलाध्यक्ष का भाजपा कार्यकताओं ने जगह-जगह स्वागत किया। मलिहाबाद महमूदनगर राजवाड़ा लॉन में प्रधान संघ अध्यक्ष प्र.अखिलेश सिंह अंजू, पूर्व ब्लाक प्रमुख अनिल सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, संजय पाठक, शैलेंद्र सिंह द्वारा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह का फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने उन्हें अच्छे सफल जिलाध्यक्ष के लिए बधाई देते हुए कहा कि वह लगनशील व भाजपा कार्यकर्ता आधारित दल है। उन्होंने कहा कार्यकताओं का मान सम्मान व हितों की चिता उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इसके बाद मलिहाबाद नगर पंचायत में नरेंद्र उर्फ काटू द्वारा भाजपा कार्यालय पर कार्यकताओं ने स्वागत किया। इसी क्रम में माल में भाजपा जिलाध्यक्ष राजा माल कुंवर भूपेंद्र प्रताप सिंह के आवास पर पहुंचकर उनका हाल-चाल जान शीघ्र ही स्वस्थ होने की कामना की। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने कहा कि जिलाध्यक्ष के रूप में मेरी प्रथम वरीयता संगठन के अभियानों व कार्यक्रमों को धरातल तक उतारना और हर एक एक कार्यकताओं के सम्मान के लिए तटस्थ रहना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिये गए नारे सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास पर कार्य करते हुए। संगठन का विस्तार व संगठन को सशक्त और मजबूत बनाने के लिए भाजपा के हर एक कार्यकर्ता को केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं को लाभ जन-जन तक पहुंचाना है। इस मौके पर अनुसूचित मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विकास किशोर आशु, पूर्व ब्लाक प्रमुख काकोरी कुंवर रामविलास, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मीनू वर्मा, मलिहाबाद मंडल अध्यक्ष जितेंद्र अवस्थी, विमल यादव, लल्ला यादव, मिंटू मौर्य सहित दर्जनों भाजपा नेता व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

किसान न करें चूक! ई केवाईसी के बाद ही मिलेगी सम्मान निधिः मानवेंद्र सिंह

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभ से वंचित पात्र किसानों को योजना का लाभ पहुंचने के लिए जगह-जगह ई केवाईसी का अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें कृषि विभाग द्वारा प्रत्येक गांव- गांव में यह अभियान चलाकर पात्र लाभार्थी किसानों को जो सिर्फ ई केवाईसी के कारण प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभ से वंचित थे उनकी ई केवाईसी करने का काम बहुत तेजी से हो रहा है। विकासखंड मलिहाबाद में इस काम के लिए सहायक विकास अधिकारी मानवेंद्र सिंह के द्वारा यह बताया गया कि सभी कृषि विभाग के कर्मचारी प्रत्येक ग्राम मे ई केवाईसी करने प्रयास कर रहे हैं। साथ ही अपने ब्लॉक का लक्ष्य बहुत ही जल्दी पूर्ण कर लिया जाएगा जिससे कि हमारे सभी कृषक भाइयों को पीएम किसान सम्मन निधि का लाभ मिल सके। जिसके लिए मलिहाबाद कृषि विभाग की टीम सरकार की मंशा के अनुरूप जो किसान विकासखंड से लंबी दूरी पर रहते हैं उन किसानों को विकासखंड तक आने में असमर्थ है, सरल शब्दों में कहें विकासखंड के बॉर्डर के किसान या हरदोई, उन्नाव, बॉर्डर पर रविवार अवकाश दिन होने के बावजूद खंड तकनीकी प्रबंधक माधवेन्द्र सिंह चौहान द्वारा ग्राम सहिजना व तरौना मे ई केवाईसी का कार्य किया गया। किसानों को कृषि विभाग की अपनी समस्त योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए हर तरीके से प्रयास किया जा रहा है इसी क्रम में कृषि विभाग के कर्मचारियों द्वारा कृषको की ई केवाईसी के साथ-साथ कृषि विभाग के समस्त योजनाओं, समसामयिक महत्वपूर्ण जानकारियां, सरकार द्वारा अनुदानित बीज, फसल बीमा, प्राकृतिक खेती, श्री अन्न, यंत्रीकरण, एवं आने वाले समय में पराली प्रबंधन, संचारी रोग नियंत्रण जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती ...

नेत्रहीन होकर भी प्रतीक सैनी बने बैंक अधिकारी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती. 28 वर्षीय प्रतीक सैनी ने इस कहावत को वास्तविकता में चरितार्थ कर दिखाया है .प्रतीक वर्तमान में सहायक प्रबंधक के रूप में इंडियन बैंक की चौक शाखा में कार्यरत है और पूर्ण रूप से नेत्रहीन है। आंखों में भले ही रोशनी नहीं है लेकिन प्रतीक की प्रबल इच्छा शक्ति ,मनोबल और बेहतरीन कार्य प्रणाली की बैंक के ग्राहक ,कर्मचारी व अधिकारी भी मुरीद है.15 वर्ष की आयु में प्रतीक को दिमागी बुखार हुआ जिसकी वजह से उनके मस्तिष्क में ऑप्टिक नर्वस का रक्त परिसंचरण रुक गया और आंखों की रोशनी चली गई। और जीवन अंधकार पूर्णहो गया. प्रतीक बताते हैं वह नियमित रूप से चौक स्थित बड़ी काली जी के मंदिर अपनी माता जी के साथ जाते थे. वहीं नेशनल ब्लाइंड एसोसिएशन के किसी सदस्य से उनका मिलना हुआ .संस्था के संपर्क में आने के बाद और संस्था के प्रयासों से प्रतीक कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए मुंबई गए।और सीखने की ललक के चलते न केवल प्रशिक्षण पूरी सफलता से प्राप्त किया बल्कि अपनी पढ़ाई भी जारी रखी .2011 में प्रतीक के पिता का कैंसर बीमारी से निधन हो गया .2013 में प्रतीक को अपने पिता की जगह पर डीएम कार्यालय में सहायक स्वागत अधिकारी की नौकरी मिल गई इसके बाद उन्होंने अपनी बड़ी बहन की शादी भी कराई।दिक्कतों से जूझते हुए प्रतीक ने अधिकारी बनने की ठानी और आईबीपीएस की परीक्षा तीसरे प्रयास में पास की इसके बाद उनके बैंकिंग करियर की शुरूआत हुई और 8 जून 2022 को उनकी नियुक्ति इंडियन बैंक में हुई .प्रतीक बताते हैं कि बैंक प्रोबेशनरी अधिकारियों के प्रशिक्षण के दौरान 74 लोगों में वह एकमात्र नेत्रहीन थे। तब अन्य प्रशिक्षु भी उनसे बहुत प्रभावित हुए .प्रतीक का सपना है कि वह एक आईएएस अधिकारी बने इसके लिए वह बैंक में कार्य करते हुए भी तैयारी में लगे हैं इतना ही नहीं वह राष्ट्रीय स्तर पर नेत्रहीन फुटबॉल टीम में भी खेल चुके हैं साथ ही साथ अभिनय के क्षेत्र में भी कई नाटकों में कार्य कर चुके हैं। इंडियन बैंक चौक शाखा प्रबंधक साधना दुबे बताती है कि उनकी तरफ से प्रतीक सैनी को पूरा सहयोग किया जाता है .प्रतीक भले ही पूर्ण रूप से नेत्रहीन है लेकिन मोटिवेशन की कमी नहीं है उन्होंने बताया कि प्रतीक अपने दायित्वों का अच्छी तरह से निर्वहन करते हैं।

टीबी मरीजों की तादात 40 फीसदी हुई कमी

लखनऊ ब्यूरो । उत्तर प्रदेश में इस वक्त कुल 4 लाख 16 हजार टीबी मरीजों का इलाज चल रहा है। योगी सरकार यूपी को 2025 तक टीबी मुक्त बनाना चाहती है। इसके लिए कुपोषित टीबी मरीजों को दवाईयों के साथ ही पोषाहार भी उपलब्ध करवा रही है।

समाजसेवी ने गरीब बच्चो के साथ केक काटकर मनाया जन्मदिन

सिसेंडी के उत्तरगांव में स्थित म फार सेवा संस्थान के गरीब बच्चो के साथ युवा समाजसेवी अविचल शुक्ला ने मनाया अपना जन्मदिन, बच्चो के साथ केक काटकर खिलाया खाना

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।जन्मदिन मनाने का शौक किसे नहीं होता, कोई अपना जन्मदिन विदेश में मनाता है, कोई फाइव स्टॉर होटल में में तो कोई घर में रिश्तेदारों और दोस्तों को बुलाकर। बहुत कम लोग होते है जो अपना जन्मदिन दीन दुनिया से दूर ऐसे लोगों के साथ मनाते है जो गरीब होते है ओर थोड़ी सी खुशी के लिए भी तरसते है ।युवा व्यवसायी व समाजसेवी अविचल शुक्ला ने अपना जन्मदिन गरीब बच्चों को समर्पित करते हुये रविवार को सिसेंडी के उत्तरगांव में स्थित अखिल भारतीय सेवा संस्थान में पहुंचकर वहा रहने वाले गरीब बच्चों के साथ मिलकर केक काटा और अपने हाथ से इन बच्चों को खाना परोसकर खिलाने के साथ चॉकलेट व टॉफियां दी ।आश्रम में रहने वाले बच्चो को अच्छा खाना व प्यार मिला तो उनकी खुशी का ठिकाना नही रहा ओर धन्यवाद दिया ।युवा व्यवसायी अविचल शुक्ला ने कहा कि अपने लिए तो हर कोई जीता है लेकिन जीवन का असली मजा तो दूसरों के लिए जीना है। उन्होनें कहा कि अगर संपन्न परिवार के लोग अपने जीवन में से थोड़ा सा समय निकालकर इन बच्चों के साथ बिताएगें तो उन्हे खुशी मिलेगी ।उन्होने कहा कि में भगवान का शुक्रिया अदा करना चाहता हुं कि उसने मुझे इस काबिल बनाया कि में इन बच्चों के चेहरे पर थोड़ी खुशी ला पाया। इस मौके पर संस्थान की संचालिका तत्व ज्ञानानंद सरस्वती, अनुपम मिश्रा, निश्चल शुक्ला, अभय सिहं, अभिषेक तिवारी, एडवोकेट हिमांशु तिवारी, आदित्य गुप्ता, पुनीत सिंह, शिवा मिश्रा मौजूद रहें।

दबंगों ने किसान की जमीन पर खड़े यूकेलिप्टस काटे, विरोध करने पर पीटा, एक की हालत गंभीर

पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। दबंगों ने किसान की जमीन पर खड़े यूके लिपटिस जबरन काट लिए विरोध करने पर दबंगों ने किसान व उसके परिवार को जमकर पीट दिया। पीड़ित किसान की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मधवापुर निवासी राजू ने गांव के ही कमलेश पुत्र पग्गल से अपनी जमीन बेची थी। ग्रामीणों के अनुसार पेड़ काटने को लेकर यह विवाद हुआ है। पीड़ित किसान राजू की गर्भवती बहू आरती को मधवापुर गांव के कमलेश, मुन्ना, अंकेश, सचिन, राज व कमलेश और मुन्ना की पत्नियों ने गर्भवती महिला को लात घूंसो से जमकर पीटा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। साथ ही राजू व उसकी पत्नी को दबंगों ने जमकर पीटा जिससे उसकी पत्नी के पैर में गंभीर चोट पहुंची है। वहीं परिजन घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचया जहां चिकित्सकों ने गर्भवती महिला आरती की हालत गंभीर देख लखनऊ लोक बंधु अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां उसका उपचार चल रहा है। और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

सरसंघचालक डॉ0 मोहन भागवत के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभिन्न संगठनों की बैठक हुई संपन्न

हिंदू समाज के हित चिंतन एवं संभावनाओं को खोजने तथा उनके क्रियान्वयन पर हुई चर्चा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के अवध प्रांत प्रवास के क्रम में सरस्वती शिशु मंदिर निराला नगर, लखनऊ में विभिन्न सांगठनिक बैठकें सम्पन्न हुईं । इन बैठकों में अवध प्रांत में संघ कार्य के विस्तार और दृढ़ीकरण हेतु विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई , समाज के विभिन्न स्तरीय लोग जो अपने-अपने स्थान पर स्वयं का कार्य करते हुए समाज एवं राष्ट्र के बारे में निरंतर चिंतन करते रहते हैं, ऐसे लोगों से संपर्क करने एवं उनके सहयोग से समाज में विभिन्न सकारात्मक क्रियाकलापों को गति देने की चर्चा हुई ।हिंदू समाज के हित चिंतन की दृष्टि से अवध प्रांत में आगामी संभावनाओं को खोजने एवं उनके क्रियान्वयन पर भी चर्चा हुई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ग्रामीण अंचल में समाजविरोधी एवं अराष्ट्रीय तत्वों की गतिविधि वाले क्षेत्रों में अपना काम विशेष तौर पर बढ़ाने के साथ ही लवजिहाद, मतान्तरण आदि के विरुद्ध वृहत जन जागरण का कार्य तीव्र गति से बढ़ाएगा । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने मूल कार्य शाखा के साथ ही समाज के हर क्षेत्र में एवं हर स्थान पर अपनी व्यापक उपस्थित एवं गतिविधियाँ बढ़ाने का कार्य सक्रिय रूप से करेगा । सामाजिक समरसता के क्षेत्र में समाज के वंचित बंधुओं को अधिकार एवं सम्मान दिलाने के लिए संघ प्रतिबद्ध है एवं उसके लिए विभिन्न स्तरों पर कार्य भी कर रहा है । नयी पीढ़ी के बालकों में भी संघ के विचार संस्कार के व्याप हेतु पूरी सक्रियता से संघ कार्य करेगा । उक्त जानकारी प्रान्त प्रचार प्रमुख डा0 अशोक दुबे ने एक विज्ञप्ति में दी ।

गढ़ी चुनौटी में लगा 43वां 'आपका विधायक-आपके द्वार', सुनी गई जनसमस्याएं

तारा शक्ति निःशुल्क रसोई' से गढ़ी चुनौटी के ग्रामीणों ने किया भोजन, यूथ क्लब स्थापित कर वितरित की गई स्पोर्ट्स किट

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा सरोजनीनगर की जनता से नियमित संवाद कर, जनसमस्याओं को सुन उसके निस्तारण के लिए रविवार को ग्राम गढ़ी चुनौटी में 43वां 'आपका विधायक, आपके द्वार' जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। शिविर में जनता के बीच पहुंची विधायक की टीम उनकी समस्या के समाधान के लिए सक्रिय दिखी, टीम के सदस्यों ने जनता से सहजतापूर्वक संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। शिविर में प्राप्त सभी समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया गया। साथ ही विधायक डॉ राजेश्वर सिंह द्वारा क्षेत्र में कराये जा रहे विकास कार्यों से भी ग्रामीणों को अवगत कराया।

'गांव की शान'–मेधावियों का सम्मान–

साथ ही 'गांव की शान' अभियान के अंतर्गत मेधावियों को सम्मानित करने के क्रम में इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले गांव के 4 मेधावियों आकाश प्रताप सिंह (75%), प्रियांशी रावत (73%), आंचल (67%) एवं उत्कर्ष सिंह चौहान (65%) को साइकिल, घड़ी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

यूथ क्लब को स्पोर्ट्स किट वितरित, वृद्ध महिला को किया सम्मानित

युवाओं को खेल के अवसर दिलाने तथा खेल संसाधनों के प्रसार के लिए ग्राम गढ़ी चुनौटी में यूथ क्लब का गठन कर स्पोर्ट्स किट वितरित की गई और विधायक की टीम ने युवा खिलाड़ियों के साथ वॉलीबॉल भी खेला। गढ़ी चुनौटी की 82 वर्षीय जगदेई देवी तथा को विधायक की टीम ने भेंट कर उन्हें रामचरितमानस, अंगवस्त्र व सहायता राशि देकर सम्मानित किया। इसके अलावा बूथ अध्यक्ष पवन सिंह से भी टीम ने भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

'तारा शक्ति निःशुल्क रसोई' के माध्यम से कराया गया भोजन

इस दौरान माता तारा सिंह जी की प्रेरणा से आरंभ हुए 'तारा शक्ति निःशुल्क रसोई' के माध्यम से ग्राम गढ़ी चुनौटी के लोगों को ताजा व स्वादिष्ट भोजन भी उपलब्ध कराया गया। लोगों ने डॉ. राजेश्वर सिंह की इस अनूठी पहल की जमकर सराहना की।

स्पोर्ट्स लीग : 'फुटबॉल टूनार्मेंट' में युवा खिलाड़ी कर रहे उम्दा खेल का प्रदर्शन

स्टेला मैरिस इंटर कॉलेज ने नेशनल पब्लिक इंटर कॉलेज को दी मात, 5-0 से मुकाबला किया अपने नाम

कर्नल एसएन मिश्रा मेमोरियल स्कूल, बेबी लैंड स्कूल और ब्लैक रेंजर्स फुटबॉल क्लब ने अगले चरण में किया प्रवेश

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।खिलाड़ियों को खेल का बेहतरीन प्लेटफार्म प्रदान करने के लिए डॉ राजेश्वर सिंह की अनूठी पहल 'सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग' के अंतर्गत चल रही 'फुटबॉल टूनार्मेंट' में रविवार को पांच मुकाबले हुए। इन सभी मुकाबलों में युवा खिलाड़ियों ने अपने बेहतरीन खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

पहला मुकाबला मैच कर्नल एसएन मिश्रा मेमोरियल स्कूल व एसकेडी एकेडमी के बीच हुआ। इस रोमांचक मुकाबला में कर्नल एसएन मिश्रा मेमोरियल स्कूल ने बेहतरीन टीम वर्क का प्रदर्शन करते हुए 1-0 से मैच जीता। टीम के खिलाड़ी अभिषेक ने टीम को विजय दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

दूसरे मैच में साईं पब्लिक इंटर कॉलेज व बेबी लैंड स्कूल की फुटबॉल की टीम आमने सामने थी। बेबी लैंड स्कूल ने उम्दा खेल प्रदर्शन करते हुए 5-4 से मैच अपने नाम किया। मैच में साईं पब्लिक इंटर कॉलेज की ओर से समीर चौधरी और बेबी लैंड स्कूल की ओर से अभिषेक साहू ने सर्वाधिक गोल किए।

तीसरा मैच में रनवे फुटबॉल क्लब और ब्लैक रेंजर्स फुटबॉल क्लब के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। लेकिन ब्लैक रेंजर्स फुटबॉल क्लब ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन करते हुए रनवे फुटबॉल क्लब को 8-7 से मात दी। मैच में ब्लैक रेंजर्स फुटबॉल क्लब की तरफ से कार्तिक और रनवे फुटबॉल क्लब की ओर से पवन यादव ने सर्वाधिक गोल किए।

चौथा मैच स्टेला मैरिस इंटर कॉलेज और नेशनल पब्लिक इंटर कॉलेज के बीच खेला गया जिसमें स्टेला मैरिस इंटर कॉलेज 5-0 से मुकाबला अपने नाम किया। स्टेला मैरिस इंटर कॉलेज के शांतनु मिश्रा, कनिष्क वर्मा और नुमैर उस्मान ने जबदरस्त प्रदर्शन कर अपनी टीम को जीताया।

पांचवा मुकाबला मणिपाल पब्लिक स्कूल और एलपीएस कालिंदी के बीच खेला जाना था लेकिन एलपीएस कालिंदी टीम में अपर्याप्त खिलाड़ी होने के कारण मणिपाल को वॉकओवर मिल और टीम अगले चरण में प्रवेश कर गई। सभी मैचों के उपरांत सभी टीमों को ट्रॉफी व फुटबॉल तथा सभी खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

गांधी जयंती पर हर गांव में होगी आयुष्मान सभा

फैसला

स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से होंगे आयोजन

आयुष्मान सभा के दौरान रक्तचाप, मधुमेह, क्षय रोगों की भी होगी जांच

जनपदों के स्वास्थ्य व पंचायती राज विभाग को आयोजन संबंधी निर्देश जारी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।दो अक्टूबर यानि गांधी जयंती पर इस बार यूपी के हर ग्राम पंचायत में आयुष्मान सभा आयोजित की जाएगी।इसका उद्देश्य है कि लोगों को स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में जागरूक करना साथ ही इस मौके पर रक्तचाप (बीपी), मधुमेह (शुगर) और क्षय रोग (टीबी) की जांच भी की जाएगी। इस संबंध में एनएचएम की एमडी डॉ पिंकी जोवल और महाप्रबंधक राष्ट्रीय कार्यक्रम डॉ लक्ष्मण सिंह की ओर निर्देश भी जारी किया गया है।

प्रदेश में वर्तमान में क्षय रोग के 348022 मरीज हैं। इसमें 13232 एमडीआर और 334790 नॉन एमडीआर मरीज हैं।क्षय रोग उन्मूलन की दिशा में 26943 निक्षय मित्र 274688 मरीजों को गोद लेकर 157946 पोषण पोटली वितरित कर चुके हैं।जिलों को निर्देश दिए गए हैं कि दो अक्टूबर को हर ग्राम पंचायत में आयुष्मान सभा का आयोजन किया जाएं। इस सभा के दौरान ग्रामीणों को बीमारियों व सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के प्रति जागरूक किया जाए। साथ ही स्वास्थ्य देखभाल संबंधी मिथक को दूर करने के प्रयास किए जाएं। आयुष्मान सभा के बाद आयुष्मान कार्ड वितरण करें। इस मौके पर समस्याग्रस्त मरीजों के रक्तचाप, मधुमेय और क्षय रोगों की भी जांच होगी। यह आयुष्मान सभा ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में होगी और ग्राम प्रधान ही इसमें मुख्य वक्ता होंगे। साथ ही स्वास्थ्य लाभ पा चुकी गर्भवती व धात्री महिलाएं, किशोर और पुरुष अपने-अपने अनुभव साझा करेंगे। गौरतलब है कि बीते 13 सितंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय स्तर पर आयुष्मान भवः का उद्घाटन किया था। स्वास्थ्य योजनाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शुरू किए गए इस अभियान के पांच प्रमुख घटक रहे हैं। इसमें सेवा पखवाड़ा, आयुष्यमान आपके द्वार 3.0, आयुष्मान मेला, आयुष्मान सभा और आयुष्मान ग्राम/ आयुष्मान नागरीय वार्ड शामिल हैं।

युवक ने फाँसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

काकोरी। काकोरी में युवक ने आम की बाग में दुपट्टे के सहारे फाँसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली, आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों की सूचना मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। स्थानीय पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। ग्रामीणों में पारिवारिक कलह की बात को लेकर आत्महत्या करने की चर्चा थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चकपरेवा निवासी विशाल (21) ने रविवार को दोपहर में संदिग्ध परिस्थितियों में घर से पांच सौ मीटर दूर अपनी आम की बाग में फाँसी लगा कर आत्महत्या कर ली। मृतक के भाई राहुल ने बताया कि विशाल कुछ दिन पूर्व दिल्ली से वापस आया था। स्नातक पास विशाल पेशे से इलेक्ट्रीशियन था। काम न मिलने से तंग आकर आत्महत्या कर ली। इंस्पेक्टर प्रवीण सिंह के कथानुसार पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के उपरांत अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

सीएचसी में हुआ आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेले का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। आयुष्मान भवः अभियान के तहत रविवार को मलिहाबाद सीएचसी पर साप्ताहिक स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें दवा, स्क्रीनिंग सहित स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य मेला सीएचसी अधीक्षक डा.चंदन यादव की अध्यक्षता मे आयुष्मान भव कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य मेले तथा आयुष्मान कार्ड कैंप का उद्घाटन जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह व विधायक जयदेवी कौशल भाजपा द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ किया गया। जिसमें विधायक जयदेवी कौशल ने बताया कि हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास के तर्ज पर काम कर रही है, मरीजो के बेहतर व निःशुल्क इलाज के लिए समय-समय पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें हर तबके के लोग अपना इलाज निशुल्क करा सकते हैं साथ ही आयुष्मान कार्ड के द्वारा भी गरीब मरीजों को बेहतर उपचार दिलवाया जा रहा है। सीएचसी अधीक्षक डा. चंदन ने बताया कि आयुष्मान भवः अभियान के तहत मेले में मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करानें के साथ विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया। इस स्वास्थ्य मेले में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। जिसमे 205 मरीज देखे गए 78 मरीजों की जांच हुई। इस मौके पर विकास किशोर आशु, पूर्व ब्लाक प्रमुख अनिल सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मीनू वर्मा, प्रधान संघ अध्यक्ष प्र.अखिलेश सिंह अंजू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र अवस्थी सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता व सीएचसी स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

संक्षेप

पोषण पाठशाला का किया जायेगा आयोजन

उन्नाव। जिला कार्यक्रम अधिकारी, रोकश कुमार मिश्र द्वारा अवगत कराय कि जनपद उन्नाव के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर जनमानस एवं लाभार्थियों को विभागीय स्तर से दिये जाने वाले सेवाओं, पोषण प्रबन्धक, कुपोषण, कुपोषण से बचने के उपाय समेत तमाम मुद्दों पर जागरुक करने के लिये सभी केन्द्रों पर पोषण पाठशाला का आयोजन दिनांक-25 सितम्बर, 2023 को दोपहर 12 से 02 बजे के मध्य किया जाना है इस कार्यक्रम का मुख्य थीम कुपोषण का प्रकार, कारण एवं 06 माह से छोटे शिशु के लिए पोषण सेवाएँ है। इस पोषण पाठशाला में विभागीय अधिकारियों के अतिरिक्त विषय विशेषज्ञों द्वारा इस सम्बन्ध में हिन्दी में विस्तार से चर्चा की जायेगी तथा वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से लाभार्थियों व अन्य द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर दिया जायेगा। इस कार्यक्रम का लाइव वेब-कास्ट वेब लिंक पर किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम का आयोजन जनपद स्तर पर एन.आई.सी. तथा जनपद के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर किया जायेगा। इस लिंक के माध्यम से कोई भी लाभार्थी आम जन-मानस इस कार्यक्रम से सीधे जुड़ सकता है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री अपने स्मार्टफोन के द्वारा वेब लिंक के माध्यम से इस कार्यक्रम से जुड़ेगी।

बिजली उपभोगताओं की सुरक्षा हेतु नए केबल बदलेगा बिजली विभाग

नवाबगंज, उन्नाव। बिजली उपभोगताओं की केबल से हो रही दुर्घटनाओं से मुक्ति दिलाने हेतु अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटेड के आदेशानुसार सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को अनुरोध किया जाता है विभाग परिवार आपके द्वारा अभियान के तहत आप सभी के विद्युत मीटर घर के बाहर किए जाने हैं। जिसके लिए आर्म्ड केबल की आवश्यकता अनुसार अपने पास रखें जिससे आपके द्वार पर पहुंचने पर परिसर से मीटर बाहर उचित स्थान पर लगा सके अन्यथा की स्थिति में यदि विभाग अपने स्तर से आर्म्ड केबल लगता है तो उसका सारा भुगतान आपका बिल में जोड़ दिया जाएगा जो अगले बिल में प्रदर्शित होगा और आप द्वारा भुगतान किया जाना होगा एवं समय से बिल जमा करना सुनिश्चित करे इस अभियान में आप सभी से अनुरोध है कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों पर सहयोग प्रदान करें उपखंड अधिकारी रुद्र प्रताप अजगैन उन्नाव ने बताया लगातार बिजली विभाग पुराने तार बदलने का कार्य कर रही हैं कार्य समय से पूरा कर लिया जाएगा हमारे अवर अभियंता आशुतोष तिवारी व दिनेश गौतम सहित सभी कर्मचारी लगातार कार्य कर रहे हैं बिजली कटौती से उपभोगताओं को बहुत जल्द छुटकारा मिल जाएगा उपभोगताओं से अनुरोध है समय पर भुगतान कर दे जिससे जो कार्य शेष है उन्हे समय पर पूरा कर लिया जाए।

भूमाफिया की लगभग 122 करोड़ से अधिक अवैध अचल संपत्ति की गई कुर्क

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली के जाजमऊ पुलिस चौकी इलाके के अखलॉक नगर के रहने वाले गैंगस्टर, भूमाफिया के खिलाफ रविवार को जिला प्रशासन के निर्देश पर कटरी पीपर खेड़ा के कई स्थानों पर पड़ी लगभग 122 करोड़ से अधिक अवैध अचल सम्पत्ति कुर्क की कार्यवाही क्षेत्राधिकारी सदर, तहसीलदार सदर शुरू हुई। जहां अधिकारियों ने डुगडुगी पिटवाकर की कार्रवाई की। सुनो सुनो सुनो, ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों ध्यान से सुनो कानपुर केडीए कॉलोनी जाजमऊ निवासी डॉ नसीम अहमद पुत्र हाजी अखलाक अहमद हाल पता अखलॉक नगर थाना गंगाघाट के गंगाघाट कोतवाली और सदर कोतवाली में कुल 8 मुकदमे दर्ज हैं। जिसमें दो मुकदमे जान से मारने की धमकी, अन्य मुकदमे फर्जी तरह से दस्तावेजों को तैयार कर जमीनों के खरीद फरोख्त के दर्ज है। इसके साथ ही वर्ष 2022 में गुंडा एक्ट की कार्यवाही हुई। जिसके बाद छह माह के लिये जिला बदर किया गया। डीएम के निर्देश पर तहसीलदार प्रशासन सदर, सीओ सिटी आशुतोष कुमार, गंगाघाट इंस्पेक्टर राज कुमार, चौकी इंचार्ज जाजमऊ अजय शर्मा पुलिस बल के साथ हाइवे स्थित अखलाक नगर में जमीन कुर्क की कार्यवाही शुरू की। सीओ ने बताया कि जाजमऊ क्षेत्र में कई स्थानों पर पड़ी गैंगस्टर की संपत्ति को कुर्क किया जायेगा। जिसकी कीमत लगभग 122 करोड़ 65 लाख 26 हजार रुपये की आंकी गई है। जिसे कुर्क की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि गैंगस्टर के आरोपी पर आर्थिक व भौतिक लाभ हेतु अवैध तरीके से गैंग बनाकर गंगाघाट क्षेत्र के कटरी पीपरखेड़ा व आसपास के इलाकों में गरीब किसानों की जमीन कब्जा कर उसको प्लाटिंग कर अवैध रूप से बेंचकर आर्थिक लाभ प्राप्त कर रहा है। उसने अपने भाई, भतीजे व परिवार के अन्य सदस्यों के नाम से जमीन खरीद फरोख्त का काम करता चला आ रहा है। भूमाफिया नसीम अहमद पर गंगा घाट कोतवाली सदर कोतवाली में कुल 8 मुकदमे दर्ज हैं जिसमें दो मुकदमे जान से मारने की धमकी, अन्य मुकदमे फर्जी तरह से दस्तावेजों को तैयार कर जमीनों के खरीद फरोख्त के दर्ज है। इसके साथ ही वर्ष 2022 में गुंडा एक्ट की कार्यवाही हुई और अब पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत संपत्ति कुर्क की है। जिला प्रशासन के द्वारा बीते 20 अगस्त को भूमिया अपराधी डॉ नसीम की जाजमऊ क्षेत्र में ही 90 करोड रुपए कीमत की चल अचल संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई की गई थी वर्तमान समय में अपराधी जेल में निरुद्ध है।

नगर पंचायत प्रशासन अगर पहले जाग जाता तो शायद बच जाती दो की जान

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। सई नदी में जल स्तर बढ़ने पर जलेश्वर नाथ मंदिर सहित पुल के पास दूर तक जलसैलाब दिखाई देने लगा। मंदिर तक जाने वाला मार्ग पानी से डूब गया और नदी को तेज जल बहाव चलने लगी।जिसे देख कस्बे के कपिल निगम,हर्ष श्रीवास्तव, सहित दर्जनों लोगो ने कई बार अधिशाषी अधिकारी संतोष चौधरी को खतरे से अवगत कराया।लेकिन अधिशाषी अधिकारी जानते हुए नजरंदाज करते रहे।जिसका खामियाजा शनिवार को दो युवकों के नदी में डूबने से चुकाना पड़ा। दो युवकों की मौत के बाद नगर पंचायत प्रशासन नींद से जागा और कोई जांच होने पर कही लापरवाही उजागर न हो जाए इसके लिए रविवार सुबह ही मंदिर मार्ग पर बैरिकेटिंग कर दी।जिसे देख लोग नगर प्रशासन को कोस रहे कि यदि पहले ही सुरक्षा के इंतजाम किए होते तो दो घरों की चिराग न बुझे होते। कस्बेवासियों ने आरोप लगाया कि जब गणेश उत्सव शुरू हुआ और मूर्ति विसर्जन होना था तो पहले से ईओ ने तैयारी क्यों नहीं की।क्या ईओ मौत होने का इंतजार कर रहे थे कि दो मौत होने के बाद ही मूर्ति विसर्जन के लिए गड्ढे खुदवाना शुरू कर दिया। ईओ संतोष चौधरी ने बताया कि कस्बेवासी जो कहेंगे वही करेंगे क्या।लोग जानते हुए भी कि नदी में पानी बहुत हैं तो जाना ही नही चाहिए ।हम यहां क्या समझाने के लिए बैठे हैं। मंदिर जाने के लिए बैरिकेटिंग करवा दी हैं और पुल के पद गड्ढा खुदवा दिया गया हैं।अब उसी में विसर्जन किया जायेगा।एएलवाई मैनपुरिया प्रबंधक हरी प्रकाश ने विद्यालय की प्रिंसिपल उपासना गौर को निकाल दिया। जिसका पत्र सोसल मीडिया पर वायरल होने लगा।मृतक शिक्षक अभिषेक के पिता पप्पू सेठ ने भी विद्यालय प्रबंधक हरी प्रकाश यादव, प्रिंसिपल उपासना गौर की लापरवाही बरतने की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की

कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि प्रबंधक , सहित प्रिंसिपल पर गैर इरादातन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है ।

नगर अध्यक्ष ने देखी नगर मे हो रहे विकास की हकीकत

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। आदर्श नगर पंचायत औरास के अध्यक्ष राकेश कुमार के द्वारा नगर में हो रहे विकास की हकीकत को देखा नगर मे हो रहे विकास कार्यों के क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास के बाहर नाले का निर्माण हो रहा था जिसका नगर अध्यक्ष राकेश कुमार के द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान नगर अध्यक्ष ने संबंधित ठेकेदार को अवगत कराया कि किसी भी प्रकार का कोई भी घटिया माल नाले में प्रयोग न किया जाए इस संबंध में जब नगर अध्यक्ष राकेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि नगर को स्वच्छ व साफ रखना हमारी पहली प्राथमिकता है उसी के क्रम में निरीक्षण किया जा रहा है और आगे भी किया जाता रहेगा और संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया गया है कि किसी भी प्रकार की हीलाहवाली या घटिया माल नाले मे प्रयोग ना किया जाए।

सेल्स मैन के साथ लूट करने वाले शातिर लुटेरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कोतवाली सदर पुलिस एवं एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने थाना क्षेत्र में घटित लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए तीन शातिर लुटेरों के कब्जे से लूट की घटना में प्रयुक्त एक अवैध तमंचा 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर, लूटा गया एक मोबाइल फोन व 4,040 रुपए व घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल बरामद कर गिरफ्तार किया बताते चले की बीती 21तारीख को रंजीत कुमार जायसवाल पुत्र राम चन्द्र जायसवाल निवासी 475 जवाहर नगर उन्नाव प्रबन्धिक देशी शराब की दुकान जमुका द्वारा थाना कोतवाली सदर पर तहरीर दी गई कि राकेश कुमार जायसवाल पुत्र काशी प्रसाद जायसवाल निवासी जनसार थाना अजगैन मेरी दुकान पर सेल्स मैन के पद पर काम करता है बीती 20 तारीख को रात 10 बजे सेल्समैन राकेश दुकान बन्द कर तथा कैश बैग में रखकर मेरे पास आ रहा था तभी रेलवे क्रासिंग के पास पहले पुलिया के पास अज्ञात लोगो ने सेल्स मैन राकेश को गोली मार कर घायल कर दिया तथा बैग में रखा 25000 रुपए तथा मोबाइल छीन कर भाग गये। तहरीर के आधार पर प्रभारी निरीक्षक सदर अश्वनी कुमार मिश्रा, दरोगा मानिक राम वर्मा, किला चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार यादव, दरोगा सुभाष चन्द्र मय पुलिस बल द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर शेखपुर नरी मोड़ पर अपाचे मोटरसाईकिल वढ 35 अऋ 5814 सवार अभियुक्त अमन राजपूत पुत्र जगन्नाथ निवासी खंजी खेड़ा थाना कोतवाली सदर, अमरजीत पुत्र श्रीराम गौतम निवासी लोहारखेड़ा थाना कोतवाली गंगाघाट कुलदीप उर्फ बाबू पुत्र महादेव गौतम निवासी भिटवा थाना कोतवाली गंगाघाट हाल पता किशोरी खेड़ा थाना कोतवाली सदर के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर, एक मोबाइल फोन व 4,040 रुपए बरामद हुये। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि दिनांक 20.09.2023 को रात्रि में करीब 10.30 बजे ग्राम हुसैन नगर रेलवे क्रासिंग के पास ग्राम चौसंदा में देशी शराब की दुकान के सेल्स मैन का पीछा करके उसकी मोटरसाईकिल में टक्कर मारकर रोककर उससे बैग छीनने लगे लेकिन जब उस व्यक्ति ने बैग नही छोड़ा और हम लोगो से भिड़ गया तो कुलदीप उर्फ बाबू ने अपने पास लिये तमंचे से उस पर फायर कर दिया, हम लोग उसका बैग छीनकर भाग गये थे, आगे जाकर बैग खोलकर देखा तो उसमे कुल 2720 रुपये व एक मोबाइल था, जिसमे से रुपये हमने बांट लिये थे व मोबाइल अमरजीत को दे दिया था, अभियुक्त कुलदीप द्वारा बताया गया कि करीब 15 दिन पहले मैने अपने साथी साकेत पाल पुत्र हेमराज पाल निवासी सम्भर खेड़ा थाना कोतवाली गंगाघाट के साथ मिलकर एक डाक्टर से ट्रांस गंगा सिटी में दस हजार रुपये व एक मोबाइल की लूट की थी, बरामद रुपयों में से दो हजार रुपये उसी लूट के हैं। उक्त घटना के सम्बन्धं में थाना गंगाघाट में मुकदमा पंजीकृत है पुलिस ने तीनो आरोपियों को जेल भेज दिया।

वरिष्ठ अधिवक्ता के निधन पर शोक की लहर

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। पूर्व शासकीय अधिवक्ता के आकस्मिक निधन पर अधिवक्तागण व क्षेत्रीय जनता में शोक की लहर दौड़ गई तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के अंतर्गत कस्बा बीघापुर निवासी संतोष कुमार पटेल ऐडवोकेट आयु लगभग 65 वर्ष पेसे से अधिवक्ता थे चकबंदी विभाग में वकालत करते थे चकबंदी विभाग में पूर्व में शासकीय अधिवक्ता भी थे वर्तमान में अपना निवास कल्याणी देवी मंदिर उन्नाव था इनके एक पुत्र व एक पुत्री हैं पुत्र सचिन कांत भी अपने पिता के साथ वकालत करता है तहसील बीघापुर भी आया करते थे रविवार को दोपहर अचानक तबियत बिगड़ गई अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गई रविवार होने के कारण आज अवकाश था जैसे ही फोन के माध्यम से अधिवक्ता गणों व क्षेत्रीय जनता को सूचना मिली लोगों में शोक की लहर दौड़ गई आकस्मिक मृत्यु पर बच्चों का पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है

गैस एजेंसी का शटर तोड़कर चोरों ने पार कर दिया हजारों का सामान

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। बीती रात कोतवाली क्षेत्र के कस्बा बिछिया स्थित हरिओम गैस एजेंसी में शटर का ताला तोड़कर अंदर रखे एक दर्जन गैस सिलेंडर ,चूल्हा सहित अन्य सामान चोरो ने पार कर दी।चौकीदार की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी है।कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बिछिया कस्बा स्थित हरिओम गैस एजेंसी में बीती रात चोरो ने शटर का ताला तोड़कर अंदर रखे एक दर्जन गैस सिलेंडर ,दो दर्जन गैस चूल्हा ,एक बोरी सोलर लाईट पार कर दिया।रविवार सुबह एजेंसी पहुंचे चौकीदार श्री केशन ने शटर का ताला टूटा देख पुलिस व एजेंसी मालिक हरिओम को सूचना दी।मौके पर पहुंचे एस एसआई राममोहन सिंह ने जांच पड़ताल की है।पुलिस को एजेंसी के बाहर दो खाली सिलेंडर पड़े मिले है।वहीं एजेंसी के पीछे कुछ सोलर लाईट भी पड़ी मिली है। कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया कि सूचना पर मौके पर जाकर जांच की गई है।अभीतक तहरीर नहीं मिली है।जांच की जा रही है।

6 चोरियों का खुलासा अभी तक नहीं हुआ

पहली घटना 6 माह पहले कोतवाली के ग्राम बाजी खेड़ा निवासी सोने के व्यवसाई गंगा चरण सोनी के घर चोरों ने सोने के जेवरात में अलमारी पर कर दी थी जिसमें लाखों की चोरी हुई थीदूसरी घटना त्रिपुरारपुर स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर से चोरों ने राधा एवं सीता की अष्टधातु मूर्ति पर कर दी थीतीसरी घटना चोरों ने 20 जुलाई की रात लंगरपुर चौराहे स्थित एक स्टूडियो की दुकान से लगभग सात लाख पचास हजार का सामान चोरी कर लिया थाचौथी घटना बैगांव स्थित राधेश्याम जायसवाल के घर को निशाना बनाया लगभग 70 लाख की चोरीपांचवीं घटना पूर्व कस्बा शीतल गंज निवासी दिनेश कुमार के घर 8 लाख जेवरात एवं 5 हजार नगद पार कर दिएमंगत खेड़ा स्थित पड़री निवासी सचिन पांडे की किराने की दुकान से चोरों ने लगभग सत्तर हजार का सामान चुरा लिया था।

पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर वारंटी को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास व हरिजन एक्ट से संबंधित वारन्टी अभियुक्त को गिरफ्तार कर मा० न्याया०के समक्ष भेज दिया है। थाना बारासगवर पुलिस ने बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए रविवार को एक पुराने मामले में कई सालों से फरार चल रहे सन्तोष पुत्र बल्ला तिवारी उर्फ प्रदीप तिवारी नि0 ग्राम चिलौली को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय सदर उन्नाव भेजा दिया है।

गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों के साथ किया विसर्जन

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र में चल रहे पांच दिवसीय गणेश महोत्सव मे विराजे बाबा गणपति का विसर्जन भक्तों ने रविवार शोभा यात्रा निकाल कर बडे हर्षोल्लास के साथ किया पूरे नगर में शोभा यात्रा के दौरान गणपति बप्पा मोरिया अगले बरष तू जल्दी आ के जयकारो से नगर गुंजायमान रहा। फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के अन्तर्गत कस्बा ऊगू स्थिति माता काली मंदिर परिसर मे पांच दिवसीय गणेश महोत्सव में स्थापित गजानन का विसर्जन आज छठे दिन भक्तों ने शोभा यात्रा निकाल कर बहुत धूम धाम से किया।माता काली मंदिर पर सार्वजनिक रूप से ये दूसरे गणेश महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पांचों दिन बाबा की आरती, कथाएं, भजन का कार्यक्रम हुआ और बाहर व नगर के कलाकारों द्वारा बच्चों द्वारा सुंदर झांकिया प्रस्तुत की गयी छोटे छोटे बच्चों द्वारा दिखाई गयी शंकर पार्वती, काली जी , राधा कृष्ण व सुदामा की झांकी ने भक्तों का मन मोह लिया। जिसका श्रद्धालुओं ने खूब आंनद लिया पूरा पंडाल गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों से गुंजायमान रहा आज आरती के बाद विसर्जन के लिए शोभा यात्रा निकाली गई जिसमे नगर के तमाम लोगो ने बढ चढ कर हिस्सा लिया तत्पश्चात गंगा तट पर प्रतिमा का विर्सजन कर दिया गया कार्यक्रम मे मनु शुक्ला संदीप कश्यप, विशाल तिवारी, जगरूप, रिंकू, रामजी, मनोज, प्रदीप, पप्पू, अंशु, कल्लू, मुंशीलाल, छेदी, विकास छोटू, सुरेश, मंजेश, गुड्डे के साथ साथ नगर की महिलाओं सहित सैकड़ो बाबा के भक्त मौजूद रहे।

न्याय मिलता न देख महिला ने दर्ज कराई मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक कस्बा निवासी महिला द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री को जनसुनवाई के माध्यम से विद्युत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी के विरुद्ध अश्लील हरकते एवं जान से मारने की शिकायत की गई है। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ऊगू नगर पंचायत के वार्ड निवासी महिला कामिनी (काल्पनिक नाम) द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री से जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज की है। महिला के शिकायती पत्र के अनुसार गत पांच सितम्बर को वह अपने घर में थी, तभी विद्युत विभाग के तकिया क्षेत्र के एस डी ओ, केंद्र के कर्मचारी रामजी आदि सहित घर पहुंच कनेक्शन काटकर, मीटर को अलग रख दिया। साथ ही अधिक बिल बाकी होने की हिदायत देकर रुपयों की मांग की गई। महिला ने बताया रुपयों का हिसाब पति के घर वापस आने के बाद हो सकता है। दोपहर बाद एस डी ओ अपने कर्मचारी के पुनः वापस आकर वसूली के रुपए मांगने लगे, महिला द्वारा पति के आने पर ही रुपयों की व्यवस्था होने की बात दो दोहराई गई, इस बीच एसडीओ और कर्मी राम जी दोनो घर पर ही रुके रहे। पानी मांगने पर महिला द्वारा दोनो लोगो पानी दिया गया। इस बीच महिला से उन दोनों द्वारा कहा गया कि हमारे साथ समझौता करलो किसी भी प्रकार के रुपए नहीं देने पड़ेंगे। महिला द्वारा विरोध करने पर एसडीओ ध्रुवचंद्र एक हाथ पकड़ लिया गया तथा दूसरा हाथ राम जी द्वारा पकड़ लिया गया, कमरे पड़े बेड पर गिराकर अश्लील हरकतें करने लगे। महिला द्वारा चिल्लाने पर मुंह दबा दिया गया, और किसी प्रकार की चर्चा करने पर मुकदमे फसानें की धमकी देने एवं जान से मारने की धमकी देकर चले गए। महिला द्वारा पति के घर वापस आने पर आप बीती बताई गई महिला द्वारा पुलिस अधीक्षक को भी पूर्व में प्रार्थना पत्र देकर सूचित कर पीड़ा बताई गई, किसी प्रकार से कोई मदद न मिलने से आज महिला द्वारा मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर न्याय की गुहार लगाई गई है।

धूमधाम से हुआ भगवान गजानन का विसर्जन

फतेहपुर। जहानाबाद कस्बे के नवयुवक जन जागरण मंच द्वारा राम जानकी धाम राम तलाई मंदिर आयोजित हो रहा 7 दिवसीय श्री गणेश महोत्सव मैं विशाल भाव मूर्ति विसर्जन यात्रा राम जानकी धाम राम तारा मंदिर से थाना मोड, चौक, औरंगाबाद, बाकरगंज, लालूगंज, बाजार किराए से होते हुए रिंद नदी में मूर्ति का विसर्जन हुआ इस मौके पर थाना अध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी, कस्बा इंचार्ज प्रशांत कटियार वह उप निरीक्षक राजेश कुमार यादव व भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा इस मौके पर नवयुवक जन जागरण मंच कमेटी सहित भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे और रास्ते में मटकी फोड़ कर बाबा की विशाल शोभा यात्रा की शोभा बढ़ाई।

नवागत बीएसए द्वारा परिषदीय विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग शुरू

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिले की नवागत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह द्वारा परिषदीय विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग शुरू कर दी गयी। जिसके तहत दूरस्थ ब्लॉक नवाबगंज, असोहा, सुमेरपुर, सफीपुर में बीते दिनों ताबड़तोड़ छापामार औचक निरीक्षण करके शिक्षकों शिक्षामित्रों अनुदेशकों और खण्ड शिक्षा अधिकारियों को कार्य दायित्व का बोध करा दिया है। जिससे ताबड़तोड़ छापामार औचक निरीक्षण से हड़कम्प मचा हुआ है। नवागत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह के द्वारा कार्यभार संभालते ही बीएसए ऑफिस में बेवजह टाइम पास करने वाले शिक्षक एवम् शिक्षक नेताओं के टहलने पर पाबन्दी लगाने की कवायद शुरू कर दी गयी है और वह अब स्कूलों में नजर आ रहे हैं। नवागत बीएसए संगीता सिंह की गिनती तेज-तर्रार अधिकारियों में होती है। इससे पूर्व बीएसए संगीता सिंह आगरा, कनौज, अमेठी की बीएसए रह चुकीं हैं। हाल ही में उनका तबादला बीएसए के पद पर जनपद उन्नाव हुआ है। नवागत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह की सोच साकार होने से प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था को नए आयाम मिलेंगे।

नवागत बीएसए द्वारा जिले के समस्त ब्लॉकों के खंड शिक्षा अधिकारियों को आदेशित करते हुए कहा गया है कि शिक्षकों की समस्याओं को ब्लॉक स्तर पर ही प्रमुखता से निपटाने की कोशिश की जाये। जिससे शिक्षकों को बीएसए दफ्तर के चक्कर न लगाने पड़े।

समय से विद्यालय जाएं समय तक रहकर पढ़ायें शिक्षक

नवागत बीएसए संगीता सिंह ने कहा है कि स्कूल समय में कोई शिक्षक बिना अवकाश या अनुमति के ऑफिस मिलने नहीं आएगा। शिक्षक अपनी नैतिक जिम्मेदारी के तहत बच्चों को पढ़ाएं। उन्होंने पूरे जिले के शिक्षकों से अपील करते हुए कहा था कि वह समय से विद्यालय जाएं और समय तक रुक कर बच्चों को अच्छी शिक्षा दें।

शैक्षिक संगठनों की समस्याओं का समय से निस्तारण करे

नवागत बीएसए संगीता सिंह ने शिक्षक नेताओं एवम् शिक्षकों से अपील करते हुए कहा था कि रोज रोज ऑफिस में आकर न खड़े हों। किसी भी शैक्षिक संगठन की समस्या का निदान करने के लिए तत्पर हैं। बशर्ते उसके लिए एक उपयुक्त समय देकर संगठन के पदाधिकारी मिलें। समस्याओं को सुनकर उन्हें निस्तारित करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। उन्होंने माना कि रोज रोज शिक्षकों एवम् शिक्षक नेताओं के कार्यालय आने से शिक्षा व्यवस्था पर उसका प्रतिकूल असर पड़ता है।

शिक्षक शिक्षिकाओं को कोई परेशानी हो तो सीधे करायें अवगत- बीएसए संगीता सिंह

निरीक्षण के दौरान अवरुध्द किये गये वेतन निर्गत करने के आदेश जारी करने, चयन वेतनमान की पत्रावलियों समेत आदि की पेंडेंसी को समाप्त करने के लिये देर शाम तक ऑफिस में रूक कर पेंडिंग वर्क को निपटा रही हैं। ऐसे तमाम पेंडिंग वर्क थे जिनकों महज 2 महीने 23 दिन में ही निपटा दिया है। ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की कार्यशैली को लेकर शिक्षक शिक्षिकाएँ आकण्ठ मुख से प्रशंसा कर रहे हैं। नवागत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की निष्पक्ष कार्यशैली को लेकर शिक्षक शिक्षिकाओं की दृष्टि से सराहा जा रहा है। बीएसए संगीता सिंह का स्पष्ट सन्देश है कि शिक्षक शिक्षिकाओं को यदि कोई परेशानी हो तो वे सीधे आकर मिलकर अवगत करा सकते हैं। जिससे समस्या का निस्तारण कराया जा सके।

चिंतन

भारत पर कीचड़ ना उछाले कनाडा

भारत पर बेबुनियाद कीचड़ उछालने से पहले कनाडा को विश्व के एक जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में अपनी ग्लोबल प्रतिष्ठा व गरिमा का ख्याल रखना चाहिए। भारत और कनाडा के अच्छे संबंध रहे हैं। अभी दोनों देश मुक्त व्यापार समझौता की तरफ आगे बढ़ रहे थे, लेकिन कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो की अपनी संसद से एक वांछित आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत के हाथ होने का अनर्गल आरोप नई दिल्ली पर मढ़ना निंदनीय है। हाल में कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में जिस तरह खालिस्तान समर्थकों ने भारत व हिंदू विरोधी कृत्यों को अंजाम दिया है, वह भारत की चिंता बढ़ाने वाले हैं। भारत की आपत्ति के बाद ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने वहां भारत विरोधी गतिविधियों पर लगाम लगाया है, लेकिन कनाडा भारत से टकराने के मूड में दिख रहा है। कनाडा को देखना होगा कि घरेलू राजनीति की जरूरत के हिसाब से विदेश नीति व कूटनीति नहीं चलती है। माना जा रहा है कि कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो अपनी पार्टी के सिख वोट बैंक के तुष्टिकरण की नीयत से कनाडाई संसद से भारत के खिलाफ जहर उगला है। उसके बाद नई दिल्ली का सख्त रिएक्शन आना लाजिमी है। भारत ने कनाडा के एक राजनयिक को जाने को कहा है, कनाडा ने भी अपने यहां से भारतीय राजनयिक को वापस भेजा है। भारत सरकार ने कनाडा में रह रहे भारतीयों से सतर्क रहने की सलाह दी है। दोनों मुल्कों के बीच तल्खी इस स्तर तक पहुंच गई है, जो आज के ग्लोबल दौर में नहीं होनी चाहिए थी। कनाडा के पीएम पहले आतंकी की हत्या की पहले पुख्ता जांच करवाते, उसके बाद कुछ बोलते तो अधिक समीचीन होता। कनाडा में व्यापक स्तर पर भारतीय रहते हैं, यह भारत के लिए भी गौरव की बात है, लेकिन वहां के भारतीय प्रवासियों को साधने के लिए पीएम जस्टिन ट्रूडो का भारत से अपने संबंध को दांव पर लगाना कनाडा की कूटनीतिक व आर्थिक सेहत के लिए अच्छा नहीं है। पीएम जस्टिन ट्रूडो को संयत रहने की जरूरत है, व उन्हें वहां पर भारत विरोधी गतिविधियों पर एक्शन लेना चाहिए। भारत के खिलाफ किसी भी गतिविधि को कनाडाई सरकार द्वारा शह देना या उस पर आंखमूंदे रहना नई दिल्ली के लिए असह्य है। कनाडा में करीब 20 भारत में वांछित खालिस्तानी आतंकी रह रहे हैं। भारत ने कनाडा को 9 ऐसे खालिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों की लिस्ट दी है, जो कनाडा में रहकर लगातार पंजाब और देश की दूसरे जगहों में हिंसा, आतंकी साजिश को अंजाम दे रहे हैं। एक जिम्मेदार सरकार के तौर पर कनाडा को इस लिस्ट के मुताबिक आतंकियों को पकड़ने व भारत को सौंपने में सहयोग करना चाहिए। कनाडा सरकार को समझना चाहिए कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, आतंकवादी केवल आतंकवादी होता है जो निरर्थक हिंसा, उपद्रव में लिप्त रहता है, भारत ने वर्षों से आतंकवाद, उग्रवाद व अलगावाद का दंश झेला है, इसलिए किसी भी आतंकवादी के प्रति सहानुभूति कनाडा के लिए ही भस्मासुर बन सकता है। पाकिस्तान का उदाहरण सामने है। आतंकवाद को पाला-पोसा तो आज वह उसके लिए नासूर बना हुआ है। कनाडा में खालिस्तान समर्थक आतंकियों को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से मदद मिलने की बात सामने आ रही है। कनाडा सरकार को खालिस्तान की मांग वाले गुटों को पाक की मदद की भी गहनता से जांच करनी चाहिए। करीब 8.16 अरब डॉलर का व्यापार कनाडा व भारत के बीच होता है। भारत कनाडा से बड़े पैमाने पर दाल आयात करता है। आयात बंद होने से कनाडा का ही नुकसान होगा। भारत की अध्यक्षता में जी-20 की भव्य बैठक में भाग लेकर अभी ट्रूडो गए हैं। भारत पर आरोप को लेकर कनाडा को अपने सहयोगी देशों से ही समर्थन नहीं मिल रहा है। इसलिए कनाडा को आत्मावलोकन की जरूरत है। भारत अपने ऊपर कोई भी तोहमत बर्दाश्त नहीं करेगा।

सारा संसार

महाराष्ट्र राज्य के मुंबई में स्थित सिद्धिविनायक मंदिर भारत में गणेश के सबसे प्रमुख मंदिर में से एक है। 1801 में लक्ष्मण विठू और देउबाई पाटिल द्वारा निर्मित करवाये गये इस मंदिर में भगवान गणेश की एक मूर्ति स्थापित है जिसके पीछे एक बहुत खास कहानी है।

दरकार

प्रभुनाथ शुक्ल

कनाडा को बदलनी होगी भारत विरोध की नीति

भारत और कनाडा के रिश्ते तल्ख को चले हैं। जी-20 सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो के बीच मुलाकात में कनाडा की धरती से संचालित भारत विरोधी गतिविधियों को बंद करने की नसीहत दी गई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने साफ तौर पर कह दिया था कि कनाडा को खालिस्तान जैसे आतंकी संगठन पर कठोर कदम उठाने होंगे। हमें लगता है भारत की नसीहत जस्टिन ट्रूडो को अच्छी नहीं लगी। सम्मेलन से वापस लौटने के बाद हरजीत सिंह निज्जर की हत्या का आरोप उन्होंने बगैर सबूत के भारत पर मढ़ दिया। हालांकि भारत ने इससे साफ तौर से इनकार किया है, लेकिन यह कनाडा की राजनीतिक चाल है। जस्टिन सरकार कनाडा में रह रहे भारतीय मूल के सिख समुदाय की सहानुभूति लेना चाहती है, जबकि सच यह है कि सरकार अभी तक यह पता ही नहीं लगा पाई कि निज्जर की हत्या क्यों और किसने की। इस मामले में कनाडा जांच आयोग क्यों नहीं बैठाता। ट्रूडो ने भारतीय राजनयिक को देश से निकल जाने का फरमान सुना दिया। लिहाजा भारत को भी ऐसा करना था, भारत ने भी कनाडा की डिप्लोमैट को देश छोड़ने का आदेश दे दिया। भारत आतंकवाद के खिलाफ हमेशा से दुनिया के मंच पर आवाज उठाता रहा है, क्योंकि आतंकवाद से वह स्वयं पीड़ित है। हरदीप सिंह निज्जर पंजाब का रहने वाला था। उसकी हत्या कनाडा में जून में हुई थी। कनाडा में इस मामले ने इतना तूल पकड़ा की प्रधानमंत्री ट्रूडो को संसद में बयान देना पड़ा। अपनी सरकार को घिरता देख हरदीप की हत्या का आरोप भारतीय एजेंटों पर मढ़ दिया। अगर यह मामला हद के पार जाता तो जस्टिन की कुर्सी फंस सकती थी, क्योंकि कनाडा में काफी संख्या में सिख समुदाय रहता है। वहां सिख समुदाय इतना मजबूत है कि वह सरकार बनाने और बिगड़ने की कुव्वत रखता है। भारत-कनाडा के बीच तल्ख हुए संबंधों का लाभ खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू उठाना चाहता है। कनाडा में उसने सिख फॉर जस्टिस संगठन बनाया है जो भारत में अलग से खालिस्तान देश बनाने की वकालत करता है। पन्नू ने हिंदुओं को कनाडा छोड़ने का फरमान सुनाया है। इससे साफ तौर पर जाहिर होता है कि पन्नू और कनाडा सरकार एक साथ मिलकर एक दिशा में काम कर रहे हैं। कनाडा और भारत के संबंध वैसे भी काफी पुराने हैं। कनाडा-भारत के रिश्ते गर्म होने से दोनों देशों की आर्थिक गतिविधियों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। एक दूसरे का व्यापार प्रभावित होगा। ऐसी स्थिति में दोनों देशों को रिश्तों की कड़वाहट का समाधान एक टेबल पर बैठकर निकालना होगा। कनाडा को हर हाल में समझना होगा

स्वास्थ्य

योगेश कुमार सोनी

जानलेवा बनता जा रहा डेंगू

डेंगू से बीते कई वर्षों में कई मौतें हुई हैं, लेकिन हम कोरोना जैसी महामारी के बाद भी नहीं संभले जो हमारे सिस्टम पर तमाम तरह के सवालिया निशान खड़ा कर देता है। उत्तराखंड में अभी भी जनसंख्या कम है और वहां जिला अस्पतालों के अलावा एम्स भी हैं, लेकिन फिर भी वहां मरीज अच्छे उपचार व बेड न मिलने की वजह से अपनी जान गवा रहे हैं। कोरोना के बाद हम आखिर क्यों किसी आकस्मिक महामारी से अभी भी निपटने के लिए तैयार नही हैं। बावजूद इसके इस तरह का दृश्य बहुत कुछ कहने को तैयार है। इस वर्ष बाढ़ अधिक होने की वजह से कई तरह के मच्छर व उनसे संबंधित बीमारियां पैदा हुई और इस ही बीच डेंगू ने भी जमकर पैर पसारे।

वैसे तो इस समय पूरे देश में डेंगू का कहर बरस रहा है, लेकिन पहली बार उत्तराखंड में सबसे ज्यादा मामले आ रहे हैं। जिला अस्पताल प्रशासन की ओर से यह बताया गया है कि डेंगू से मरने वालों में बच्चे भी हैं। यदि आंकड़ों की बात करें तो बीते मंगलवार तक लगभग दो हजार मामले आ चुके हैं और करीब दो दर्जन लोगों की मौत भी हो चुकी है। यह आंकड़ा बेहद परेशान व चौंकाने वाला है। चूंकि हम स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपडेट होने की बात करते हैं और यह बात बेमानी सी लगती है और दुख इस बात का होता है कि हम कोरोना का भयावह कालखंड देख चुके हैं। डेंगू से बीते कई वर्षों में कई मौतें हुई हैं, लेकिन हम कोरोना जैसी महामारी के बाद भी नहीं संभले जो हमारे सिस्टम पर तमाम तरह के सवालिया निशान खड़ा कर देता है। उत्तराखंड में अभी भी जनसंख्या कम है और वहां जिला अस्पतालों के अलावा एम्स भी हैं, लेकिन फिर भी वहां मरीज अच्छे उपचार व बेड न मिलने की वजह से अपनी जान गवा रहे हैं। कोरोना के बाद हम आखिर क्यों किसी आकस्मिक महामारी से अभी भी निपटने के लिए तैयार नही हैं। यदि डेंगू की बात करें तो यह कोई आकस्मिक वायरस या बीमारी नहीं है। बावजूद इसके इस तरह का दृश्य बहुत कुछ कहने को तैयार है। इस वर्ष बाढ़ अधिक होने की वजह से कई तरह के मच्छर व उनसे संबंधित बीमारियां पैदा हुई और इस ही बीच डेंगू ने भी जमकर पैर पसारे और और लोगों पर अटैक किया।

डेंगू उत्तराखंड के अलावा हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश व राजस्थान के अलावा कुछ राज्यों को भी प्रभावित कर रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लिए बजट आवंटन 2022-23 के 28,974.29 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2023-24 में 29,085.26 करोड़ रुपये किया है और उत्तराखंड सरकार का इस वर्ष का बजट 4217 करोड़ रुपये है, लेकिन धरातल पर बावजूद इसके काम नहीं दिख रहा, चूंकि हर वर्ष होने वाली साधारण बीमारी से इस तरह लोगों का मरना गवारा नहीं हो रहा। बीते दिनों हम विश्व में जनसंख्या आधार पर नंबर एक पर आ चुके हैं और देश को संचालित करने की तैयारी हमारी उतनी सुचारू रूप से संचालित नहीं हो पा रही। स्वास्थ्य, शिक्षा व सुरक्षा किसी भी देश की बुनियादी जरूरत मानी जाती है और हम इसमें कहीं भी कमजोर पड़ जाएंगे तो निश्चित तौर पर देश डगमगा सकता है। विश्व पटल पर वायरस आने वाले समय को लेकर चिंता का विषय बना हुआ है। चूंकि निपाह वायरस का जिक्र में फ्रिक देखने को मिल रहा है, इसलिए चुनौतियां ज्यादा और इसके समाधान का समय कम है। निपाह के वायरस ने विश्व पटल सबकी नीदें उड़ा रखी हैं। निपाह वायरस के मामलों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है जिसके लिए भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद भी इसको लेकर सतर्क हो गया है, लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार यह बताया जा रहा है कि यह कोरोना से कई गुणा खतरनाक है और महानगरों व भीड़-भाड़ वाले इलाकों ज्यादा प्रभावित करेगा। बताया जा रहा है कोरोना से मरने वालों की दर

सिर्फ दो से तीन प्रतिशत ही थी, लेकिन निपाह वायरस से मरने वालों का आंकड़ा 40-70 प्रतिशत का है। यदि यह फैल गया तो केलकुलेशन यह कहती है कि शहर के शहर साफ हो जाएंगे और स्थिति इतनी भयावह होगी कि काबू नही हो पाएगी। बहरहाल, विशेषज्ञों के अनुसार जिन जगहों पर अधिक बाढ़ व बारिश आती है उन जगहों को सूखने के बाद इस तरह की दवाइयों का छिड़काव होता है जिससे मच्छर पैदा न हों और यदि डेंगू मच्छर की बात करें तो डेंगू, मादा एडीज इजिप्ची नाम के मच्छर के काटने से होता है। यह मच्छर जब काटता है तो मनुष्य का खून चूसता है और वायरस शरीर में छोड़ देता है और उसके बाद किसी अन्य व्यक्ति को काटता है तो फिर दूसरे को और अधिक तेजी से यह वायरस प्रभावित करता है और इसी तरह आगे इसकी चेन बनती चली जाती है और यह रौद्र रूप धारण करता रहता है।

डॉक्टरों के अनुसार डेंगू को तीन तरह से वर्गीत किया है, जिसमें पहली स्थिति में साधारण बुखार होता है, दूसरी में हैमरेजिक बुखार और तीसरी स्थिति वह है जो इसकी सबसे खतरनाक स्थिति मानी जाती है वह है शॉक सिंड्रोम। तेज बुखार,मांस पेशियों में दर्द, कमजोरी लगने और हल्का सा गले में दर्द होने पर आप क्षेत्रीय डॉक्टरों से उपचार करा सकते हैं, लेकिन जब शरीर के किसी भी अंग से खून आना और बार-बार होश खो देने पर तुरंत स्पेशलिस्ट से संपर्क करना चाहिए और अस्पताल में एडमिट होना अनिवार्य समझा जाता है। हम सरकारों से कितने भी गिले शिकवे करें, लेकिन हमें स्वयं ही अपनी सुरक्षा करनी पड़ेगी इसके लिए हमें कुछ एहतियात बरतने की जरुरत है। जैसा कि हम जानते हैं डेंगू, बरसात के मौसम में पनपना शुरू होता है और जुलाई से अक्टूबर तक सबसे ज्यादा प्रभावित करता है, क्योंकि इस मौसम सभी तरह के मच्छरों के पनपने का समय होता है। डेंगू मच्छर कम ऊंचाई तक उड़ पाता और खासतौर पर सुबह के समय ही काटता है। डेंगू से निपटने के लिए हमें स्वयं मेहनत करने की जरूरत है। वैसे तो हर बीमारी से बचने का एकमात्र उपाय सफाई है, लेकिन आज के दौर में थोड़ा सा और अतिरिक्त कर लिया जाए तो ज्यादा बेहतर होगा।

अपने घर को स्वच्छ रखना तो स्वाभाविक है, लेकिन साथ में अपने आस-पास भी गंदगी व पानी न जमा होने दें। जहां पानी जमा रहता है जैसे कि कूलर व अन्य इस प्रकार की कोई भी जगह तो वहां आप एक ढक्कन या आवश्यकतानुसार मिट्टी का तेल जरुर डाल दें। जैसे हम बदलते दौर के फैशन में अपने कपड़ों, जूतों और अन्य इस प्रकार की चीजों के साथ अपडेट व अपग्रेड कर लेते हैं वैसे ही बढ़ती बीमारियों से लड़ने के लिए इस तर्ज पर चलने की जरूरत है। दरअसल मामला यह भी है कि हमारे देश में हर किसी को यह लगता है कि यह घटना हमारे साथ तो हो नहीं, सकती लेकिन जब ऐसा सोचने वाला चपेट में आता है तब पछतावे के अलावा कुछ नहीं कर पाता। कोरोना से आए संकट से हमें सबक व सीख लेना चाहिए। यदि हम बाकी बीमारियों से बचने के लिए इस तरह की सुरक्षा अपना लेंगे तो निश्चित तौर पर सफलता मिलेगी।

हम डेंगू, मलेरिया व अन्य इस तरह की बीमारियों को हल्के में ले लेते हैं जिसका भुगतान अब हमें जान चुका कर पूरा करना पड़ता है। जब हमें पता है कि पहले से कोई बड़ी परेशानी आ रही है तो हमें अपने आप को बचाने के लिए तैयार रहना चाहिए और यह डेंगू से लड़ने व बचने का बिल्कुल सही समय है। अपने व परिवार की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त जागरूक रहने की जरूरत है चूंकि इस वर्ष जिंदगी 'सावधानी हटी, दुर्घटना घटी' वाली तर्ज पर चल रही है।

निरंतर रूप से निखरती है आत्म-प्रतिस्पर्धा

संकलित

दर्शन

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में रहते हुए वह अनेक छोटे-बड़े लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहता है। समाज का अंग होते हुए, समाज में अपनी पहचान बनाना भी प्रत्येक व्यक्ति का एक उद्देश्य जैसा ही प्रतीत होता है। इन उद्देश्यों, लक्ष्यों व उपलब्धियों की प्राप्ति के लिए चल रहे अनवरत प्रयत्नों के फलस्वरूप एक सामाजिक प्रक्रिया जन्म लेती है। इस सामाजिक प्रक्रिया का नाम है-प्रतिस्पर्धा। यदि सरल शब्दों में कहा जाए तो बेहतर प्रदर्शन करने की तीव्र लालसा। यह लालसा एक अबोध शिशु से लेकर एक वृद्ध तक सभी में विद्यमान रहती है। वस्तुतः जब आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर्याप्त नहीं होती, तो प्रतिस्पर्धा स्वतः ही जन्म ले लेती है। प्रतिस्पर्धा में कदाचित विरोध व ईर्ष्या की भावनाएं भी अंतर्निहित होती हैं, किंतु ऐसी प्रतिस्पर्धा स्वस्थ नहीं कही जाती। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा वास्तव में उत्कृष्टता का मार्ग प्रशस्त करती है। प्रतिस्पर्धा की यही विशेषता इसे संघर्ष से अलग करती है। एक अन्य विशेष बात यह है कि प्रतिस्पर्धा किसी तंत्र विशेष तक ही सीमित रहती है। एक विशेष तरह की प्रतिस्पर्धा एक विशेष तंत्र में ही दृष्टिगोचर होती है। किसी व्यक्ति के साथ आपकी प्रतिस्पर्धा केवल तभी तक रहती है, जब तक आप उसके साथ किसी तंत्र को साझा करते हैं। किसी व्यक्ति द्वारा वह तंत्र छोड़ते ही प्रतिस्पर्धा स्वतः समाप्त हो जाती है। यह आवश्यक नहीं कि प्रतिस्पर्धा सदैव दूसरे व्यक्ति के साथ ही हो।

कभी भी अपने पद और धन का घमंड न करें

संकलित

प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष को एक दिन अपने पद और धन का घमंड हो गया है। इसी घमंड में वे शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी को सपरिवार अपने महल में खाने के लिए निमंत्रण दिया। शिवजी ने कहा कि मैं तो कहीं आता-जाता नहीं हूं, आप एक काम करें, गणेश को अपने साथ ले जाएं। खाने का निमंत्रण पाकर गणेश जी कुबेर के महल पहुंच गए। कुबेर ने उनके लिए बहुत सारा खाना बनवाया। गणेश जी खाने बैठे तो वे खाए जा रहे थे, थोड़ी ही देर में कुबेर की रसोई का पूरा खाना खत्म हो गया। गणेश जी ने और खाना मांगा। कुबेर ये देखकर घबरा गए। गणेश जी बार-बार खाना मांग रहे थे। कुबेर ने गणेश जी के सामने हाथ जोड़ लिए और कहा कि अब तो मेरे घर का सारा खाना खत्म हो गया है। गणेश जी ने कहा कि लेकिन मेरी भूख तो अभी शांत ही नहीं हुई है। मुझे अपने रसोईघर में ले चलो। कुबेर गणेश जी को रसोईघर में ले गए तो वहां रखी सभी चीजें गणेश खा गए। उन्होंने शिव जी को पूरी बात बता दी। शिव जी ने गणेश जी से कहा कि जाओ, माता पार्वती को बुलाकर लाओ। मां पार्वती को देखकर गणेश ने कहा कि मां, कुबेर देव के खाने से मेरी भूख शांत नहीं हुई है। पार्वती अपने रसोईघर में गईं और खाना बनाकर ले आईं। उन्होंने जैसे ही गणेश जी को अपने हाथ से खाना खिलाया तो गणेश तृप्त हो गए। मां और खिलाने लगी तो गणेश जी ने कहा, मां मेरा पेट भर गया है। ये सब देखकर कुबेर देव का घमंड टूट गया और उन्हें अपनी गलती समझ आ गई।

विसर्जन

बुधवार को गुवाहाटी में विसर्जन के लिए ब्रह्मपुत्र नदी के तट पर भगवान विश्वकर्मा की मूर्तियां।

आज की पाती

धार्मिक विवादों में उलझाना कितना जायज?

यह सही है कि हर इनसान का अपना धर्म होता है और अपने धर्म का सम्मान करना, धर्म पर चलना मानव का दायित्व एवं कर्त्तव्य होता है, लेकिन धर्म की ठेकेदारी करना और धर्म को राजनीतिक हथियार बना कर राजनीति करने का क्या औचित्य हो सकता है? हम सब यह भी जानते हैं कि धर्म इनसान को रोटी, कपड़ा व मकान नहीं दे सकता है, न महंगाई, बेरोजगारी व गरीबी आदि से निजात दिला सकता है, और न ही शिक्षा, स्वास्थ्य, यातायात व्यवस्था, कानून व्यवस्था आदि प्रदान करने में सक्षम हो सकता है? जब धर्म ऐसा नहीं कर सकता है तो फिर हम समझ सकते हैं कि हमें राजनीति से जुड़े लोग धार्मिक विवाद में उलझा कर बेवकूफ बना रहे हैं, ताकि वे अपना स्वार्थ सिद्ध कर सकें। *- नेमीचंद जैन, दुर्ग*

ट्रेंड

देशवासियों को बधाई

कृषि से जुड़े नूआखाई के पावन पर्व पर सभी देशवासियों, विशेषत: ओडिशा के लोगों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं! इस पावन पर्व पर लोग धान की कटाई की खुशी मनाते हैं। यह त्योहार हमें भाईचारे और आपसी सौहार्द का संदेश देता है।

-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

बेवकूफ़ बनाओ बिल

ये महिला आरक्षण बिल नहीं महिला बेवकूफ़ बनाओ बिल है। मोदी सरकार का नया जुमला मात्र है। ये बिल 2029 के बाद भी लागू नहीं होगा। अगर मोदी की नियत साफ़ है तो 2024 में इसे लागू करो, वरना देश की महिलाओं को धोखा देना बंद करो।

-संजय सिंह, आप सांसद

गणपति जी का स्वागत

घर में स्वागत है गणपति बप्पा जी। आपको और आपके परिवार को भगवान गणेश का सम्मान करने वाले एक अद्भुत दिन की शुभकामनाएं। भगवान गणेश हम सभी को खुशी, बुद्धि, अच्छा स्वास्थ्य और खाने के लिए ढेर सारे मोदक प्रदान करें!

-शाहरुख खान, अभिनेता

आणविक मार्ग की खोज

वैज्ञानिकों ने एक आणविक मार्ग की खोज की है जो राफ नामक उत्परिवर्ती प्रोटीन के कृमि संस्करण को नष्ट कर देता है जो कैंसर की प्रगति को प्रेरित करता है। एक खोज जो सिग्नलिंग को अवरुद्ध करने की रणनीतियों को सूचित कर सकती है।

-किरण मजूमदार शॉ, उद्योगपति

करंट अफेयर

दुनिया को परमाणु हथियार मुक्त बनाने फिर हो प्रयास

जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने मंगलवार रात कहा कि वह दुनियाभर में परमाणु हथियारों को खत्म करने के प्रयासों का नेतृत्व करना चाहते हैं और परमाणु हथियार संपन्न देशों को उन देशों के साथ चर्चा में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, जिनके पास परमाणु हथियार नहीं हैं। किशिदा ने परमाणु हथियारों में इस्तेमाल होने वाली सामग्री पर रोक लगाने को लेकर 1993 में हुई संधि 'फिसाइल मैटीरियल कटऑफ ट्रीटी' (एफएमसीटी) पर फिर से चर्चा करने का प्रस्ताव रखा, जिस पर संयुक्त राष्ट्र में कभी बात नहीं हुई। हालांकि, इस संधि की प्रासंगिकता में अब भी कोई कमी नहीं आई है।

ऑफ बीट

हमारे अपने आंगन से ब्रह्मांड की खोज

ग्रहीय एनालॉग्स पृथ्वी पर ऐसे स्थान हैं जहां किसी अन्य खगोलीय पिंड पर पाई जाने वाली एक या अधिक चरम परिस्थितियां होती हैं। क्या होगा यदि ये स्थान वास्तव में ऐसे आवास हैं जहाँ जीवन विकसित हुआ है? उदाहरण के लिए, बृहस्पति के चंद्रमाओं में से एक यूरोपा पर विचार करें, जो मंगल के साथ, अलौकिक जीवन की हमारी खोज में शीर्ष दावेदारों में से एक है। इसकी सतह लगभग दस किलोमीटर मोटी बर्फ की घनी परत से ढकी हुई है, जिसके नीचे... एक महासागर है। तरल पानी का एक महासागर! यह पता चला है कि अंटार्कटिका में, लगभग 400 झीलें समान परिस्थितियों में मौजूद हैं,

संक्षेप

अमेठी में सड़क हादसे में अधिवक्ता की मौत

ट्रॉमा सेंटर में चल रहा था इलाज, एक साथी की मौके पर हुई थी मौत, 1 का चल रहा इलाज

अमेठी जिला, अमेठी में देर शाम सड़क हादसे में घायल एक युवक की इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर में मौत हो गई। इसके बाद मृतकों की संख्या बढ़कर दो हो गई, जबकि एक घायल का अमेठी सीएससी में अभी भी इलाज चल रहा है। मृत युवक सुल्तानपुर दीवानी न्यायालय में अधिवक्ता था, जो देर शाम एक साथी अधिवक्ता और मुवक्किल के साथ अपने घर जा रहा था। पूरा मामला अमेठी कोतवाली क्षेत्र के दुगार्पुर रोड स्थित बाईपास के पास का है। यहां कल देर शाम दीवानी से लौटकर अपने घर जा रहे दो अधिवक्ताओं समेत बाइक सवार एक मुवक्किल सामने खड़े ट्रक से टकरा गए। हादसे में मुवक्किल राघवेंद्र यादव पुत्र राम शंकर यादव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अधिवक्ता गंगा प्रसाद और विकास कुमार साहू गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को अमेठी सीएससी पहुंचाया, जहां से गंभीर रूप से घायल विकास कुमार साहू को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में स्थिति गंभीर देख डॉक्टरो ने उसे ट्रामा सेंटर रेफर किया था, जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों के अलावा अधिवक्ताओं में भी शोक की लहर दौड़ गई। मृतक संग्रामपुर थाना क्षेत्र के ठेंगहा कोलवा गांव का रहने वाला था।

अम्बेडकरनगर में घर में मिला महिला का शव

शरीर पर मिले चोट के निशान, पति पर हत्या की आशंका, पहली पत्नी की हत्या में जा चुका है जेल

अम्बेडकरनगर, अम्बेडकरनगर में टांडा थाना इलाके के खेतापुर गांव में घर में महिला का शव मिलने से हड़कम्प मच गया। महिला के शव पर चोट के निशान हैं। आशंका है कि महिला के पति घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि महिला का पति इससे पहले भी अपनी पहली पत्नी की हत्या में जेल जा चुका है। सूचना के अनुसार टांडा थाना इलाके के खेतापुर निवासी 40 वर्षीय सुनीता पत्नी परशुराम का लहूलुहान शव उसके घर में मिलने से हड़कम्प मच गया। आशंका जताई जा रही है कि महिला के पति ने उसकी हत्या कर शव को घर में रख कर फरार हो गया। सूचना पर पंहुची पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच कर रही है। आरोप है कि महिला का पति इससे पहले अपनी पत्नी की हत्या में जेल जा चुका है। प्रभारी निरीक्षक टांडा अमित सिंह ने बताया कि मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर नहीं मिली है। घटना की जांच की जा रही है।

जिले के 322 वृद्धजनों को मिली 2036 सहायक उपकरणों की सौगात

वृद्धजनों के जीवन में नई चेतना जागृत करने में सफल रहा शिविर

सदर विधायक ने वितरित किये सहायक उपकरण

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय अन्तर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग क तत्वावधान में सम्पूर्ण भारत में एक साथ 74 स्थानों पर सामाजिक अधिकारिता शिविर आयोजन की कड़ी में समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास, पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण केन्द्र (सीआरसी) लखनऊ), सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार तथा जिला प्रशासन बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय के जे.बी. सिंह सभागार में आयोजित मेगा सहायक उपकरण वितरण शिविर का सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। शिविर के दौरान एलिम्को, कानपुर द्वारा चिन्हित 322 वृद्धजनों को मुख्य अतिथि विधायक सदर अनुपमा जायसवाल व विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख शिवम जायसवाल ने अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अन्तर्गत 2036 उपस्कर उपकरण व्हीलचेयर, कान की मशीन, छड़ी, बत्तीसी, सिलिकान पैड, मोडिफाइड कमोड चेयर तथा लम्बर सपोर्ट का वितरण किया गया। कार्यक्रम स्थल तक वृद्धजनों के आने-जाने में सुगम्यताएं के दृष्टिगत सम्बन्धित ब्लाकों से बसों की व्यवस्थाएं की गई हैं।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में निरन्तर दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों हेतु अनेकों कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर उतारी जा रही है तथा दिव्यांगजनों के साथ-साथ वृद्धजनों को स्वावलम्बी बनाने हेतु अन्तिम पाएदान तक योजनाओं को पहुचाने का कार्य किया जा रहा है। श्रीमती जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व केन्द्र व राज्य सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका प्रयास के दिव्य मंत्र के साथ निरन्तर आगे बढ़ रही है और भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की तरफ अग्रसरित है। आज जनपद के चिन्हांकित वृद्धजनों को यह उपस्कर/उपकरण प्रदान कर सरकार उनके जीवन में नई चेतना जाग्रत कर रही है। इस अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग भारत सरकार के उप सचिव विनेश पचनन्दा, प्रशासनिक अधिकारी सीआरसी लखनऊ जी. शंकर गणेश, प्राचार्य केडीसी डॉ विनय सक्सेना, पीडीडीआरडीए राजकुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर, दिव्यांगजन सशक्तिकरण वी.पी. सत्यार्थी व अन्य अधिकारी पुर्नवास अधिकारी मुकलेश कुमार, प्रशिक्षक सीआरसी लखनऊ विकास मिश्रा कार्यालय सहायक नागाराजी डी विशेष शिक्षक कुमार भरत भूषण सहित अन्य गणमान्य एवं संभ्रान्तजन, समाजसेवी अजय सिंह उर्फ अज्जू बड़ी संख्या में लाभार्थी व उनके परिवार के सदस्य तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

कैसरगंज में संपन्न हुई विश्व हिंदू परिषद संगठन गौ रक्षा विभाग की बैठक

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। जनपद बहराईच के अंतर्गत ब्लॉक कैसरगंज के सभागार में विश्व हिंदू परिषद संगठन गौ रक्षा विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से गौ संरक्षण एवं गौ संवर्धन तथा किसान भाइयों के हितार्थ विषयों पर प्रकाश डालते हुए जोर दिया गया कि गौ पालन कर प्रत्येक किसान भाई अपने परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत बना सकता है तथा गौ के गोबर व गौमूत्र को तकनीकी विधि से प्रयोग करके समस्त क्षेत्र व जनपद को रोजगार से जोड़कर देश के विकास में योगदान दिया जा सकता है। बैठक के मुख्य अतिथि एवं प्रवक्ता विभाग गौ रक्षा प्रमुख शशिभूषण त्रिपाठी ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद संगठन गौ रक्षा विभाग ऐसे महत्वपूर्ण विषयों को लेकर प्रशासनिक अधिकारी गणों के निरंतर संपर्क है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि गाय माता हमारे सनातन धर्म व सनातन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। अतः हम सभी को मिलकर गौ माता को बचाने के लिए आगे आना चाहिए तथा ब्लाक प्रमुख संदीप सिंह विसेन व पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता संघ कैसरगंज गंगाधर मिश्र सहित डॉ अरविंद सिंह विसेन ने भी अपना अपना विचार रखा और गौ रक्षा हेतु अनेक प्रकार की बातो को बताया तथा इस बैठक में योगेश कुमार मिश्रा एडवोकेट को गौ रक्षा प्रमुख कैसरगंज बनाने की घोषणा शशि भूषण त्रिपाठी ने भी किया घोषणा के पश्चात योगेश कुमार मिश्रा एडवोकेट ने गौ रक्षा प्रमुख कैसरगंज बनाने पर धन्यवाद देते हुए अपने पद का जिम्मेदारी से निर्वाहन का बिश्वास दिलाया।उक्त बैठक में संघ पदाधिकारी राकेश कुमार दुबे, अमरेश बहादुर सिंह, डॉ कपिल शुक्ला, सिद्ध नाथ मिश्रा ,अधिवक्ता विनोद सिंह विसेन, अधिवक्ता मनोज कुमार मिश्रा, अधिवक्ता हरी राम चक्रवर्ती, अधिवक्ता विनय प्रकाश मिश्रा, शिवा पांडेय, नंद कुमार मिश्रा,गनेश धवन,रोहित सिंह,राम सेवक यादव,कमलेश कुमार, विनोद सिंह,प्रमोद सिंह,प्रवेश कुमार, पंकज सिंह, रूपनरायन, भोला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

आयुष्मान कार्ड वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। सीमावर्ती सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा क्षेत्र के अंतर्गत आयोजित आयुष्मान कार्ड वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जयप्रकाश सिंह ने फीता काटकर कार्यक्रम का किया शुभारम्भ। मिली जानकारी के मुताबिक आयोजित आयुष्मान भवः कार्यक्रम के अंतर्गत अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा डॉ आरएन वर्मा की अध्यक्षता में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज में आयुष्मान कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख श्री सिंह ने पात्र लोगों कों आयुष्मान कार्ड वितरित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस मौके पर मुख्य रूप से भाजपा मंडल पदाधिकारियों के साथ डॉ डी वी सिंह, फार्मासिस्ट महेश वर्मा,

स्वास्थ्य पर्यवेक्षक हरीराम आर्य, आयुष्मान मित्र सुरेंद्र यादव, विनोद तिवारी, सहित क्षेत्र के सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

पागल के भजनों पर जमकर थिरके श्रोता

बहराइच के राजा के दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब

काशी के कलाकारों ने बांधा समां

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। श्री गणपति पूजन महोत्सव समिति बहराइच के राजा के तत्वाधान में चल रहे 10 दिवसीय गणेशोत्सव में शनिवार रात देवी जागरण का आयोजन किया गया। बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी से आये राम भजन मण्डल जागरण पार्टी के संचालक पुनीत जेटली पागल बाबा ने पूरी रात एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। इस दौरान कलाकारों ने देवी गीत एवं झांकी प्रस्तुत कर श्रोताओं को पूरी रात बांधे रखा। मां भगवती के जागरण के आयोजन में तारा रानी का पाठ वाचन महन्त रवि भोला ने किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग उत्तर प्रदेश की सदस्या डॉ शुचिता चतुवेर्दी रहीं। सर्वप्रथम प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की विशालकाय प्रतिमा का यजमान ने पूजन अर्चन एवं आरती किया तत्पश्चात माँ भगवती के जागरण की शुरूआत हुई। काशी से आये पागल बाबा निशा मल्होत्रा एवं शुभम धर दुबे के भजनों ने पूरी रात बहराइच के राजा के दरबार में उमड़े आस्था के सैलाब को झूमने पर मजबूर कर दिया। इससे पूर्व समिति के पदाधिकारियों ने कलाकारों को अंगवस्त्र देकर कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की। जहां पागल बाबा के ₹बम-बम बोल रहा है काशी एवं महाकाल की गुलामी मेरे काम आ रही है₹ भजनों पर श्रोताओं को थिरकने पर मजबूर किया वहीं ₹तेरे जीवन में खुशियां तमाम आएंगी, ले जा माँ की दुआ तेरे काम आएंगी₹ ने श्रोताओं की आंखें भी नम कर दी। गायकों ने गणेश वंदना के गीत 'गजानन आ जाओ' से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद गायक शुभम धर दुबे,निशा मल्होत्रा आदि कलाकारों ने देवी गीत 'नैनन मे श्याम समाय गयो... भोला तेरी रोज की लड़ाई मार गई..., मेरो खोय गयो बाजू बंद...हम तेरे द्वार आए हैं मां..., चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है...मइया का चोला लाल-लाल आदि भजनों पर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। पूरी रात भक्तों का तांता लगा रहा। कार्यक्रम में पहुँची राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्या डॉ. शुचिता चतुवेर्दी का समिति के अध्यक्ष विनय रस्तोगी महामंत्री अनुराग गुप्ता,शिवाराज गुप्ता ने ₹बहराइच के राजा₹ की छायाचित्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान विजय रस्तोगी पप्पू,देव गुप्ता,आर्यन गुप्ता,शोभित साहू,राहुल गौड़,दिनेश गुप्ता,आलोक कोहली,जतिन मलिक,अक्षय रस्तोगी,दुर्गेश सोनी,नितिन मलिक,अम्बिकेश सोनी,विशाल रस्तोगी,करन साहू,मुकुल रस्तोगी,आशीष गुप्ता,ऋषि रस्तोगी, अभिषेक सिंह, अंकित जालान,राज निगम सहित समिति के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता व्यवस्था में लगे रहे। समिति के अध्यक्ष विनय रस्तोगी और महामंत्री अनुराग गुप्ता ने बताया कि आज सायं 7 बजे से विशाल भण्डारा 26 सितम्बर को धार्मिक प्रश्नोत्तरी 27 सितम्बर को बहराइच के राजा की महाआरती महाश्रृंगार एवं महाप्रसाद एवं 28 सितम्बर को विसर्जन शोभा यात्रा के साथ गणेशोत्सव सम्पन्न होगा।

जल भराव की समस्या को अनदेखा कर बनाई गई सड़क हुई छतिग्रस्त

पहली बारिश में ही कट गई नवनिर्मित सड़क

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। तहसील मोतीपुर मिहीपुरवा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुलरा व गायघाट के बीच भज्जापुरवा से दखिनहनपुरवा संपर्क मार्ग लम्बाई लगभग सवा दो किलोमीटर का निर्माण लगभग 6 माह पूर्व ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की ओर से कराया गया था। जिस पर लगभग 2 करोड रुपए का खर्च आया था। सड़क निर्माण के बाद लोगों को उम्मीद जगी थी की रास्ता आसान हो जाएगा लेकिन जल भराव की समस्या को नजर अंदाज करते हुए सड़क का निर्माण कराया गया। जिससे पहली बारिश में ही सड़क पर जल भराव होने से सड़क क्षतिग्रस्त हो गई। यदि सड़क निर्माण करते समय पुलिया का निर्माण कराया गया होता तो सड़क सुरक्षित रहती। बरसात के समय दो स्थानों पर अधिक जल भराव की स्थिति बनी रहती है। यदि जल भराव की समस्या का निदान नहीं किया गया तो सड़क कई अन्य स्थानों पर भी क्षतिग्रस्त होने की संभावनाएं हैं। इस सड़क मार्ग से लगभग आधा दर्जन गांवों के लोगों का आवागमन होता है जिसमें भज्जापुरवा ,गुलरा ,बकसहिया, दखिनहन पुरवा, राजापुर बनकटवा, हंसपुर शामिल हैं।

बहराइच के हरियाली रिसार्ट में आयोजित हुआ मातृशक्ति सम्मेलन

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। नारी शक्ति जागरण मंच अवध प्रांत के बहराइच विभागके तत्वावधान में आयोजित मातृशक्ति सम्मेलन नगर के हरियाली रिसार्ट में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रांत संयोजिका एवं उत्तर राज्य बाल कल्याण आयोग की सदस्य शुचिता चतुवेर्दी ने रखा। कार्यक्रम के प्रथम सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि रूचिता चौधरी आईपीएस अधिकारी दस नब्बे व मुख्य वक्ता राष्ट्रीय महिला आयोग की सलाहकार डॉ शशि ठाकुर कार्यक्रम की अध्यक्षता शकुंतला कौर,प्रांत संयोजिका शुचिता चतुवेर्दी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। मातृशक्ति सम्मेलन को संबोधित करते हुए आईपीएस अधिकारी 1090 ने कहा कि हम महिलाएं अपने बारे में कम सोचते हैं जब तक हम अपने बारे में नहीं सोचेंगे तब तक राष्ट्र का निर्माण नहीं होगा। उन्होंने कहा कि बहराइच जनपद से सबसे अधिक महिलाओं की तस्करी होती है इसलिए हम महिलाओं को जागरूक और शिक्षित होकर अपने बच्चियों को बचाने हेतु प्रयत्न करना होगा। मुख्यवक्ता डॉ शशि ठाकुर ने कहा कि प्राचीन काल में देश की महिलाएं शास्त्रार्थ में प्रतिभाग करती थी जिन्हें हम विद्योतमा,गार्गी,यज्ञवल्ली के नाम से जानते हैं इसलिए हमें उनको याद करके अपने आपको शिक्षित बनाना होगा तभी नारियों की स्थिति में सुधार आयेगा। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि एनएमओ प्रदेश सचिव डॉ अलका ने कहा कि जब मुगलों का आगमन हुआ तब हम पर्दे में चले गये इसीलिए महिलाएं अशिक्षित हो गयी। मुख्य वक्ता सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता सुबूही खान ने अपने उद्बोधन में कहां कि आज हम जिस संस्कृति और भारत की कल्पना कर रहे हैं वह बिना मातृ शक्ति की जागृति हुए बिना संभव ही नहीं है। श्रीमती खान ने कहा कि हर घर में भारत दिखना चाहिए और व्यक्ति में भारत दिखना चाहिए, भारत विश्व गुरु अपनी प्रकृति के कारण था और होगा। इस सत्र की अध्यक्षता वलमीत कौर ने किया। विभाग संयोजिका सुनीता सिंह ने आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

शिवपुर, बलहा व नवाबगंज मे हुई शिक्षामित्रों की समीक्षा बैठक

समस्या समाधान का मूलमंत्र संपर्क, सदस्यता एवं संघर्षः शिवश्याम मिश्रा

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। बहराइच के विभिन्न ब्लाकों मे उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की समीक्षा बैठक रविवार को संपन्न हुई। शिवपुर मे ब्लॉक अध्यक्ष जीत कुमार यादव, बलहा मे रिजवान अली व नवाबगंज में युगुलकिशोर के नेतृत्व मे आयोजित समीक्षा बैठक को प्रांतीय प्रवक्ता व जिला अध्यक्ष शिवश्याम मिश्रा ने संबोधित किया।नवाबगंज मुख्यालय बाबागंज स्थित बीआरसी सभागार मे उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी माह में लखनऊ में प्रस्तावित धरने को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई एवं सदस्यता अभियान पर जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय प्रवक्ता/जिलाध्यक्ष शिवश्याम मिश्रा व संचालन बलहा अध्यक्ष रिजवान अली ने किया। बैठक में मुख्य रूप से आगामी माह लखनऊ में प्रस्तावित धरने को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शिवश्याम मिश्रा ने कहा कि शिक्षामित्र का इतिहास हमेशा संघर्ष मय रहा है इसलिए शिक्षामित्र कभी भी संघर्ष से पीछे ना हटे। श्री मिश्रा ने कहा कि संपर्क, सदस्यता एवं संघर्ष ही समस्या समाधान का मूल मंत्र है। जिला मंत्री राहुल पाण्डेय ने समस्त पदाधिकारियों से न्यायपंचायत वार टीम बनाकर समस्त शिक्षामित्रों से संपर्क करते हुए सदस्यता अभियान चलाये जाने पर जोर दिया। बलहा अध्यक्ष ने कहा कि एकता के साथ सभी लोग सक्रिय रूप से संगठन को मजबूत करने में अपनी भागीदारी निभाएं। नवाबगंज अध्यक्ष युगुलकिशोर वर्मा ने कहा कि सभी लोग अपना सदस्यता शुल्क जमा करते हुये लखनऊ मे प्रस्तावित धरने मे चलने को तैयार रहें।

कई पदाधिकारी व दर्जनों शिक्षामित्र रहे उपस्थित

बैठक मे मुख्य रूप से जिला मीडिया प्रभारी दुर्गेश श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष दिनेश चक्रवर्ती, जिला मंत्री मो. सलीम सहित राहुल पाण्डेय, अवधेश विश्वकर्मा, मुजीब अहमद, श्यामू, संतोष सिंह, धर्मराज वर्मा, पवन सिंह, सुधा जायसवाल, निशा श्रीवास्तव, संतोष मिश्रा, शोभाराम, ओम प्रकाश, राजेश विश्वकर्मा, मोइनुद्दीन, वसीम खान, मतलूब, रामकिशोर, कौशलेन्द्र पाण्डेय, चंदीलाल, दिनेश शर्मा सहित दर्जनों शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

आयुष्मान भवः कैम्प मेला का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से आयुष्मान भवः कार्यक्रम की शुरूआत हो गयी है। इस परिपेक्ष्य में सुमेरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भगवंतनगर चैयरमैन आशीष शुक्ला की अध्यक्षता में कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में लाभार्थियों को 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज के आयुष्मान कार्ड बाटे गए।कुछ मरीजो का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ नारेंद्र कृष्णा ने बताया इस आयुष्मान मेले का उद्देश्य सरकार द्वारा अधिक से अधिक लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ पहुचाना है। आयुष्मान ऐप के जरिए भी कार्ड हासिल किया जा सकता है। हेल्थ मेला, आयुष्मान कार्ड तथा आयुष्मान सभा पर काम किया जा रहा है। इस अभियान के तहत देश में एक लाख 17 हजार से ज्यादा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर आयुष्मान मेला लगाया जाएगा, जहां पर स्वास्थ्य जांच होगी। आयुष्मान मेले के जरिए इलाज होगा। सभी ब्लॉक स्तर के अस्पताल में मेडिकल कॉलेज भी हेल्थ कैंप लगाएंगे। इस अवसर पर डॉ बी.बी.सिंह,डॉ यस. पी.सिंह,मंडल अध्यक्ष आशीष बाबा, जिलाकार्यसमिति सदस्य श्री कांत तिवारी,मंडल उपाध्यक्ष राजेश विश्वकर्मा,शिवप्रताप सिंह,अर्जुन लोधी,गौरव चौधरी,राजकुमार सोनकर,शैलेन्द्र सिंह,सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

क्षेत्रीय विधायक ने लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड किया वितरण

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। सीएचसी परिसर में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक ने लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरण किया सफीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंर्तगत निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक बंबा लाल दिवाकर ने आयुष्मान भवः आयुष्मान कार्ड लाभार्थियों को वितरित किया ।विधायक ने डाक्टर ब्रजेश सिंह से मरीजों के संबंध में जानकारी जुटाई चिकित्सा प्रभारी डाक्टर राजेश कुमार वर्मा को अस्पताल आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए इस मौके पर सी एच सी के समस्त स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

बाबागंज पुलिस चौकी पर आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक

आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ मनायें अपने त्यौहारः ब्लॉक प्रमुख

शांति व्यवस्था बाधित करने वालों पर रखी जाएगी नजरः प्रभारी निरीक्षक

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। आदर्श थाना रूपईडीहा प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह की अध्यक्षता में पुलिस चौकी बाबागंज में गणेश प्रतिमा विसर्जन व बारावफात के जुलूस के दृष्टिगत चौकी क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों की उपस्थिति में पीस कमेटी की मीटिंग संपन्न हुई। मीटिंग को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने कहा कि सभी लोग आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ अपने-अपने त्यौहार को मनायें। किसी भी पक्ष द्वारा कोई नई परंपरा नहीं शुरू की जाएगी। उपद्रवी व अराजक तत्वों पर नजर रखी जाएगी। शांति व्यवस्था बाधित करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जयप्रकाश सिंह ने उपस्थित हिंदू और मुस्लिम दोनों पक्ष के लोगों से सौहार्दपुर वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील की। इस मौके पर बाबागंज चौकी प्रभारी राम गोविंद वर्मा, आरक्षी देवेंद्र कनौजिया, भारत यादव, संजय गौड़, प्रधान प्रतिनिधि हाजी अनवर, अध्यक्ष गणेश पूजा कमेटी मोहित सोनी, बारावफात कमेटी अध्यक्ष मोहम्मद समीर सहित शिवकुमार पटवा, शकील कुरैशी, गुल्ले, आदर जायसवाल, गोविन्द गुप्ता, उत्तम कुमार, मो.शकील, विजय तिवारी, देवेंद्र पाठक, अखिलेश श्रीवास्तव,पप्पू गुप्ता, मो. अकील उर्फ नन्हे सहित तमाम संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

बागपत में जिला अस्पताल में डॉक्टरों का हंगामा

चोरी के खुलासे की मांग, पुलिस ने 72 घंटे का समय मांगा तो काम पर लौटे डॉक्टर

बागपत, बागपत के जिला अस्पताल में भारी हंगामा हो गया। चिकित्सकों ने अपने-अपने कार्यालय छोड़कर जिला अस्पताल के परिसर में इकट्ठा हो गए और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। हंगामा कर रहे चिकित्सकों का आरोप था कि जिला अस्पताल में नियुक्त तीन चिकित्सकों के आवासों के बुधवार को ताले तोड़कर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इसके चलते चिकित्सकों ने एक चोर को चोरी करते रंगेहाथ पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया था। आरोप है कि पुलिस ने चोरी में शामिल अन्य चोरों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। इस कारण अस्पताल में डॉक्टर उत्तेजित हो गए और उन्होंने पुलिस की कार्यशैली को लेकर जमकर हंगामा किया। इस दौरान अस्पताल में भर्ती सैकड़ों मरीजों को घंटों भारी परेशानी का सामना करना पड़ा क्योंकि चिकित्सकों ने काम छोड़कर हड़ताल कर दी। हंगामे की सूचना पर जिला अस्पताल पहुंचे शहर कोतवाली प्रभारी अनिल शर्मा ने चोरों को गिरफ्तार करने और कठोर कार्रवाई करने के लिए 72 घंटे का समय लिया। उसके बाद चिकित्सक शांत हुए और अपनी-अपने ड्यूटी पर चले गए। अब देखना यह होगा कि 72 घंटे बाद पुलिस चोरों को गिरफ्तार करती है या फिर चिकित्सक हड़ताल पर जाएंगे।

मेरठ में विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत

4 महीने पहले हुई थी शादी, परिजनों ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

मेरठ, मेरठ के लिसाड़ी गेट के उज्जवल गार्डन में संदिग्ध हालत में विवाहिता की मौत हो गई है। विवाहिता की 4 महीने पहले ही शादी हुई थी। वहीं सूचना पर पहुंचे परिजनों ने ससुराल वालों पर बेटी को दहेज प्रताड़ना में हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं परिजनों ने मौके पर हंगामा कर दिया। मामला लिसाड़ी गेट उज्जवल गार्डन का है। यहां रहने वाले साकिब का निकाह अलीबाग कालोनी निवासी आयशा से 4 महीने पहले ही हुआ है। आज घर में आयशा की डेडबॉडी मिली है। विवाहिता आयशा के घरवालों ने इसे दहेज हत्या बताया है। जबकि ससुराल वालों का कहना है कि बीमारी के कारण बहू की मौत हुई है। मृतक आयशा की मां हसीना बेगम, पत्नी सरफल अली ने लिसाड़ी गेट थाने में तहरीर दी है। जिसमें बेटी की मौत को हत्या बताकर जांच करने की मांग की है। मां हसीना ने बताया, बेटी के साथ मारपीट करते थे, शाम को फोन आया कि आवाज बंद हो गई। हमने कहा अस्पताल ले जाओ, बेटी के ससुराल पहुंचे तो देखा कि बेटी की मौत हो चुकी थी। जब ससुराल वालों से पूछा कि कहां इलाज कराया और अस्पताल का कागज दिखाओ तो वो दिखा नहीं सके। पड़ोसियों ने बताया कि बेटी के साथ मारपीट की है। शादी के बाद से ससुराल वाले बेटी को दुखी रखते थे।

राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस समारोह का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। राष्ट्रीय सेवा योजना सेण्ट ऐण्ड्रयूज कालेज, गोरखपुर द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पधारे बिहार सरकार के सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरविंद कुमार पांडेय ने उपस्थित स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं को सफलता के मंत्र दिए। उन्होंने राष्ट्र के प्रति अपने आप को समर्पित करने का आह्वान किया। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा को ध्यान में रखकर उन्होंने वन संरक्षण पर बोलते हुए कहा कि आप इसकी शुरूआत अपने घर से कर सकते हैं ।अपने परिवेश से कर सकते हैं ।आप अपने घरों में इंडोर प्लांट लगाए ।अपने आसपास खाली जगह पर फलदार वृक्ष लगाए तो यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आपका सार्थक प्रयास होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कॉलेज के वरिष्ठतम आचार्य डॉ एस डी शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना अपने से पहले दूसरे के बारे में सोचने की प्रवृत्ति विकसित करती है ।कार्यक्रम में पधारे डॉ सुभाष पी डी ने कहा कि अब राष्ट्रीय सेवा योजना की महत्ता बहुत ही ज्यादा बढ़ गई है और वह समाज के प्रत्येक जन जागरूकता कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता कर रही है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 जे0 के0 पाण्डेय ने बताया 24 सितंबर 1969 को राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना छात्रों को राष्ट्र सेवा के कार्यों में लगाए जाने की संभावनाओं की दृष्टिगत किया गया। इसका उद्देश्य सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य और उद्देश्य को विस्तार से समझाया ।कार्यक्रम अधिकारी डॉ अरविंद कुमार सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक चिन्ह के बारे में विस्तार से बताया ।कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अर्चना श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना और उसके द्वारा किए जा रहे जन जागरूकता कार्यक्रमों को बताया। उक्त अवसर पर स्वयंसेविकाओं व स्वयंसेवकों द्वारा परिसर में सफाई का कार्य किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ डॉ सुभाष पी डी ने कालेज डायरी से प्रार्थना पढ़ कर की। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन डॉ नीरज श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम के अन्त में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर डॉ श्रीमती सुषमा जान द्वारा सम्मानित किया गया। । इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षक डॉ दीपक सिंह, डॉ एस डोमिनिक राजकुमार, डॉ निधि लाल ,डॉ शिबा हिमानी शर्मा, डॉ हरिओम गुप्ता डॉ देवेश त्रिपाठी, डॉ सैयदा, अनुपम सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवक तथा स्वयंसेविकायें तथा रोवर रेंजर्स की उपस्थित रही।

पीपीए की बैठक में संगठन को मजबूत बनाने के लिए किया गया विचार

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां पूर्वांचल पत्रकार एसोशिएशन की मासिक बैठक प्रेस क्लब कार्यालय सहजनवां में सम्पन्न हुआ। जिसमें संगठन को और मजबूत बनाने के लिए विचार किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष अवधेश दुबे ने कहा कि जब संगठन मजबूत होगा तो हम मजबूत होंगे। सभी साथियों के संगठित रहने से मजबूती मिलेगी। किसी भी समस्या का समाधान आसानी से कर लिया जायेगा। तहसील अध्यक्ष डा0 मंगल शुक्ल ने कहा कि चौथे स्तम्भ की जिम्मेदारी है कि वह अपनी कलम की ताकत दिखा कर पीड़ित को न्याय दिलाने। जिसके लिए किसी से डरने की जरूरत नही है। संगठित होने किसी भी समस्या का समाधान समय से कराया जा सकता है ।कार्यक्रम का संचालन दिनेश कुमार शुक्ल तथा अध्यक्षता नरेंद्र सिंह ने किया। इस दौरान अरुण मिश्र, सत्य प्रकाश त्रिपाठी, हमीद अंसारी, बेचन शर्मा, आधाराम मिश्र, राधवेंद्र तिवारी, बीड़ी शुक्ल, अमित उपाध्यय, सूरज सिंह, चंदन सिंह, चंदन तिवारी, संजय कुमार गुप्ता, रमेश तिवारी, प्रभात श्रीवास्तव, सन्तोष भट्ट, कृष्ण कुमार त्रिपाठी, अजय तिवारी, उपेंद्र तिवारी, सहित अनेक मीडिया कर्मी मौजूद थे।

पेड़ से लटका हुआ मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां थाना क्षेत्र स्थित के ग्राम पुड़ा में शनिवार की रात 8.00 बजे पेड़ से लटका हुआ युवक का शव मिला है। मौके पर पहुंची पुलिस अपने कब्जे में ले लिया है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के ग्राम भरोहिया निवासी अंबुज मिश्रा 20 वर्ष के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार- अंबुज मिश्रा घघसरा बाजार करने निकले थे। काफी देर बाद जब घर नहीं लौटे तो घर वाले खोज-बीन शुरू कर दिया। पुंडा स्थित आम के बाग में पेड़ से लटकता शव देखकर सभी के होश उड़ गए। पुलिस से लोगों ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए शिकायत की है। युवक के मृत्यु को लेकर चचाओं का बाजार गर्म है। लोगों का कहना है कि पुंडा से भरोहिया की दूरी तकरीबन 5 किलोमीटर है। इतनी रात को वह पुंडा कैसे पहुंचा ।

सीएचसी सहजनवा पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

गोरखपुर। सहजनवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहजनवा पर रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि चेयरमैन सहजनवा संजू सिंह ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया गया। इस दौरान इन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों की सुविधा के लिए भाजपा सरकार द्वारा हर सम्भव सुविधाएं मुहैया करा रखी है। जिसका लाभ भी मरीजों को मिल रहा है। आयुष्मान कार्ड धारकों को सरकार पांच लाख रुपये तक का मुक्त इलाज कराने की सुविधा मुहैया कराया। तथा अस्पतालों में निःशुल्क जांच तथा दवाएं मिल रही है। शिविर में पहुचे मरीजों के ब्लेड प्रेसर, सुगर, खून की जांच, नेत्र, थाइराइड, सहित अनेक बीमारियों की जांच कर दवा वितरित किया गया ।इस दौरान अधीक्षक डा0 व्यास कुशवाहा, डा0 अवनीश यादव, मनीष पांडेय, अरशद खान, राके ,हीरालाल, मनीष सहित अनेक स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

आईजीएल ने विद्या भारती के राष्ट्रीय कार्यकारणी बैठक में सहयोग किया

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत गीडा थाना क्षेत्र स्थित के इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल ने विद्या भारती के राष्ट्रीय कार्यकारणी बैठक में सहयोग किया और कहा की हम सदैव देश निर्माण में अपनी भूमिका निभाते रहेंगे। वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसंपर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने प्रदेश संगठन मंत्री हेमचंद जी को भगवद गीता सप्रेम भेंटकर स्वागत किया और कहा की जिस तरह से आरएसएस की सभी अनुसंगानिक शाखाएं देश निर्माण अपनी प्रमुख भूमिका निभा रही है। जिस तरह से यह संगठन कार्य करता है आज समूचा विश्व इससे सीख ले रहा है। इसके साथ ही डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने बताया की रात दिन निस्वार्थ भाव से देश सेवा विद्या भारती के रोम रोम में बसता है । डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने इस पुनीत कार्य में आईजीएल कंपनी को सेवा का अवसर देने पर सभी के प्रति आभार जताया।

धूमधाम से स्वास्थ्य मेले का हुआ शुभारंभ

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकताओं ने फीता काटकर किया उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली में स्वास्थ्य मेंले का भव्य आयोजन किया गया कार्यक्रम में पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अल्प मोर्चा अध्यक्ष डॉ वी के साहू अमौली मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ-साथ सलंग्न अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जजमोइया अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चांदपुर आदि में भी स्वास्थ्य मेला लगा जहां मरीजों ने पहुंचकर उपचार कराया वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली के तत्वावधान में क्षेत्र में बढ़ती बीमारियों को देखते हुए विकासखंड के गंगौली गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार ने बताया कि शिविर में पहुंचे डॉक्टर नागेंद्र कुमार सिंह की टीम ने गांव के 38 मरीजों का परीक्षण किया जिसमें पांच मरीजों की मलेरिया जांच की गई जो ऋणात्मक पाई गई वहीं शिविर में आए मरीजों में 6 मरीज बुखार के 6 मरीज त्वचा रोग आठ मरीज खांसी जुकाम एवं 6 मरीज बदन दर्द एवं 12 मरीज अन्य मर्जो के मिले जिनका उपचार करते हुए चिकित्सकों ने दवा वितरित की इसके साथ-साथ गांव में भ्रमण करते हुए चिकित्सकों ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां आम जनमानस को देते हुए साफ-सफाई के प्रति जागरूक कियो भव्य मेले के शुभारंभ के समय कार्यक्रम के आयोजक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार के साथ समाजसेवी डॉक्टर वी के साहू पूर्व जिला मंत्री डॉ राम भक्त वर्मा अमौली मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मंसूर पठान वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता गौरीशंकर अवस्थी समेत दर्जनों चिकित्सक तथा समाज सेवी मौजूद रहे

जनपदीय योगासन चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा में आईजीएल बिजनेस हेड ने किया सहयोग

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत गीडा थाना क्षेत्र स्थित के इंडिया ग्लाईकाल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल ने गोरखपुर जनपद के रिजीनल स्टेडियम में आयोजित जनपदीय योगासनशीप प्रतिस्पर्धा में सहयोग प्रदान किया और व्यवसायिक व्यस्तायो के कारण शामिल नही हो पाए। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसंपर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा शामिल हुए और उन्होंने बिजनेस हेड एस के शुक्ल के संदेश को सभी से साझा किया और कहा की निसंदेह योग क्रियाएं बच्चो के शारीरिक, मानसिक विकास में सहायक होगी ।योग से जहा शरीर निरोग होता है वही मानसिक मजबूती भी मिलती है ।इसके साथ डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने बताया की यूथ पावर एसोसिएशन द्वारा चलाए जा रहे स्किल्ड डेवलपमेंट प्रोग्राम में भी आईजीएल कंपनी ने सहयोग किया है । कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी सब्बीर अहमद भी शामिल उपस्थित रहे ।

साफ सफाई के प्रति गंगा बचाओ समिति ने किया जागरूक

साफ-सफाई को लेकर चला स्वच्छता अभियान, लोगों को किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत रविवार को गंगा बचाओ समिति और युवा विकास समिति के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छ भारत अभियान के तहत जागरूकता एवं स्वच्छता अभियान चला। इसके तहत फतेहपुर सिविल लाइन स्थित गांधी पार्क पर सफाई की गई। इस दौरान लोगों में सफाई के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत इस मौके पर लोगो ने शपथ ली मैं शपथ लेता हूं कि मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूंगा और उसके लिए समय दूंगा । हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूंगा। मौके पर कार्यक्रम के आयोजक युवा विकास समिति के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन को लेकर जागरूकता हेतु इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिससे बच्चों में जागरूकता के साथ साथ उनका मानसिक विकास भी हो। मौके पर गंगा बचाओ समिति के ज्ञान प्रकाश तिवारी ने स्वच्छता के बारे में बताते हुए बच्चों सहित अन्य लोगों को स्वच्छता पर आधारित कई निर्देश दिए।

विद्या भारती की अखिल भारतीय कार्यकारिणी समिति बैठक गोरखपुर में सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की कार्यकारिणी की बैठक 22 से 24 सितम्बर सरस्वती शिशु मन्दिर पक्कीबाग गोरखपुर में सम्पन्न हुई। समापन सत्र को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय संगठन मन्त्री गोबिंद चन्द्र महंत ने कहा कि कोरोना काल की विभिषिका के बाद भी हम छात्र संख्या और विद्यालय संख्या व संस्कार केन्दों को बढ़ाने में सफल रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष की तैयारी हो रही है। हमें यह विचार करना है कि जिन क्षेत्रों में विद्या भारती का कार्य नहीं है ऐसे क्षेत्र के लिए योजना निर्माण कर, प्रयत्न कर, वातावरण निर्माण कर वहां विस्तार करना है। गुणवत्ता युक्त विकास के लिए गुणवत्ता युक्त आचार्य, प्रधानाचार्य एवं समिति का होना आवश्यक है। अपने उद्बोधन में अपने विचार व्यक्त करते हुए अखिल भारतीय अध्यक्ष डी. रामकृष्णराव ने कहा कि हम उस संधि काल मे बैठे हैं जिसमें शिक्षा जगत में परिवर्तन बहुत तेजी से हो रहा है। इसलिए हमें जागरूक होकर कार्य करना है। परिवर्तन के लिए वैचारिक संघर्ष चल रहा है उसमें हमारी भी सक्रिय भूमिका होनी चाहिए। राष्ट्र विरोधी ताकतों को परास्त करते हुए हमें भारतीय शिक्षा को स्थापित करना होगा। विरोधियों का अस्त्र है समाज को भ्रमित करना, सज्जन शक्ति में अविश्वास पैदा करना व देश के प्रति श्रद्धा भाव को कम करना, वे यह कार्य कर रहे हैं। इसलिए इन राष्ट्र विरोधी ताकतों को परास्त करने के लिए हमें सतर्क रहकर समाज के मानस निर्माण के लिए अलग योजना रचना का निर्माण करना होगा जिसके लिए सतत कार्य करना होगा। हमारा काम शिक्षा क्षेत्र में विमर्श खड़ा करना है। सत्य व धर्म आधारीत विषय को सामने लाना है। विद्या भारती के कार्यों, प्रयोगों व परिणामों से समाज को अवगत कराना होगा। हमारे समाज से पाश्चात्य मोह को भंग करना तथा आत्म गौरव का भाव जागृत करना है। उसके लिए शिक्षाविदों, बुद्धिजीवियों तथा मीडिया से संपर्क करना, उनको साथ लेकर चलना व उन्हें अपनी विशिष्टताओं से अवगत कराना आवश्यक है। व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है 35 वर्ष से नीचे की हमारी जनसंख्या 60% है उनके लिए स्किल एजुकेशन वोकेशनल एजुकेशन को बढ़ावा देना है। 50% जनसंख्या को स्किल्ड बनाकर भारत को सक्षम बनाया जा सकता है। समाज के सभी क्षेत्रों का मंत्र क्षेत्र शिक्षा क्षेत्र है क्योंकि इसके द्वारा देश के विकास का संचालन एवं संवर्धन संभव है। इससे पूर्व कार्यकारी बैठक के अंतिम दिन प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए वर्ल्ड इंटेलेक्चुअल फाउंडेशन संस्था की डॉक्टर हिमांगी सिन्हा ने विद्यालय सर्वेक्षण की योजना विषय पर प्रकाश डाला। अखिल भारतीय बैठक में अनेक विषयों का वृत्त कथन हुआ। तीन पुस्तकों का विमोचन हुआ। 23 सितम्बर रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम, परिसर में लगाई गई शिशुवाटिका प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। बैठक में देशभर के विभिन्न प्रान्तों से पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। धन्यवाद ज्ञापन अखिल भारतीय महामंत्री अवनीश भटनागर ने किया, संचालन अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य प्रो. कीर्ति पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री यतीन्द्र शर्मा व श्रीराम आरावकर, अखिल भारतीय मंत्री श्री शिवकुमार जी आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

सो रहा है जल निगम कब पड़ेगी पाइप लाइन

अमन लेखनी समाचार

औग, फतेहपुर। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी ग्रामीण पेयजल योजना हर घर नल आखिरी दिसम्बर तक पूरा करने का लक्ष्य सरकार द्वारा निर्धारित किया गया था । इस योजना के अन्तर्गत विकास खण्ड मलवां की ग्राम पंचायत औंग भी चयनित है । जिसके दो वाटर हेड टैंक के निर्माण का कार्य इसी ग्राम पंचायत के मजरे कीचकपुर में शुरू हो गया है। किन्तु गांव तथा मजरों में पड़ने वाली 18 किलोमीटर पाइप लाइन डालने का कार्य अभी तक नहीं आरम्भ हो सका है । जबकि उक्त योजना का बजट विभाग को प्राप्त हो चुका है।

पाइप लाइन की जमीन हाईवे के पास

पाइप लाइन के चक्कर में गांव के अन्दर ग्राम पंचायत स्तर से होने वाले कार्य रुके हुए हैं हाईवे के दोनों ओर पड़ने वाली पाइप लाइन की जमीन नेशनल हाईवे के पास है, स्मरण हो कि पेयजल आपूर्ति तथा विद्युत आदि की जमीन नाला प्लेटफार्म के बाद शेष है जो अधिग्रहीत भूमि 25 मीटर के अन्तर्गत है और इसके प्रतिकर का भुगतान भी किया जा चुका है लेकिन नेशनल हाईवे के द्वारा यह जमीन सुरक्षित नहीं की जा सकी है

इसीलिए पेयजल आपूर्ति की पाइप लाइन डालने का काम अभी तक रुका हुआ है । नेशनल हाईवे के रोड मैप के अनुसार पेयजल पाइप लाइन व विद्युत आपूर्ति लाइन सर्विस लेन में नहीं पड़ेगी , इसके बावजूद पुरानी पानी की टंकी की पाइप लाइन में पड़ गई और नेशनल हाईवे ने कोई विरोध नहीं किया। अब चूंकि नई 18 किलोमीटर पाइप लाइन पड़नी है जिसके लिए सड़क के दोनों ओर जमीन चाहिए जो नेशनल हाईवे के पास है, लेकिन जल निगम के अभियंताओं ने अभी तक जमीन के लिए कोई पहल नहीं की है।

समय से कार्य पूरा होना टेढ़ी खीर

जल निगम फतेहपुर द्वारा निर्धारित समय पर उपरोक्त कार्य पूरा कर पाना असम्भव सा प्रतीत हो रहा है। पाइप लाइन डालने के लिए कार्यदाई संस्था जमीन खाली होने का बड़ी खामोशी से इन्तजार कर रही है । जल निगम विभाग के अधिशाषी अभियन्ता के द्वारा अभी तक नेशनल हाईवे को जमीन खाली कराकर देने के लिए कोई भी पत्राचार नहीं किया गया है और न ही हाईवे का लैंडिंग मैनेजमेंट इस पर गम्भीर दिखाई पड़ रहा है । ज्ञात हो कि फोर लेन से सिक्स लेन हाईवे निर्माण हेतु भारत सरकार ने सड़क किनारे जनता की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखकर सिक्स लेन व सर्विस लेन के अतिरिक्त विद्युत आपूर्ति, पेयजल आपूर्ति तथा पैदल मार्ग की जमीन का अधिग्रहण किया था

श्रीराम सुनने को उमड़ा भक्तों का जन सैलाब

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। मलवा विकास खंड के शिवराजपुर गाँव मे चल रही नवदिवसीय श्रीराम कथा के आठवे दिन श्रीराम सुग्रीव मित्रता प्रसंग सुनाया तो श्रोता भावविभोर हो गए ।आचार्य राकेश पांडेय ने बताया श्रीराम ने बालि का वध किया और सुग्रीव को किसकिन्धा का राजा बनाया ।आचार्य ने कहा श्रीराम ने कहा है कि उपकार ही मित्रता का फल है ।मित्र एक-दूसरे का भला करते हैं यानी एक-दूसरे पर उपकार करते हैं ।मित्र एक-दूसरे को सभी कष्टों से मुक्ति दिलाते हैं ।श्रीराम और सुग्रीव अग्नि को साक्षी बनाकर मित्रता करते हैं ।सुग्रीव श्रीराम से कहते हैं कि आप मेरे प्रिय मित्र हैं ।आज से हम दोनों के दुख और सुख एक हैं ।आचार्य ने आगे सीता की खोज, रावण का पुत्र का वध, वाटिका के तहश नहश करने एवं लंका दहन के प्रसँग सुनाएँ ।इस मौके पर धनंजय द्विवेदी, दीपक त्रिपाठी, भुल्लन दुबे, अवधेश त्रिपाठी, सुनील शुक्ला, प्रदीप तिवारी , विवेक द्विवेदी, शालिग्राम दीक्षित, बच्चन द्विवेदी, राजकिशोर द्विवेदी, पवन शुक्ला, सूरज सिंह, आलोक त्रिपाठी, सूरज त्रिपाठी, बृजराज सिंह रहे ।मलवा विकास खंड के रामपुर मे चल रहे गणेश महोत्सव मे दुर्गा मंदिर मे चल रही श्रीमदभागवत कथा मे आचार्य यदुनाथ अवस्थी ने चतुर्थ दिवस श्री कृष्ण जन्म के प्रसंग सुनाएँ ।बधाई गीतों संग श्रोता झूमने लगे ।व्यवस्था संभालने वालो मे मनोज सिंह गौतम, रामशंकर, अनिल आदि रहे।

बुलंदशहर में महात्मा गांधी को किया याद

- डीएम बोले- बापू ने स्वच्छ और विकसित देश की कल्पना की थी, हमें इसे पूरा करना है

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, गांव, नगर में साफ सफाई बनाये रखने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों को स्वच्छता की- "महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फ राजनीतिक आजादी ही नहीं थी बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी। महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर भारत को आजाद कराया। अब हमारा कर्त्तव्य हैं की गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें। मैं शपथ लेता हूं कि मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूंगा और उसके लिए समय दूंगा। हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के संकल्प को चरितार्थ करूंगा। मैं न गंदगी करूंगा और न किसी को करने दूंगा। सबसे पहले मैं स्वयं से, मेरे परिवार से, मेरे मोहल्ले से, मेरे गांव से एवं मेरे कार्य स्थल से शुरूआत करूंगा। मैं यह मानता हूं कि दुनिया के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं उसका कारण यह है कि वहां के नागरिक गंदगी नहीं करते हैं और न ही होने देते हैं। मैं आज जो शपथ ले रहा हूं मैं अन्य 100 व्यक्तियों से भी करवाऊंगी कि वे भी मेरी तरह स्वच्छता के लिए 100 घंटे दें इसके लिए प्रयास करूंगा। इस विचार के साथ में गांव-गांव और गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूंगा। मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया मेरा एक कदम पूरे देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा।" शपथ दिलाई। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी प्रत्येक शनिवार 2 घण्टे कार्यालय में साफ सफाई करायें।

शिवपुर, बलहा व नवाबगंज मे हुई शिक्षामित्रों की समीक्षा बैठक

अमन लेखनी समाचार

बहराइच । जिले के विभिन्न ब्लाकों मे उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की समीक्षा बैठक रविवार को संपन्न हुई। शिवपुर मे ब्लॉक अध्यक्ष जीत कुमार यादव, बलहा मे रिजवान अली व नवाबगंज में युगुलकिशोर के नेतृत्व मे आयोजित समीक्षा बैठक को प्रांतीय प्रवक्ता व जिला अध्यक्ष शिवश्याम मिश्रा ने संबोधित किया।नवाबगंज मुख्यालय बाबागंज स्थित बीआरसी सभागार मे उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में आगामी माह में लखनऊ में प्रस्तावित धरने को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई एवं सदस्यता अभियान पर जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय प्रवक्ता/जिलाध्यक्ष शिवश्याम मिश्रा व संचालन बलहा अध्यक्ष रिजवान अली ने किया।बैठक में मुख्य रूप से आगामी माह लखनऊ में प्रस्तावित धरने को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई।बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शिवश्याम मिश्रा ने कहा कि शिक्षामित्र का इतिहास हमेशा संघर्ष मय रहा है इसलिए शिक्षामित्र कभी भी संघर्ष से पीछे ना हटे। श्री मिश्रा ने कहा कि संपर्क, सदस्यता एवं संघर्ष ही समस्या समाधान का मूल मंत्र है। जिला मंत्री राहुल पाण्डेय ने समस्त पदाधिकारियों से न्यायपंचायत वार टीम बनाकर समस्त शिक्षामित्रों से संपर्क करते हुए सदस्यता अभियान चलाये जाने पर जोर दिया। बलहा अध्यक्ष ने कहा कि एकता के साथ सभी लोग सक्रिय रूप से संगठन को मजबूत करने में अपनी भागीदारी निभाएं। नवाबगंज अध्यक्ष युगुलकिशोर वर्मा ने कहा कि सभी लोग अपना सदस्यता शुल्क जमा करते हुये लखनऊ मे प्रस्तावित धरने मे चलने को तैयार रहें।

कई पदाधिकारी व दर्जनों शिक्षामित्र रहे उपस्थित

बैठक मे मुख्य रूप से जिला मीडिया प्रभारी दुर्गेश श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष दिनेश चक्रवर्ती, जिला मंत्री मो.सलीम सहित अवधेश विश्वकर्मा, मुजीब अहमद, श्यामू, संतोष सिंह, धर्मराज वर्मा, पवन सिंह, सुधा जायसवाल, निशा श्रीवास्तव, संतोष मिश्रा, शोभाराम, ओम प्रकाश, राजेश विश्वकर्मा, मोइनुद्दीन, वसीम खान, मतलूब, रामकिशोर, कौशलेन्द्र पाण्डेय, चंदीलाल, दिनेश शर्मा सहित दर्जनों शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

केंद्रीय मंत्री ने फीता काटकर स्वास्थ्य मेले का किया शुभारंभ

जहानाबाद विधायक समेत बीजेपी के समर्थकों ने वृक्षारोपण कर निभाई अहम भूमिका

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के बिंदकी तहसील अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहानाबाद में स्वास्थ्य सिविर के तहत मेले का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति एवं जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया विशाल स्वास्थ्य मेले में सैकड़ो की संख्या में पहुंचे मरीजों ने उपचार कराया वहीं मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री ने लाभार्थियों को आयुष्मान भव के तहत गोल्डन कार्ड वितरित किए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पहुंचे मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के साथ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ समाजसेवी सोमेश्वर पटेल गीता गुप्ता मालती वर्मा अनिल गुप्ता रविंद्र नाथ पांडे बक्शी शैलेश गुप्ता आदि ने प्रांगण अंतर्गत वृक्षारोपण कर पर्यावरण को बढ़ावा दिया कार्यक्रम के आयोजक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर जयप्रकाश वर्मा ने आए हुए सभी अतिथियों समेत आम जनमानस का आभार व्यक्त कियो

अन्य अस्पतालों में भी सजी रंगशाला

जनपद के बिंदकी तहसील के अंतर्गत बिंदकी ,औग ,जहानाबाद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जहां जनप्रतिनिधियों ने सैकड़ो लोगों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड वितरित किए वही जहानाबाद कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने किया इसी प्रकार बिंदकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ विधायक जयकुमार सिंह ने किया उन्होंने लोगों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड भी वितरित किए इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे वही औग कस्बे की नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में जहानाबाद क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने लोगों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए जहानाबाद क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा आयुष्मान बनने से लाखों लोगों को इलाज मुक्त हो सकेगा महिलाओं के 33% आरक्षण के लिए कहा कि विपक्ष के लोग नहीं चाहते थे कि महिलाओं को 33% आरक्षण मिले महिलाओं के 33% आरक्षण से मातृ शक्ति की जीत हुई है इससे लोकतंत्र और मजबूत होगा

खास समाचार

विद्युत लाइन शिफ्टिंग कर के लगाया जा रहा है लाखों रुपए का चूना

अमन लेखनी समाचार

गरौठा, झाँसी। झांसी जिले के अंतर्गत आने वाले तहसील गरौठा के ग्राम पंचायत धमनोड़ में विद्युत विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से दादरी सरकार के नाम से विख्यात हनुमान जी मंदिर पर ग्राम धमनोड़ से होते हुए विद्युत लाइन निकली हुई थी।जिसका शिफ्टिंग का ठेका विद्युत विभाग के किसी उच्च अधिकारी ने ले रखा था। लेकिन उक्त शिफ्ट की जाने वाली लाइन का विद्युत विभाग के रजिस्टरों में कोई भी लेखा-जोखा नहीं था। जब मीडिया की टीम ग्राम धमनोड़ पहुंची तो विद्युत विभाग के छोटे-छोटे कर्मचारी कैमरे के सामने आने से छिपते नजर आए। लेकिन लाइन शिफ्टिंग का कार्य बराबर चलता रहा। सोचने वाली बात यह है कि एक ओर जहां विद्युत विभाग आम जनता को विद्युत चोरी न करने के लिए जागरूक करता है तो वही दूसरी और स्वयं विद्युत विभाग चोर बनता नजर आ रहा है।इस संबंध में जब उपखंड अधिकारी ललितेश यादव से फोन पर वातार्लाप किया तो उन्होंने बताया है कि उनके पास ग्राम धमनोड़ से किसी भी प्रकार की लाइन शिफ्टिंग की कोई भी फाइल नहीं आई हुई है। तो इसलिए साबित होता है कि कहीं ना कहीं विद्युत विभाग के अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा ही उच्च अधिकारियों को अंधेरे में रखकर लाइन शिफ्टिंग का कार्य करवाया जा रहा है।जिससे विद्युत विभाग को लाखों रुपए का चूना लगाया जा रहा है।अब देखना यह है कि उच्च अधिकारियों के संज्ञान में बात आने के बाद उच्च अधिकारी टीम गठित कर जांच उपरांत दोषियों के खिलाफ क्या कार्यवाही करते हैं या सिर्फ लीपा पोती करके निचले स्तर के कर्मचारियों को फंसा कर मामले को शांत कर देते हैं।

नाबालिक युवती का गैंग रेप करने वाला अपराधी हुआ गिरफ्तार

विगत लगभग 1 वर्ष से चल रहा था फरार

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के राधा नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में नाबालिक युवती के साथ दो युवकों ने खेत जाते समय बीच रास्ते में रोक कर दुष्कर्म को अंजाम दिया था लगभग 1 वर्ष पहले घटित हुई घटना सामूहिक दुष्कर्म को लेकर पीड़ित युवती की मां ने नजदीकी थाना राधानगर में लिखित तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई थी वहीं प्रशासन ने संज्ञान में लेते हुए अपहरण करके दुष्कर्म को अंजाम देने वाले एक आरोपी पर कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया था जबकि दूसरा आरोपी फरार हो गया फरार आरोपी मनदीप कुमार की खोजबीन प्रशासन करता रहा जहां लगभग एक वर्ष पश्चात राधानगर थाना क्षेत्र के उपनिरीक्षक ग्रामीण कुमार दुबे की टीम ने युवक को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया

संत श्री गणिनाथ जी पूजनोत्सव हुआ संपन्न

गाजीपुर। जनपद के थाना कोतवाली मोहम्मदाबाद अंतर्गत आज सुबह लगभग 10 बजे संत श्री गणिनाथ जी पूजनोत्सव समारोह के अंतर्गत एक शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के सभी गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ व्यावसायिक वर्ग ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

धूमधाम से हुआ भगवान गजानन का विसर्जन

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जहानाबाद कस्बे के नवयुवक जन जागरण मंच द्वारा राम जानकी धाम राम तलाई मंदिर आयोजित हो रहा 7 दिवसीय श्री गणेश महोत्सव मैं विशाल भाव मूर्ति विसर्जन यात्रा राम जानकी धाम राम तारा मंदिर से थाना मोड, चौक, औरंगाबाद, बाकरगंज, लालूगंज, बाजार किराए से होते हुए रिंद नदी में मूर्ति का विसर्जन हुआ इस मौके पर थाना अध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी, कस्बा इंचार्ज प्रशांत कटियार वह उप निरीक्षक राजेश कुमार यादव व भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा इस मौके पर नवयुवक जन जागरण मंच कमेटी सहित भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे और रास्ते में मटकी फोड़ कर बाबा की विशाल शोभा यात्रा की शोभा बढ़ाई।

विवेकानंद कॉलेज ने विवेक निरंजन जिला महिला वॉलीबॉल कप किया अपने नाम

अमन लेखनी समाचार

झाँसी। विवेक निरंजन खेल अकादमी के तत्वाधान में विवेक स्मृति महोत्सव के अन्तर्गत वॉलीबाल कोर्ट गुलाम गौश खां पार्क में हेमंत परिहार जिलाध्यक्ष भाजपा के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ० संदीप सरावगी समाजसेवी की अध्यक्षता में विवेक निरंजन जिला महिला वॉलीबॉल टूनार्मेंट की शुरूआत हुई। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सदर विधायक रवि शर्मा, विशिष्ट अतिथि राजेंद्र अग्रवाल अध्यक्ष केमिस्ट एसोसिएशन, रामगोपाल निरंजन प्रबंधक विलेज बालिका महाविद्यालय, डॉ प्रताप सिंह एडी हेल्थ आदि रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हेमंत परिहार ने कहा खेलों से बच्चों का मन और मस्तिष्क स्वस्थ रहता है हर व्यक्ति को खेलों से जुड़ना चाहिए। कार्यक्रम अध्यक्ष ने संदीप सरावगी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खेलों को प्रोत्साहन दे रहे हैं। यदि व्यक्ति खाली समय में खेल खेले तो उसके स्वयं के शरीर को भी लाभ होगा। नगर और देश को भी लाभ होगा। सदर विधायक रवि शर्मा ने कहा कि झांसी के नवोदित खिलाड़ियों को हम कैसे स्थान दे पाए उसके लिए विवेक निरंजन खेल अकादमी बखूबी अपना प्रयास निभा रही है और छोटे-छोटे बच्चों को प्लेटफार्म उपलब्ध करा रही है। पहला मैच निर्मला ए और हरिकिशन के मध्य हुआ, जिसने निर्मला कान्वेंट ने 25-12, 25-12 से सीधे सेटों में मैच अपने नाम किया।दूसरा मैच विवेक अकादमी और निर्मला कान्वेंट बी के मध्य हुआ जिसमें विवेक अकादमी ने 25-5, 25-2 से सीधे सेटों में मैच अपने नाम किया। तीसरा मैच विवेकानंद और विवेक निरंजन बी के मध्य हुआ, जिसमें विवेकानंद ने 25-9, 25-13 से सीधे सेटों में मैच अपने नाम किया। चौथा मैच आर्य कन्या और विवेकानंद के मध्य हुआ, जिसमें आर्य कन्या ने 20-25, 19-20 से मैच अपने नाम किया। पांचवा मैच विवेक अकादमी और निर्मला कान्वेंट ए के मध्य हुआ जिसमें विवेक अकादमी में 25-12 , 25-6 से मैच अपना नाम किया। टूनार्मेंट का पहला सेमीफाइनल निर्मला कान्वेंट विवेकानंद एकेडमी के मध्य हुआ जिसमें विवेकानंद ने 25-11, 25-14 से सीधे सेटों में मैच अपने नाम किया। दूसरा सेमी फाइनल विवेक अकादमी और आर्यकन्या के मध्य हुआ जिसमें आर्य कन्या ने 25-22, 25-20 से सीधे सैटों में मैच अपने नाम किया और शान से फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच आर्यकन्या और विवेकानंद के मध्य हुआ जिसमें विवेकानंद ने 25-13, 25-18 से सीधे सेटों आर्य कन्या को हराया और विवेक निरंजन महिला वॉलीबाल टूनार्मेंट अपने नाम किया। इस अवसर पर योगेश शर्मा, गोलू उपाध्याय, राजेंद्र निरंजन, नारायण राजपूत, संतोष भार्गव, सीमा, कंचन, प्रिंस, सारांश, श्रष्टि यादव, सुहानी यादव, सौरभ निरंजन, अभिषेक यादव, इमरान आदि लोग उपस्थित रहे। टूनार्मेंट का आँखो देखा हाल नूरुद्दीन ने सुनाया। विजेता उप विजेता को ट्रॉफी और नगद पुरस्कार 29 सितंबर 2023 को बुंदेलखंड कॉलेज के स्वर्ण जयंती सभागार में 10बजे प्रदान किए जाएंगे। निर्णायक सतीश कंचन, बद्री प्रसाद, राज किशोर, राजकिशोर तिवारी, अशोक यादव, धीरेंद्र यादव, निर्भय प्रताप रहे। टूनार्मेंट का संचालन फाउंडेशन के सचिव रामकिशन निरंजन ने एवं आभार विवेक अकादमी के सचिव राजेश पटेल ने व्यक्त किया।

बिना लाइसेंस, डिग्री के चल रहे अस्पताल, जिम्मेदार मौन

अमन लेखनी समाचार

शुकुल बाजार, अमेठी। जिला प्रशासन द्वारा भले ही संजय गांधी अस्पताल की चिकित्सक के लापरवाही के चलते एक विवाहिता की मौत के मामले के बाद अस्पताल को चीज कर दिया हो वही आज भी शुकुल क्षेत्र में बिना लाइसेंस और डिग्री के चल रहे अस्पतालों की भरमार है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की इन पर ऐसी कृपा है कि दिन ब दिन इनकी संख्या बढ़ती जा रही है। आसपास पीएचसी, सीएचसी में चिकित्सकों का अभाव होने के कारण ग्रामीण मरीज इनकी शरण में जाने को विवश हैं। कई स्थानों पर टिन शेड में अस्पताल का संचालन हो रहा। इनके संचालक ऐसे लोग भी जो किसी अस्पताल में कुछ दिन काम करने के बाद अपना अस्पताल खोल देते हैं। इनके पास न योग्यता रहती न ही अस्पताल का कोई मानक। फिर भी मरीजों को कई दिन तक भर्ती कर लेते हैं, मरीज की स्थिति खराब होने पर उसे रेफर कर देते हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ऐसे लोगों के बारे में सब कुछ जानते हैं लेकिन कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं होता है। परेशान ग्रामीणों ने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से शिकायत कर ऐसे अवैध अस्पतालों पर कारवाई की मांग की है

कार्रवाई के बाद भी बंद नहीं हुए अवैध अस्पताल

नाम बदलकर चलने लगे सील अस्पताल

क्षेत्र के जैनबगंज बाजार में पूर्व में सील किए गए दो अस्पतालों में नाम बदलकर फिर से अवैध संचालन शुरू हो गया है। बीते साल 2020 में सात मई को कस्बा निवासी रवि कुमार अपनी पत्नी प्रीति को प्रसव के लिए जैंनबगंज बाजार स्थित एक निजी अस्पताल में ले गए थे जहां पर चिकित्सकों की लापरवाही के कारण प्रसूता की मौत हो गई थी परिजनों के विरोध के कारण जिले से आई स्वास्थ्य टीम ने अस्पताल को सील करके विधिक कार्यवाही किया था तथा मृतका के पति की तहरीर पर अस्पताल कर्मियों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया गया।और अब उसी भवन में स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के रहमोंकरम पर पुनः अवैध अस्पताल संचालित हो रहा है मृतका के पति ने इसकी शिकायत कई बार उच्चाधिकारियों से किया था। वहीं सीएचसी अधीक्षक सुधीर वर्मा ने कहा कि मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाले क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित अस्पतालों पर शिकंजा कसने में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। यह पुराना मामला है मेरे संज्ञान में नहीं है फिर भी ऐसे अवैध अस्पतालों को चिन्हित करते हुए उच्चाधिकारियों के आदेश मिलते ही मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा ।

डा. अंशुमान सिंह, सीएमओ अमेठी

अनाधिकृत अस्पतालों पर कार्रवाई के लिए कार्यालय में अधिकारी नामित हैं। ऐसे अस्पतालों की जल्द ही सूची तैयार कर बंद कराने व संचालकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इन स्थानों पर चल रहे अस्पताल-

क्षेत्र के कस्बा सहित जैनब गंज, किसनी,महोना ,सत्थिन ,गऊगंज, , ऊचगांव, पांडे गंज, तेंदुआ,नादी, ठाकुरगंज आदि शामिल है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगाया गया आयुष्मान भव: मेला

अमन लेखनी समाचार

गरौठा, झाँसी। गरौठा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान भवः मेला का आयोजन किया गया। जिसमें मेडिकल कॉलेज से विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम की मौजूदगी में मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं उन्हे दवा वितरण के साथ साथ उचित परामर्श दिया गया। इस दौरान डॉक्टर स्वाति वर्मा नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर अंकुश कुमार पटेल नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर संजीव जोशी हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर सुशांत गुप्ता चर्म रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर सृष्टि अग्रवाल महिला रोग विशेषज्ञ, अनुभूति दंत रोग विशेषज्ञ के साथ सहयोगी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ राहुल गुप्ता, अमित राय, सीताराम, अमित सचान, दिनेश सोनी, शिवकांत, कृष्ण गोपाल अग्रवाल, मुनीर खान समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

पैदल कांवरियों का जत्थे को रवाना करने पहुंचे ब्लाक प्रमुख पुत्र

अमन लेखनी समाचार

तिलोई, अमेठी। डलमऊ गंगा घाट से जल भरकर औशाने स्वर महादेव में अनंत चतुर्दशी के अवसर पर जलाभिषेक करने के लिए रविवार सिंहपुर क्षेत्र के दर्जन भर से अधिक गांवों से लगभग 1000 से अधिक कांवड़ियों का जत्था रवाना हुआ।गायन गांव में जत्थे को रवाना करने ब्लाक प्रमुख तिलोई अर्चना सिंह के सुपुत्र अखंड प्रताप सिंह पहुंचे। रविवार शाम टिकरी, गोयन, पेडरिया ,शिवरतनगंज,दतेहरेश्वर महादेव मंदिर पंवारा,सेमरौता, अहोरवा भवानी से कांवरियों के पैदल जत्थे रवाना हुए।यह कांवर यात्री सौ किमी से अधिक की कांवर के साथ जलाभिषेक के लिए बाराबंकी जनपद के हैदरगढ़ के पास गोमती नदी घाट स्थित औशानेश्वर महादेव स्थित शिव लिंग पर अनंत चतुर्दशी बुधवार को जलाभिषेक करेंगे।इस मौके पर गोयन गांव के छत्रपाल मंदिर पर प्रमुख पुत्र को कांवड़ यात्रियों ने अपने बीच पाकर स्वागत किया वहीं प्रमुख पुत्र अखंड सिंह ने शिव भक्तों को पुष्प देकर विदाई दी।इन शिव भक्तों केजत्थे में क्षेत्र के पूरे भुलैया ,टिकरी,महेशपुर, गोयन, पेडरिया, पेंडारा,शिवरतनगंज,रामपुर पंवारा और सेमरौता के कांवड़िया संघ के शिव भक्त जलाभिषेक के लिए रवाना हुए।टिकरी कांवड़िया संघ के पदाधिकारी गंगा प्रसाद संगम ने बताया कि लगभग एक दर्जन कांवड़िया संघों के बैनर पर 1000 से अधिक शिव भक्तों का जत्था रात डलमऊ पहुंचेगा।और सोमवार की सुबह गंगा स्नान के बाद कांवड़ में जल लेकर तीन दिन की सौ किमी से अधिक की पदयात्रा कर 26 सितंबर की रात्रि तक अवशाने श्वर महादेवा पहुंचेंगे जहां 27 सितंबर को अनंत चतुर्दशी को भगवान भोले नाथ को जलाभिषेक करेंगे।

नवनियुक्त अपर निजी सचिव का हुआ सम्मान समारोह

अमन लेखनी समाचार

तिलोई, अमेठी। सिंहपुर क्षेत्र के अहोरवा भवानी की अहोरवा भवानी स्थित पासी समाज की बारादरी में रविवार को स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें सुरेन्द्र कुमार पासी निवासी ग्राम धनखरपुर मजरे पेड़ारा की नियुक्ति अभी हाल ही में अपर निजी सचिव उत्तर प्रदेश सचिवालय लखनऊ के पद पर हुई है।सुरेंद्र कुमार पासी का रविवार समाज के बुद्धिजीवी व्यक्तियों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें प्रदान की।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अंकित पासी रहे। इसके अलावा पासी समाज के बाबूलाल, रामलौटन विक्रम, कृपाशंकर विक्रम, रामनरेश रावत, रामदास रावत, हनोमान प्रसाद, माता बदल, रघुनन्दन, रामहेतु, साहबदीन, पारसनाथ, रामप्रताप, कृष्ण कुमार, मुकेश कुमार, अशोक कुमार, डा.राम लाल, राम सुख विक्रम चेयरमैन बीएमएस कालेज, डा.जयसिंह, साहब सरन, बाबादीन, पवन कुमार डा0मंगल रावत, अनिल, मणिकान्त श्रीवास्तव, कन्हैयालाल, राम सुख, श्याम लाल सेवा निवृत्त कानूनगो, हरिशंकर तिवारी एडवोकेट आदि सैकड़ो क्षेत्र के सम्भ्रान्त लोग मौजूद रहे।

लंगर स्थल पर आरती और पूजा की, लंगर का हुआ वितरण

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। देश देशांतर का भ्रमण कर गुरु नानक देव की शिक्षाओं के बारे में जागरूकता फैलाने वाले उदासीन सम्प्रदाय के संस्थापक जन्म जात योगी साहिब बाबा श्री चन्द जी का प्रकाश पर्व श्रद्धा एवं सद्भाव के वातावरण में मनाया गया। चाणक्य पुरी मुहल्ले में लंगर स्थल पर आरती और पूजा के बाद लंगर का वितरण किया गया। श्री गुरु गोबिंद सिंह जी लंगर आयोजन समिति की ओर से साहिब बाबा श्री चन्द जी के530वें प्रकाश पर्व के अवसर पर प्रकाशित पुस्तिका का विमोचन भी हुआ। साहिब बाबा श्री चन्द जी, दसवें पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चित्रों पर पुष्पार्चन करने के बाद साधना त्रिपाठी, संजीव भारती, सदाशिव पांडेय , सुनील त्रिपाठी आदि सेवादारों ने बाबा श्री चन्द जी और गुरु साहिब की आरती की। आरती के बाद साहिब बाबा श्री चन्द जी के जीवन दर्शन पर संवाद हुआ। सचिव सदाशिव पांडेय ने कहा कि गुरु नानक देव की शिक्षाओं को दुनिया के सभी देशों में पहुंचाने वाले बाबा श्री चन्द जी जन्मजात योगी थे। गुरु नानक देव की शिक्षाओं को लोगों तक पहुंचाने के साथ 150वर्ष तक पृथ्वी पर रहकर उन्होंने लोगों का कल्याण किया। गुरु नानक देव जी की तरह उन्होंने भी सदेह परलोक गमन किया। सेवादार संजीव भारती ने श्री गुरु गोबिंद सिंह जी लंगर आयोजन समिति की ओर से प्रकाशित पुस्तिका का वाचन किया। उन्होंने कहा कि उदासीन सम्प्रदाय के संस्थापक साहिब बाबा श्री चन्द साहब अपने पिता गुरु नानक देव जी के प्रति हमेशा समर्पित रहे और दुनिया का भ्रमण कर लोगों को प्रेम, एकता, समानता, भाईचारा और आध्यात्मिक ज्योति के संदेश दिए।मात्राशास्त्र उनकी प्रसिद्ध कृति है।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews @gmail.com

एक जमाने में अपनी व्यस्तताओं से समय मिलने पर पैसे वाले लोग देश-विदेश में या अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त हो चुके लोग तीर्थस्थलों की यात्रा किया करते थे। लेकिन अब तमाम वजहों से हाल के वर्षों में सैर-सपाटा, लोगों की जीवनशैली में शामिल होता जा रहा है। पर्यटन की बढ़ती लोकप्रियता और इसके तमाम सकारात्मक पहलुओं पर एक नजर।

विशेषः विश्व पर्यटन दिवस, 27 सितंबर

रोमांच-उमंग से भरी घुमक्कड़ी जीवनशैली

कवर स्टोरी / शैलेंद्र सिंह

एक जमाने में जैसे खेलने-कूदने की गतिविधियों को 'खेलोगे, कूदोगे तो होगे बरबाद' जैसे वाक्य से कटाक्ष किया जाता था, वैसे ही ज्यादातर लोग पर्यटन को भी गैरजरूरी या फालतू पैसा खर्च करने वाली चोचलेबाजी समझते थे। बावजूद इसके कि हमारे यहां धार्मिक पर्यटन की परंपरा बहुत प्राचीन काल से है। 11वीं, 12वीं शताब्दी में भी लोग धार्मिक पर्यटन करने जाते थे। हमारे यहां पर्यटन की तीर्थाटन के रूप में समृद्ध परंपरा होते हुए भी हम 20वीं और 21वीं शताब्दी के पहले दशक तक इसे बहुत महत्व नहीं देते थे। लेकिन अब पर्यटन न सिर्फ अनेक देशों की अर्थव्यवस्थाओं का मजबूत आधार बनकर उभरा है, साथ ही यह आधुनिक जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा भी बन चुका है।

पर्यटन में शामिल उद्देश्य

आज जब मिडिल क्लास के लोग आगामी महीनों या साल की लाइफस्टाइल प्लानिंग करते हैं यानी खुशहाल जिंदगी के लिए कुछ कार्यक्रम निर्धारित किए जाते हैं, तो इनमें साल में कम से कम एक या दो बार पर्यटन या सैर-सपाटे को भी अनिवार्य रूप से शामिल किया जाता है। इसलिए आधुनिक पर्यटन अवधारणा को 'लाइफस्टाइल टूरिज्म' कहा जाने लगा है। वैसे भी पर्यटन से जुड़े उत्पाद और सेवाएं पर्यटकों को अधिक से अधिक आनंद दिलाने और ज्यादा से ज्यादा रिलैक्स कराने के लक्ष्य से संचालित होती हैं।

तनाव दूर करने का प्रभावी तरीका

आधुनिक जीवनशैली में पर्यटन की एक बड़ी भूमिका उभरकर सामने आई है, यह है-रोजमर्रा की तनाव भरी जिंदगी में राहत महसूस करना। आज के अधिकांश लाइफस्टाइल मैनेजमेंट गुरु या कहें लाइफकोच लोगों को खुश रहने और तनावमुक्त रहने के लिए पर्यटन की सीख जरूर देते हैं। बड़े-बड़े कॉरपोरेट सेक्टर्स में तो अपने कर्मचारियों को रिलैक्स कराने के लिए, तनाव से राहत दिलाने के लिए, सैलरी के साथ टूर पैकेज की भी व्यवस्था की जाती है और संस्थान अपने कर्मचारियों को हर हाल में घूमने जाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इसके पीछे बड़ी वजह यह मानी जाती है कि साल में एक या दो बार पर्यटन के जरिए खुद को रिलैक्स करने वाला कर्मचारी ऐसे कर्मचारियों से, जो ऐसा नहीं करते, न सिर्फ बेहतर काम करते हैं यानी उनका काम गुणवत्तापूर्ण होता है बल्कि ऐसे कर्मचारी का संस्थान में व्यवहार भी बहुत सुलझा हुआ और प्रोफेशनल होता है। शायद यही वजह है कि मॉडर्न वर्क कल्चर में टूरिज्म को जरूरी हिस्सा माना जाने लगा है।

मिलती है अनेक क्षेत्रों की जानकारी

पर्यटन आज के दौर में इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि यह इतिहास का पहला ऐसा युग है, जहां हमें जीवन में सफलता के लिए ज्यादा से ज्यादा जानकारियों की दरकार होती है। आज जनरल नॉलेज हमारे व्यक्तित्व का जरूरी हिस्सा बन गया है और अपनी प्रोफेशनल लाइफ में सफल होने के लिए तो जनरल नॉलेज बहुत ही जरूरी हो गया है, क्योंकि आज प्रोफेशनल लाइफ का हर कदम जानकारियों से भरपूर होना जरूरी है। जब हम पर्यटन करते हैं तो हमें न सिर्फ उस स्थान की जानकारियां प्राप्त होती हैं, जहां हम घूमने के लिए जाते हैं बल्कि इस दौरान तमाम तरह की गतिविधियों, लोगों और स्थितियों से दो-चार होना होता है। ऐसे में हमें पर्यटन के जरिए पर्याप्त ज्ञान हासिल होता है। यह ऐसा ज्ञान होता है, जो किताबी ज्ञान से कहीं ज्यादा बेहतर, विश्वसनीय और आकर्षक होता है। पुस्तकें चाहे कितनी अच्छी लिखी हों, लेकिन हम जो जानकारी किसी चीज को देखकर हासिल करते हैं, वह जानकारी पढ़कर या सुनकर हासिल नहीं कर सकते। इसलिए आधुनिक जीवनशैली में जिस स्मार्टनेस की लगातार मांग बढ़ रही है, उस स्मार्टनेस को हासिल करने का एक तरीका पर्यटन भी है। इसलिए आज की तारीख में हमें सभ्य और सुशिक्षित बनने का एक भौतिक तरीका पर्यटन भी लगता है।

इसलिए लोगों को लुभाता है

भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में आज इसलिए भी पर्यटन बहुत तेजी से बढ़ रहा है, क्योंकि इससे सभी देशों को आर्थिक और सामाजिक लाभ तो होता ही है, लोगों का व्यक्तित्व संबंधी और सांस्कृतिक लाभ भी होता है। पर्यटन के दौरान हम कई तरह की नई भाषाओं से परिचित होते हैं, नई जानकारियों से परिचित होते हैं, फिर चाहे ये जानकारियां इतिहास से संबंधित हों, भूगोल से संबंधित हों, अर्थशास्त्र से अपना रिश्ता रखती हों या व्यक्तित्व विकास से। लेकिन इन सभी क्षेत्रों में पर्यटन अपनी शानदार और खूबसूरत भूमिका निभाता है। इसीलिए पर्यटन आज महज शौक नहीं रहा, यह हमारी आधुनिक जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। *

आर्थिक प्रगति-रोजगार में सहायक पर्यटन

आज पर्यटन के जरिए बड़े पैमाने पर राजस्व की प्राप्ति भी होती है और उससे किसी देश के विकास और रोजगार में भी बढ़ावा मिलता है। भारतीय पर्यटक तो वैसे भी अंतर्देशीय पर्यटन के लिए जाने जाते हैं। यह अंतर्देशीय पर्यटन में तेजी से आया बढ़ावा ही है कि हाल के वर्षों में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और उत्तर पूर्व के कई प्रांतों के राजस्व में शानदार इजाफा हुआ है, जिससे इन प्रदेशों का तेजी से विकास संभव हुआ है। हिमाचल प्रदेश में तो लोगों की बेहतर आय और आर्थिक स्तर का सबसे बड़ा आधार ही पर्यटन है। अगर राष्ट्रीय स्तर पर देखें तो आज पर्यटन राजस्व देश के सकल घरेलू उत्पाद आधारित अर्थव्यवस्था में करीब 9 से 10 फीसदी जीडीपी में अपनी हिस्सेदारी निभा रहा है। साल 2012 में पूरे देश में पर्यटन के जरिए करीब 40 लाख लोगों को रोजगार मिला हुआ था, आज इनकी तादाद बढ़कर 50 लाख नौकरियों तक पहुंच गई है और अगर पर्यटन के जरिए अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार पाने वालों की बात करें, तब तो यह आंकड़ा 2 करोड़ लोगों के ऊपर पहुंचता है, क्योंकि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर देश के करोड़ों लोगों को पर्यटन ने रोजी रोटी का आधार मुहैय्या कराया है। *

लाइफ को हैप्पी और सक्सेसफुल बनाना बहुत टफ नहीं है। इसके लिए आप अपने बिहेवियर और लाइफस्टाइल में यहां बताई जा रही बातों को शामिल कर सकते हैं।

लाइफ को ऐसे बनाएं हैप्पी-सक्सेसफुल

सेल्फ मोटिवेशन
शिखर चंद जैन

इस दुनिया में शायद ही कोई ऐसा होगा, जो अच्छी, सफल और सुकून भरी जिंदगी न चाहता हो। जाहिर है, आप भी ऐसी जिंदगी चाहते होंगे। यकीन मानिए, ज्यादा कठिन नहीं है अच्छी-खुशहाल जिंदगी जीना। इसके लिए खुद में कुछ छोटे-छोटे लेकिन प्रभावी बदलाव करने होंगे।

भूलें पुरानी-कड़वी यादें : जिंदगी बहुत छोटी है। इसे छोटी-मोटी उलझनों और बीते दौर की कड़वी यादों की चिंता में बर्बाद न करें। जिन चीजों या काम में आनंद मिलता हो, वो कीजिए। अपने आस-पास के लोगों से प्यार कीजिए, उनके साथ अच्छे संबंध बनाइए। हां, इस सिलसिले में किसी के आगे झुकना या दबना नहीं है। अगर आपके साथ किसी ने बुरा व्यवहार किया है तो जितनी जल्दी हो सके उसे और उसके व्यवहार को भूल जाएं। ऐसा आपको उसके लिए नहीं बल्कि अपनी खुशी और शांति के लिए करना चाहिए।

संयम बनाए रखें : अच्छी जिंदगी के लिए संयम रखना भी बहुत जरूरी है। जब भी अकेले रहें तो अपने विचारों के बारे में मंथन करें और जब दस लोगों के बीच में बैठे हों, तो कुछ बोलने से पहले अपने शब्दों पर विचार करें। मुसीबत के वक्त भी कभी हिम्मत और संयम का साथ न छोड़ें, क्योंकि भाग्य भी साहसी लोगों का ही साथ देता है। वैसे भी अच्छा वक्त तभी देखने को मिलता है, जब आप कठोर मेहनत के साथ तमाम अड़चनों को दूर करते हुए सफलता के शिखर पर पहुंचते हैं। कहा भी गया है कि पतझड़ के बिना पेड़ों पर नए पत्ते नहीं आते और संघर्ष के बिना अच्छे दिन नहीं आते। कभी भी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए दूसरों से अपेक्षा न करें। जिंदगी को संवारना 100 फीसदी आपकी ही जिम्मेदारी है।

बनाएं अच्छे-सच्चे दोस्त : अच्छी लाइफ के लिए अपने दोस्तों का चयन सोच-समझकर करें। ऐसे लोगों का भरोसा न करें, जिनके चरित्र और व्यवहार वक्त के साथ बदल जाते हैं। हमेशा उनका भरोसा करें, जिनका व्यवहार आपके साथ हर स्थिति में सपोर्टिव हो और जो वास्तव में आपके वेल विशर हों।

अपनी खुशी का भी ध्यान रखें : दूसरों की खुशी का ध्यान रखना अच्छी बात है लेकिन आपको हर वक्त सिर्फ दूसरों की खुशी के लिए ही अपनी जिंदगी नहीं जीनी चाहिए। माना कि दूसरों को खुश करना भी जिंदगी का एक जरूरी हिस्सा है, लेकिन इसकी शुरुआत हमेशा खुद से ही करें। दूसरे क्या सोचते हैं, अगर आप इसकी हमेशा चिंता करेंगे, तो कभी कुछ नया या ऐसा नहीं कर पाएंगे, जिससे आपको खुशी मिलती है।

दूसरों की ज्यादा परवाह न करें : दूसरों के साथ हमेशा तुलना न करें। बेहतर यह होगा कि अपने आपकी तुलना बीते हुए कल से करें। अगर कोई इंप्रूवमेंट है तो यही आपकी उपलब्धि होगी। अगर आप टोका-टोकी करने वाले और आलोचना करने वाले हर व्यक्ति की परवाह करेंगे, उन्हें सफाई या स्पष्टीकरण देने में अपना वक्त जाया करेंगे, तो आप जिंदगी में कभी अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाएंगे।

समय का महत्व समझें : इस दुनिया में हर किसी को 24 घंटे मिलते हैं। विवेकहीन और आलसी लोग इसे यूं ही बर्बाद करते हैं, जबकि बुद्धिमान और मेहनती लोग समय की कीमत समझते हुए अपने समय के मिनटों और सेकेंडों का भी उपयोग करते हैं। इसलिए इनके पास आलसियों के मात्र 24 घंटे के मुकाबले 1,440 मिनट या 86,400 सेकेंड होते हैं, जिनका वे बेहतर इस्तेमाल करते हुए जिंदगी में रोज कुछ नया करते चले जाते हैं। इसीलिए ये आगे बढ़ते चले जाते हैं और हमेशा खुश रहते हैं।

संतुलित-सकारात्मक रखें नजरिया : आपका दिमाग किसी चुंबक की तरह होता है। आप अच्छी बातों के बारे में सोचते हैं तो यह हर कहीं से सकारात्मक बातें खींच लाता है। जब आप समस्याओं के बारे में सोचते हैं तो यह हर कहीं से नकारात्मक चीजें ढूंढ़ लाता है। इसलिए नजरिए को संतुलित रखें। संतुलित नजरिया बहुत जरूरी है। हर वो चीज जो जिंदगी में जरूरत से ज्यादा या कम होती है, परेशानी का कारण बन सकती है। *



रिश्ते की समाधि

जिस रिश्ते के सुख के लिए लोग अपने सुख को भूल जाते हैं, अपना जीवन अर्पित कर देते हैं, वही रिश्ता जीवन की अंतिम बेला में मुंह फेरे रहे, इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है? इसी विडंबना पर केंद्रित दिल को छलनी करने वाली कहानी।

कहानी
कृष्ण मनु

घनश्याम बाबू के कार्यालय कक्ष में प्रवेश करते ही बातचीत करते लोग चुप हो गए। सबके मस्तिष्क में एक ही जिज्ञासा थी- क्या होता जा रहा है घनश्याम बाबू को?

बड़े हॉल के एक कोने को प्लाईवुड का पार्टीशन देकर प्रशाखा पदाधिकारी के लिए एक कमरा बना दिया गया था। पिछले एक साल से घनश्याम बाबू यहीं कुर्सी पर विराजमान थे। प्रमोशन पाने के बाद प्रशाखा पदाधिकारी की कुर्सी उन्हें मिली थी।

दोहरी कद-काठी। छह फीट से निकलती ऊंचाई। चौड़े चेहरे पर नुकीली मूंछ। बड़ी-बड़ी आंखों में दिखते लाल डोरे। पहनावा लंबा कुर्ता और सफेद धोती। कुल मिलाकर भव्य व्यक्तित्व। लेकिन स्वभाव उतना ही कोमल। भोजपुरी टोन में हिंदी बोलकर ठहाका लगाना उनकी विशिष्ट आदत थी। लेकिन साल बीतते-बीतते शरीर का इस तरह गल जाना सहकर्मियों के लिए उदासी के साथ कौतूहल का सबब बन गया था। सहकर्मियों पर एक नजर डालकर घनश्याम बाबू केबिन में घुस गए। कार्यालय में बिखरी फाइलों को देखकर उसांस ली फिर सामने पड़ी फाइल पर साइन करने लगे। साइन करने के बाद केबिन से बाहर आए फिर सब पर एक नजर डालकर बाहर निकल गए।

'घनश्याम बाबू गए। दिनभर की छुट्टी। आज विभागीय बैठक है न।' किसी ने कहा।

रुकी हुई बातचीत फिर चालू हो गई। बातचीत के केंद्र में घनश्याम बाबू ही थे। उनका गिरता हुआ स्वास्थ्य सहकर्मियों के बीच चिंता का कारण बन गया था। फिर भी घनश्याम बाबू लापरवाह थे। इलाज नहीं करवा रहे थे। उनके अधीनस्थ क्लर्कों की शिकायत थी कि वे किसी डॉक्टर को दिखवा क्यों नहीं रहे हैं? कई बार उनके शुभचिंतकों ने उन्हें टोका भी पर वे सुनकर मुस्कुरा दिया करते थे। उनके जाने के बाद वे सोचते रहते- अगर डॉक्टर को दिखाते हैं तो कई गंभीर रोग निकल आएंगे, जिनसे उलझ कर वे अपना लक्ष्य पूरा नहीं कर पाएंगे। इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे एकलौते बेटे के सामने वह किसी तरह की चिंता उपस्थित नहीं करना चाहते थे। यह उसका अंतिम वर्ष था। फाइनल परीक्षा चल रही थी उसकी। ऐसे नाजुक समय में वह किसी प्रकार का व्यवधान खड़ा करना नहीं चाहते थे। पहले बेटा फाइनल परीक्षा सकुशल दे ले फिर इलाज भी करवा लेंगे। यही सोचने में समय बीतता गया। बीमारी बढ़ती गई। फिर भी किसी तरह ऑफिस आ रहे थे, अपना जीवन जिए जा रहे थे।

जब बेटा हाई स्कूल अच्छे नंबरों से पास हो गया था तो उन्होंने दिल्ली के एक अच्छे कॉलेज में उसका दाखिला करवा दिया था। ठीक उसी वर्ष कुछ दिनों से बीमार चल रही पत्नी भी साथ छोड़ गई। वह बिल्कुल अकेले हो गए। खेलावन का सहारा नहीं होता तो वह टूट कर बिखर गए होते। खेलावन को गांव से लाकर उन्होंने कोशिश पैरवी करके फोर्थ ग्रेड की नौकरी लगवा दी थी। तब से वह परिवार का सदस्य बनकर रह रहा था।

उस दिन जब घनश्याम बाबू बाथरूम में बेहोश होकर गिर गए तो खेलावन डॉक्टर से दिखाने के लिए जिद पर अड़ गया। बड़ी मुश्किल से 'दिखा लेंगे' का आश्वासन मिलने पर वह माना था। बिछावन पर आराम कर रहे घनश्याम बाबू दिन गिन रहे थे। यही सोचते-सोचते आंख लग गई उनकी। वह सो गए।

'पिता जी, परीक्षा समाप्त हो गई। दो दिनों बाद की टिकट मिली है राजधानी में। मैं आ रहा हूं।' बेटे के आने की खबर पाकर घनश्याम बाबू के बीमार शरीर में जवानों-सा जोश भर गया। आंखें भीग गईं उनकी। कार्यालय में आज घनश्याम बाबू का उत्साह सब ने देखा। उनके चाहने वालों में आशा का संचार हुआ कि घनश्याम बाबू के स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। लेकिन उनकी आशा अधिक देर तक टिक नहीं सकी। दोपहर होते-होते घनश्याम बाबू को चक्कर आया और कुर्सी पर ही बेहोश हो गए। खेलावन भी दौड़ा आया। स्थानीय हॉस्पिटल में घनश्याम बाबू को दिखाया गया। उनकी हालत देखकर उन्हें बड़े हॉस्पिटल में भेज दिया गया। कई टेस्ट हुए। उनकी दोनों किडनी जवाब दे चुकी थीं।

खेलावन जी जान से तिमारी में लगा हुआ था। डॉक्टर ने खून की कमी बताई। तत्काल एक खास ग्रुप के खून की जरूरत थी। खेलावन का खून मैच नहीं किया। हॉस्पिटल में भी खून नहीं था। दूसरे दिन घनश्याम बाबू का बेटा भी आ गया। शिशिर के आने पर खेलावन ने राहत महसूस की। शिशिर का ब्लड ग्रुप अपने पिता से मैच करता था। खेलावन भागकर डॉक्टर के पास गया। खबर दी। उसने कहा, 'डॉक्टर साहब, खून का इंतजाम हो गया है, मरीज के बेटे का खून मैच करता है।'

डॉक्टर बोले, 'कहां है वह? जल्दी बुलाओ। ऑलरेडी बहुत देर ही चुकी है।'

खेलावन भागकर बाहर आया। बाहर कोई नहीं था। वह पागल की तरह भागकर हॉस्पिटल परिसर में शिशिर को खोजता रहा, आवाज लगाता रहा लेकिन वह कहीं दिखाई नहीं दिया। हताश होकर खेलावन जब वापस आया तो घनश्याम बाबू हमेशा के लिए विदा ले चुके थे।

लाश बाहर रखी थी। उसकी आंखें सावन-भादो बन चुकी थीं। उसे महसूस हुआ जैसे बाप का साया उसके सिर से छिन गया हो। किसी तरह उसने खुद को संभाला। अभी रोने-धोने का वक्त नहीं था। पार्थिव शरीर को ले जाने का प्रबंध उसे ही करना था। उसने अपने साथियों और घनश्याम बाबू के सहयोगियों को खबर कर दी। वह एक बेंच पर बैठकर इंतजार करने लगा। शिशिर बाबू अभी तक गायब थे। वह खून के इस रिश्ते को समझने की कोशिश करने लगा।

दो-चार लोग इकट्ठा हो गए। एंबुलेंस भी ठीक कर लिया गया। पार्थिव शरीर को एंबुलेंस पर चढ़ाने की तैयारी की जा रही थी कि शिशिर आता हुआ दिख गया। खेलावन के तन-बदन में आग लग गई। वह बहुत कुछ कहना चाह रहा था लेकिन कह नहीं पाया। जबान को सी लिया था उसने।

जिस रिश्ते की खातिर घनश्याम बाबू ने जीवन की आहुति दे डाली, उस रिश्ते की चादर का तार-तार उघड़ चुका था। क्या बोलता वह! लेकिन बोलने वाले चुप थोड़े ही रहते हैं। एक ने बोल ही दिया- 'शिशिर बाबू, कहां चले गए थे आप? खून न सही अंतिम घड़ी पिता जी के मुंह में पानी तो दे देते।' शिशिर की आंखें फर्श में गड़ी रह गईं। वह सिर उठाता भी कैसे? किस मुंह से कहता कि वह पिताजी के लिए खून का इंतजाम करने गया था। कई वर्षों बाद एक रोज खेलावन से भेंट हो गई। वह रिटायर हो चुका था। उसी से मालूम हुआ। शिशिर को विभाग में पिता की जगह अनुकंपा पर नियुक्ति मिल गई थी। वह अपने बीवी बच्चों के साथ आराम से रह रहा था। मरते-मरते घनश्याम बाबू बेटे के लिए सुख-सुविधाओं का प्रबंध कर गए थे। *

जुलाई से शुरू होगी नीट यूजी की काउंसलिंग, एडमिशन से पहले इनसे रहें सतर्क

इस साल नीट की परीक्षा 20 लाख 38 हजार छात्रों ने दी है। जिनमें से कुल 11 लाख 45 हजार छात्रों ने नीट क्वालिफाई किया है। वहीं मध्यप्रदेश से 1,02,161 छात्र इस परीक्षा में बैठे थे और 49, 924 छात्रों ने इसे क्वालिफाई किया है। अब यदि इन छात्रों की काउंसलिंग अच्छी हुई तो इनकी च्वॉइस के अनुसार कॉलेज मिलने की संभावना है। बता दें कि साल 2022 में 55,561 छात्रों ने नीट की परीक्षा दी थी। इनमें में साल 2022 में महज 27,134 बच्चे क्वालिफाई हुए थे। उस तरह से इस साल क्वालिफाई छात्रों की संख्या ज्यादा है।

काउंसलिंग के द्वारा एडमिशन

सरकारी और प्राइवेट दोनों ही मेडिकल कॉलेजों में काउंसलिंग के माध्यम से एडमिशन लिया जाएगा। यदि कोई बिना काउंसलिंग के एडमिशन दिलवाने का दावा करता है, तो स्टूडेंट्स को ऐसे झांसे में आने से बचना चाहिए। बता दें कि काउंसलिंग के दो राउंड्स होते हैं। सबसे पहले छात्रों को ऑल इंडिया काउंसलिंग के लिए अप्लाई करना होता है। वहीं पहले राउंड में जो सीटें खाली रह जाती है, उनके लिए दूसरी लिस्ट निकलती है।

बता दें कि ऑल इंडिया फर्स्ट राउंड के बाद स्टेट का फर्स्ट राउंड होता है। इसी तरह से सेकेंड राउंड भी होता है। जिन छात्रों को फर्स्ट राउंड में अच्छा कॉलेज नहीं मिल पाता है। वह अपग्रेडेशन के लिए सेकेंड राउंड में अप्लाई कर सकते हैं।

सरकारी कॉलेज- 60 हजार सीटें
प्राइवेट कॉलेज- 60 हजार सीटें
टोटल सीट- 1 लाख 20 हजार

इसके अलावा स्टेट कॉलेजों की 100 सीटों में 85 सीटें राज्य के लिए और बाकी बची 15 सीटें ऑल इंडिया कोटे की होती हैं। दोनों के काउंसलिंग की प्रक्रिया अलग-अलग है।

विदेश में मेडिकल पढ़ाई

कुछ एजेंट छात्रों को विदेश में एमबीबीएस की पढ़ाई का झांसा देते हैं। ऐसे में छात्रों को इन एजेंट से बचकर रहना चाहिए। क्योंकि विदेश से मेडिकल की पढ़ाई करके वापस देश आने के बाद प्रैक्टिकल में ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। इसके साथ ही कम से कम में फीस 20-25 लाख सालाना होने के साथ पूरी पढ़ाई के लिए 1 करोड़ तक का खर्च आता है। वहीं देश में वापस आने पर पीजी में एडमिशन लेने में परेशानी होती है। इसके अलावा प्रैक्टिस के लिए भी स्क्रीनिंग टेस्ट पास करने के बाद लाइसेंस मिलता है। साथ ही रूस और ईस्टर्न यूरोपियन देशों कजाकिस्तान, यूक्रेन में तो और भी ज्यादा संकट है।

जुलाई में होगी नीट काउंसलिंग

मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन लेने के लिए नीट यूजी की काउंसलिंग जुलाई में होगी। जिसके लिए आपको ऑफिशियल वेबसाइट्.ल्ल्.ल्ल पर रजिस्ट्रेशन करना होगा। इसकी काउंसलिंग दो लेवल पर की जाएगी। इससे ऑल इंडिया कोटा की 15 फीसदी सीटों, डीम्ड विश्वविद्यालयों और एएफएमसी की सीटों में दाखिला मिलेगा।

जानिए क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स

सरकारी संस्थानों में जहां शुल्क कम है, तो वहीं प्राइवेट कॉलेजों में फीस ज्यादा है। वहीं कई स्टूडेंट्स अगले साल नंबर लाने की उम्मीद में और सरकारी कॉलेज के लिए अपनी सीट छोड़ दें। या फिर छात्र प्राइवेट कॉलेज के झांसे में आ जाते हैं। ऐसे में धोखाधड़ी से बचने के लिए नीट गाइडलाइन का पालन करना जरूरी है। अगर आपको नीट में दो प्रयासों के बारे बाद भी सरकारी कॉलेज नहीं मिल रही या रैंक नहीं मिल रही। तो आगे साल ड्राप करने का कोई फायदा नहीं है। इसके अलावा नीट यूजी 2023 के एग्जाम में टठउ ने आयुसीमा और टाई ब्रेकिंग नियमों में बदलाव किए गए हैं। छात्रों की उम्र 31 जनवरी को या उससे पहले 17 साल की होनी चाहिए।